डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
बुधवार
30.11.2022
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 07
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-29 अंक-46 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

इंसान कभी हार नहीं सकता यदि वह अपने अहंकार और क्रोध को मार दे तो..!

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास व रोजगार को बढ़ावा देने के प्रति संजीदा सरकार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य सौर नीति 2022 के तहत एक हजार गांवों को सोलराइज करने के लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिये प्रथम चरण में 2023 तक झारखंड के 200 गांवों को सोलराइज करने को दिशा में सरकार ने कदम आगे बढ़ा दिया है ताकि गांवों को सोलराइज करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास को बढ़ावा, बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता और गुणवत्ता में सुधार, ग्रामीण आय को बढ़ाना, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सौर को एकीकृत करके रोजगार का अवसर प्रदान किया जा सके। इस कड़ी में गिरिडीह को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां घरेलू उपभोक्ता के लिए कुल 17 मेगावाट एवं वाणिज्यिक सेक्टर के लिए पांच मेगावाट का रूफटॉप पॉवर प्लांट, एक मेगावाट सोलर स्ट्रीट लाइट एवं ग्राउंड माउंटेड सोलर पॉवर प्लांट 18 मेगावाट का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम चरण में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पांच मेगावाट रूफटॉप लगाने की कार्यवाही चल रही है।



### कम्युनिटी बेस्ड सौर प्रतिष्ठानों के माध्यम से गांवों को बिजली

**सौर** नीति के तहत सरकार ग्रामीण क्षेत्रों और ग्रामीणों को सशक्त करना चाहती है। इसके लिये सभी अड़चनों को दूर करने का कार्य किया जायेगा। जिससे स्वास्थ्य केंद्रों, स्कूलों, पुलिस स्टेशनों जैसी संस्थागत केंद्रों को सौर ऊर्जा से बिजली उपलब्ध करायी जा सके। साथ ही ग्रामीणों द्वारा उपयोग किये जानेवाले दुकानों एवं कृषि कार्य में सौर ऊर्जा का उपयोग हो सके। सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित एमएसएमई को सशक्त करना भी है।

**यह भी मिला है निर्देश :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के प्रत्येक जिले में चयन मानदंडों के आधार पर सौर गांवों में तब्दील किये जानेवाले गांवों की प्राथमिकता सूची की पहचान, चिन्हित गांवों की सूची उपायुक्तों के साथ साझा करने, गांवों में आजीविका को लेकर सौर ऊर्जा के नये प्रयोगों को लागू करने की संभावनाओं या क्षमता का आकलन करने, सामुदायिक सौर प्रतिष्ठानों के लिए उपयुक्त सरकारी और निजी भूमिवाले गांवों में भूमि बैंकों की पहचान कर नक्शा बनाने और गांवों की मांग को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित का निर्देश दिया है। किसानों को ध्यान में रखते हुए माइनर इरिगेशन में भी सौर ऊर्जा के उपयोग पर ध्यान देने का निर्देश मिला है।

### रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान

**नीति** के तहत बिजली की अधिक खपत वाले गांवों को प्राथमिकता देने का कार्य किया जायेगा। मध्यम आकार के गांवों या अधिक छोटे समूहों की पहचान करने का निर्देश सरकार ने दिया है। साथ ही, गांव में कृषि उद्योग के अतिरिक्त नौकरी के अवसर सृजित करने पर अधिक जोर दिया जायेगा।

## रिम्स निदेशक काम नहीं करना चाहते हैं तो इस्तीफा दें : हाईकोर्ट

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) के निदेशक की कार्यशैली पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। रिम्स की बदहाली और नियमों के विपरीत आउटसोर्सिंग के जरिये कर्मियों की नियुक्ति के मामले में दायर जनहित याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने मौखिक तौर पर कहा कि ऐसा लगता है कि रिम्स निदेशक काम नहीं करना चाहते हैं। वे रांची की बजाय दिल्ली या विदेश में ज्यादा समय बिताना चाहते हैं। ऐसे में उन्हें रिजाइन कर देना चाहिए। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ. रवि रंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच में हुई सुनवाई के दौरान राज्य के स्वास्थ्य सचिव अरुण कुमार सिंह कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने मौखिक तौर पर कहा कि रिम्स में स्वीकृत पदों पर नियमित नियुक्ति करने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया था। उसके बाद भी आउटसोर्सिंग पर नियुक्ति क्यों की गयी? रिम्स ने इस संबंध में राज्य सरकार से मार्गदर्शन क्यों मांगा, जबकि स्वीकृत पदों पर स्थायी नियुक्ति का कोर्ट का आदेश था। इस मामले में रिम्स निदेशक पर अवमानना का मामला चलाया जायेगा। खंडपीठ ने कहा कि सरकार की ओर से रिम्स में आउटसोर्सिंग के आधार पर नियुक्ति के लिए सरकार की ओर से संकल्प जारी करना सही निर्णय नहीं था, क्योंकि इससे संबंधित मामला अभी कोर्ट में चल रहा है। खंडपीठ ने पूछा कि कि रिम्स में चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति के विज्ञापन में यह कैसे लिखा है कि झारखंड के नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं? नागरिक देश का होता है, राज्य का नहीं। कोर्ट ने कहा कि हालांकि बाद में सरकार ने नये विज्ञापन में इसमें संशोधन कर दिया। लेकिन इससे कई उम्मीदवार वंचित हो गये और उनकी उम्र सीमा बीत गयी। सुनवाई के दौरान रिम्स ने भी माना कि विज्ञापन में गलती हुई है। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई छह दिसम्बर को निर्धारित की है।

## न्यूज गैलरी

### पदाधिकारियों की टीम ने बड़ा तालाब स्थित स्वामी विवेकानन्द मूर्ति स्थल का किया निरीक्षण

**रांची।** झारखंड में निदेशक खेलकूद एव युवा कार्य निदेशालय के निर्देश पर पदाधिकारियों की एक टीम ने रांची बड़ा तालाब स्थित स्वामी विवेकानन्द मूर्ति स्थल का निरीक्षण युवा दिवस की तैयारी को लेकर किया गया। निरीक्षण टीम में देवशंकर दास अवर सचिव खेलकूद एवम युवा कार्य निदेशालय, संजीत कुमार जिला खेल पदाधिकारी रांची तथा एजाज आलम कनीय अभियंता झारखंड खेल प्राधिकरण शामिल थे। वहीं, निरीक्षण टीम द्वारा मूर्ति स्थल के निरीक्षणों उपरांत आवश्यक मरम्मती, रंग-रोगन, साफ-सफाई के लिए फोटोग्राफ एवं वीडियो क्लिप सहित प्रतिवेदन सरोजनी लकड़ा निदेशक खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय को सौंप दिया है।

### भारत अपने डेटा उपयोग के बारे में पहले से कहीं अधिक जागरूक : जयशंकर



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि देश अब इस बात को लेकर ज्यादा जागरूक है कि उसके डेटा को कहां और कौन प्रोसेस करता है। 7वें वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन में बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत का उदय इसकी तकनीकी प्रगति से जुड़ा हुआ है। उन्होंने समकालीन विश्व व्यवस्था में विशेष रूप से वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य में प्रौद्योगिकी के महत्व को भी रेखांकित किया। मंत्री ने आगे कहा कि प्रौद्योगिकी और वैश्वीकरण अनिवार्य रूप से राजनीति विज्ञान के मुद्दे हैं और इसे केवल आर्थिक मुद्दों के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। जयशंकर ने डेटा को नया ऑयल बताते हुए कहा कि तकनीक तेजी से राजनीतिक आयाम ग्रहण कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया यह दिखावा नहीं कर सकती कि तकनीक में कुछ तटस्थ है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी अर्थशास्त्र या किसी अन्य गतिविधि की तुलना में अधिक तटस्थ नहीं है।

### निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं देने के मामले में मुख्य सचिव को नोटिस

**रांची।** सर्वोच्च न्यायालय ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को अवमाननावाद का नोटिस जारी किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह नोटिस गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में दायर की गयी अवमाननावाद याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अमित कुमार ने पक्ष रखा। मालूम हो कि गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सर्वोच्च न्यायालय में झारखंड सरकार के खिलाफ अवमाननावाद याचिका दायर की है। उन्होंने यह अवमाननावाद याचिका झारखंड में बिना ओबीसी आरक्षण के नगर निकाय चुनाव कराने के विरुद्ध दायर किया है। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने अपनी याचिका में कहा था कि राज्य सरकार ने पंचायत चुनाव के पहले सर्वोच्च न्यायालय में जो शपथ-पत्र दायर किया था उसका पालन नहीं किया। सरकार ने उक्त शपथ-पत्र के विरुद्ध बिना ओबीसी के आरक्षण का निकाय चुनाव कराने का निर्णय ले लिया। इस क्रम में उल्लेखनीय है कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पंचायत चुनाव से पूर्व सर्वोच्च न्यायालय में ओबीसी आरक्षण लागू करने के संबंध में एक याचिका दायर की थी, तब झारखंड सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय को बताया गया था कि ओबीसी आरक्षण से संबंधित ट्रिपल टेस्ट प्रक्रियाधीन है और झारखंड सरकार भविष्य में होनेवाले चुनाव में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को पूरा कर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में दिये गये निर्देश का अनुपालन करने हेतु कटिबद्ध है।

## शराब के ठेके में बड़ा घोटाला राजस्व को 600 करोड़ का नुकसान

### बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने उत्पाद विभाग में शराब टेंडर को लेकर घोटाले का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि राज्य में सरकार के टेंडर में गड़बड़ी की वजह से 600 करोड़ से अधिक के राजस्व का नुकसान हुआ है। बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र भी लिखा है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि झारखंड में छत्तीसगढ़ से घोटाला करने के लिए ही लायी गयी शराब नीति और छत्तीसगढ़ी कंपनियों का प्रकोप अब सामने आ गया है। चेहरा बचाने के लिए उत्पाद विभाग ने ठेके से पहले ही चुन कर रखे गये पसंदीदा कंपनी जिन कंपनियों पर टार्गेट पूरा नहीं करने के लिए जुर्माना लगाया है, उनमें तीन ने उच्च न्यायालय में सरकार पर मुकदमा कर दिया है। बाबूलाल ने कहा कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### अफसरों पर कार्रवाई करें मुख्यमंत्री

बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नसीहत देते हुए कहा है कि इससे पहले की आप इस शराब घोटाले के मामले में भी फंसकर एक और घोटाले का रिकॉर्ड अपने नाम कर लें, जागिये और बिना देरी किये उन अफसरों पर कठोर कारवाई करिये, जिन्होंने दिल्ली की तर्ज पर शराब घोटाले में आपकी गर्दन फंसाने का पक्का इंतजाम कर दिया है।

## जेएमएम नेता संजीव को अपराधियों ने दी धमकी

### एसपी के आदेश पर शहर थाना की पुलिस ने अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सोमवार की रात 9:30 बजे गंगा हॉस्पिटल में कुख्यात अपराधी अमन साहू के नाम पर दो अपराधियों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रदेश स्तर के नेता संजीव तिवारी को धमकी दी है। वहीं इस घटना के बाद इस घटना की जानकारी पलामू एसपी चंदन सिन्हा को दी गयी। घटना की जानकारी मिलते ही रात में ही पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर दोनों अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जोर-शोर से छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान एक युवक विपुल पांडेय को हाउसिंग कॉलोनी से और दूसरे अपराधी धीरज शर्मा को बाईपास रोड से गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए थाना लाया गया। पूछताछ के क्रम में अपराधियों ने अपना जुर्म कबूल की है। पूछताछ के बाद दोनों अपराधियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। वहीं जेएमएम नेता संजीव तिवारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 9:35 बजे दो युवक बाइक पर सवार होकर उनके रेड़मा स्थित गंगा हॉस्पिटल पहुंचे और मुख्य गेट पर अपराधी संजीव तिवारी के चालक से संजीव तिवारी के बारे में पूछने लगे। अपराधियों ने उनसे मिलने के लिए कहा तो चालक द्वारा मना किया गया। इस पर अपराधियों ने चालक के साथ धक्का-मुक्की करने लगे। सीसीटीवी में फुटेज देखकर झामुमो नेता जब बाहर निकले तो उन्हें देखकर दोनों युवकों ने स्वयं को अमन साहू गैंग का बताया और जान से मारने की धमकी दी। झामुमो नेता ने तत्काल इसकी सूचना शहर थाना पुलिस को दी। जिसके बाद से पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। झामुमो नेता ने पुलिस प्रशासन से जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। जिला के एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि सूचना मिलने के तत्काल बाद दो लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है। अमन साहू के नाम पर धमकी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## न्यायिक हिरासत में भी पंकज मिश्रा बड़े अफसरों व पुलिस पदाधिकारियों से करते थे बात

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधायक प्रतिनिधि अपने राजनीतिक प्रभाव व संरक्षण का इस्तेमाल न्यायिक हिरासत में होने के बाद भी कर रहे थे। पंकज मिश्रा के द्वारा 27 जुलाई से 20 अक्टूबर 2022 के बीच 300 से अधिक फोन कॉल किये गये। अधिकांश फोन कॉल राज्य के बड़े नौकरशाहों व पुलिस पदाधिकारियों को किया गया। वहीं, चौकानें वाली बात यह भी है कि रिम्स में पंकज मिश्रा की पहरेदारी पर लगे पुलिसकर्मियों के मोबाइल से भी बातचीत की गयी थी। पूरे मामले में ईडी ने यह तथ्य रांची के पीएमएलए कोर्ट में रखा है। ईडी ने कोर्ट को बताया है कि पंकज मिश्रा अपने पद का प्रभाव करते हुए अपने सहयोगियों व पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया करते थे। ईडी ने इस मामले में चार मोबाइल फोन जब्त करने की जानकारी कोर्ट को दी है।

### 27 जुलाई से 20 अक्टूबर के बीच 300 से अधिक फोन कॉल किये

### प्रभावी व उच्च पदों पर आसीन लोगों को किया कॉल

ईडी ने कोर्ट को बताया है कि 27 जुलाई से 20 अक्टूबर की सुबह तक पंकज मिश्रा ने राज्य के कई प्रभावी व उच्च पद पर आसीन लोगों से बातचीत की। साथ ही कोर्ट को यह बताया गया है कि राज्य की वर्तमान सरकार के द्वारा भी पंकज मिश्रा को संरक्षण प्राप्त है।

**दो सहयोगियों से होनी है पूछताछ :** पंकज मिश्रा के द्वारा न्यायिक हिरासत में होने के बावजूद मोबाइल फोन के इस्तेमाल के मामले में 20 अक्टूबर को ईडी ने सूरज पंडित व चंदन यादव को पकड़ा था। इस मामले में नये सिरे से दोनों का बयान दर्ज कराया जायेगा। ईडी सूरज पंडित को छह दिसम्बर जबकि चंदन यादव को सात दिसम्बर को पूछताछ के लिए समन किया है।

## व्यवसायियों को डर

## रुपये के डिजिटलीकरण से ब्याज पर उधार लेकर धंधा करनेवालों को होगा नुकसान

\- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने एक दिसम्बर से खुदरा केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा शुरू करने की घोषणा की है। डिजिटल रुपया एक डिजिटल टोकन के रूप में होगा जो लीगल टेंडर होगा। इस पायलट प्रोजेक्ट के लिए कुल आठ बैंकों की पहचान की गयी है इसके पहले चरण में कुल चार बैंक शामिल होंगे इनमे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शामिल हैं। डिजिटल रुपया जैसे कागजी नोट जारी किये जाते थे, वैसे ही जारी किये जायेंगे। यह बैंकों के माध्यम से वितरित किया जायेगा। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि उपयोगकर्ता संग्रहीत डिजिटल वॉलेट के माध्यम से डिजिटल रुपये के साथ लेन-देन करने में सक्षम होंगे। लेकिन लोगों को डर है कि नोट को डिजिटल करके, ब्याज पर उधार लेकर धंधा करनेवालों को नुकसान होगा। इस बारे में कई व्यवसायियों का आपसी बातचीत में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

- एक दिसम्बर से मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु व भुवनेश्वर में शुरू होगा डिजिटल रुपया
- पहले चरण में एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में शुरू होगा
- दूसरे चरण में बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक में होगा

### सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने कहा-

## कोविड वैक्सीन से होनेवाली मौतों के लिए हर्जाना देने को बाध्य नहीं

\- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में अपने हलफनामे में कहा है कि कोविड वैक्सीन से होनेवाली मौतों के लिए उसे जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। केंद्र का जवाब उस याचिका पर था जिसमें वैक्सीन लेने के बाद दो लड़कियों की मौत हो गयी थी। केंद्र ने अपने जवाब में कहा कि वैक्सीनेशन प्रोग्राम के तहत लगाये जा रहे टीके थर्ड पार्टी ने तैयार किये हैं। हमारे अलावा दूसरे देशों ने भी इसका रेगुलेटरी रिव्यू किया है। सरकार का कहना था कि एक-दो मौतों के लिए उसे जिम्मेदार ठहराना कानूनी तौर पर जायज नहीं है। ऐसा कोई दस्तावेज नहीं है जो ये साबित करे कि इस तरह की मौतों के लिए वो जिम्मेदार है। स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय ने हलफनामे में कहा कि वैक्सीन लेने की कोई कानूनी बाध्यता नहीं है। कोई भी इसे अपनी इच्छा से ही लेता है। केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में यह बात कही है, लेकिन यह भी सच है कि कोविड के समय कई सरकारी कार्यालयों व यात्रा वाले जगहों पर जाने के लिए कोरोना टीका सर्टिफिकेट अनिवार्य कर दिया गया था।

## डब्ल्यूएचओ ने किया ऐलान, अब 'एमपॉक्स' के नाम से जाना जायेगा मंकीपॉक्स

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** मंकीपॉक्स बीमारी को अब 'एमपॉक्स' के नाम से जाना जायेगा, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने यह ऐलान किया है। दुनिया भर के विशेषज्ञों के साथ विमर्श कर डब्ल्यूएचओ ने मंकीपॉक्स का नाम बदला है। दरअसल, डब्ल्यूएचओ को शिकायतें मिली थीं, जिसमें मंकीपॉक्स नाम का इस्तेमाल आपत्तिजनक और नस्लवादी टिप्पणियों के लिए किया जा रहा था। इसके बाद इसके नाम को बदलने पर विचार किया गया। फिलहाल मंकीपॉक्स और एमपॉक्स दोनों ही नाम का इस्तेमाल होगा, लेकिन अगले एक साल में मंकीपॉक्स नाम को पूरी तरह हटा दिया जायेगा।



**इसलिए दिया था मंकीपॉक्स नाम :** मंकीपॉक्स को इसका नाम इसलिए मिला क्योंकि इस बीमारी से जुड़े वायरस की पहचान सबसे पहले 1958 में डेनमार्क में शोध के लिए रखे गये बंदरों में हुई थी। हालांकि, यह बीमारी कई जानवरों में पायी जाती है और चूहों आदि जैसे रोडेन्ट्स जानवरों में खूब मिलती है। इस साल की शुरुआत में कई देशों में इस बीमारी से बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए थे। यह वायरस पशुओं से फैलना शुरू हुआ और इंसानों में बहुत तेजी से फैला। 1970 में डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में पहली बार मनुष्यों में इस बीमारी के लक्षण नजर आये थे। इसके बाद से इसका प्रचार मनुष्यों में मुख्य रूप से कुछ पश्चिम और मध्य अफ्रीकी देशों तक सीमित रहा। हालांकि, इस साल इसके केस भारत सहित कई देशों में भी मिले। इस साल 110 देशों से लगभग 81,107 पुष्ट मामले मंकीपॉक्स के मिले। डब्ल्यूएचओ के अनुसार 55 लोगों की मौत भी दुनियाभर में इस साल मॉकीपॉक्स से हुई।

### लक्षण

- मंकीपॉक्स चेचक की तरह होता है।
- इससे संक्रमण के 7 से 10 दिन में व्यक्ति में लक्षण दिखने लगते हैं।
- इसमें लक्षण को तौर पर संक्रमित व्यक्ति को बुखार महसूस होता है।
- शरीर में दर्द और थकान भी महसूस हो सकती है। यह पहला चरण है।
- संक्रमण के दूसरे चरण में त्वचा पर कहीं-कहीं गांठ दिखने लगती हैं और चकते आ जाते हैं और फिर यही चकत्ते बड़े दानों में बदल जाते हैं।

# न्यूज गैलरी

## महिला डब्बा में सफर करने वाले चार यात्रियों को पकड़ा

**हुसैनाबाद।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल मण्डल के निर्देश पर जपला रेलवे स्टेशन पर आर पी एफ प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन एवं एसआई निशांत कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को महिला डब्बा में सफर करने वाले यात्रियों का विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें गाड़ी संख्या 03364 में चार व्यक्तियों को आवश्यक रूप से सामान बेचते हुए पकड़ा । सम्बंध में निशांत कुमार ने बताया कि रेलवे द्वारा बार चेतावनी दी जा रही हैं कि महिलाओं एवं विकलांगो के बोगी में सफर करना रेल अधिनियम में अपराध हैं इसके बाद भी कुछ यात्री नियम को तोड़ते हैं मौके पर कई रेल पुलिस के कर्मी मौजूद थे।

## पूर्व चेयरमैन ने नगर क्षेत्र भ्रमण कर जनता का जाना हाल

**हुसैनाबाद।** सरकार द्वारा चुनाव की इशारा होते ही प्रत्याशी सक्रिय हो गए है। इसी संदर्भ में नगर पंचायत के पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन ने रविवार को शहरी क्षेत्र के जपला धरहरा,शिवपुरी, कृष्णानगर,हरिहर चौक,मेन बाजार रोड आदि कई क्षेत्रों का भ्रमण किया और जनता से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा कराए हुए विकास के बाद लगभग सभी वार्डो की स्थिति ज्यो की त्यों हैं। पांच साल पूर्व में जो समस्याएं थी वह आज भी है। मौके पर रवि चन्देल राजू पासवान संतोष कु0,अरविंद कु0 रविन्द्र कु0,रामसुंदर पासवान,दीपक पासवान,विकास पासवान, ललन पासवान,रंजीत सिंह पप्पु यादव संजय कश्यप अनुज विश्वकर्मा राहुल कु सुबोध कश्यप आदि लोग मौजूद थे।

## युवक ने अपने ऊपर लगाये गये आरोप को बताया निराधार

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र के तेंदुई गांव निवासी विक्की कुमार सिंह ने मुखिया पति अरविंद सिंह द्वारा लगाये गये आरोप को निराधार बताया है। उन्होंने कहा है कि उनकी शैक्षणिक व सामाजिक छवि को धूमिल करने के लिए मुखिया पति ने मनगढ़ंत तरीके से उनपर आरोप लगाया है, जो बेबुनियाद है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से उचित जांच कर कार्रवाई की मांग की है। मालूम हो कि तेंदुई गांव निवासी सह पंचायत के मुखिया पति अरविंद सिंह गत 26 नवंबर की शाम कार से एक तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। तभी गांव में ही कार पर गोली चलाने के मामले में उन्होंने विक्की कुमार सिंह सहित दो अन्य लोगों के विरुद्ध पिपरा थाना में लिखित शिकायत की थी। इस घटना में मुखिया पति बाल-बाल बच गये थे। सूचना के बाद छतरपुर डीएसपी अजय कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की थी।

## नूतन देवी उम्मीद व विश्वास की एक किरण

**नावा बजार।** विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव की नूतन देवी लगातार समाज सेवा में जुटी है। विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव निवासी पुलिस सेवा में पदस्थापित एएसआई विनय कुमार तिवारी की पत्नी नूतन देवी पिछले 5 वर्षों से अपने गांव सहित आसपास के गांव का भ्रमण कर लोगों की जरूरतों को पूरी कर रही है। शिक्षा स्वास्थ सहित अन्य जरूरतों के अनुरूप उन्हें हर संभव सुविधा उपलब्ध करा रही हैं। ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नूतन देवी के सौजन्य से कंबल वितरण किया जाएगा।

## बभंडी बनाम बैंराव का मैच रहा ड्रा

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल के कपूरीं मैदान में खेले जा रहे कर्नल का फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 के पांचवे दिन का पहला मैच बभंडी बनाम बैंराव के बीच खेला गया। यह मुकाबला गोल रहित बराबरी पर रही। दूसरा मैच रपूरा बनाम डंडीला के बीच खेला गया। इसमें रपुरा ने डंडीला को 2-0 से हरा दिया। रपुरा की तरफ से बिक्रमा कुमार ने गोल किया। पांचवे दिन क्लब के संरक्षक कर्नल संजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया।

## राम विवाह उत्सव मना

**हैदरनगर।** पलामू के हैदरनगर स्थित श्री राम जानकी मंदिर में सोमवार रामविवाह महोत्सव मनाया गया। मंगल गीत और सजावट के बीच जगतगुरु गोविंदाचार्य स्वामीजी महाराज, निर्मल स्वामीजी महाराज व पं. जयप्रकाश स्वामी ने अनुष्ठान कराया। माता सीता के माता-पिता के रूप में धनंजय सिंह और उनकी धर्मपत्नी अंजू सिंह जबकि प्रभु श्रीराम के माता-पिता के रूप में कामता दुबे व सुधा देवी शामिल हुए। पिंटू सोनी, कृष्णा लाल, संतोष सिंह, मंटू मेहता आदि आयोजन में सक्रिय रहे।

### मच्छरों की प्रकोप से ड़ेंगू की आशंका तेज

# शोभा का केंद्र बनी हैं नप का फॉगींग मशीन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहरी क्षेत्र में इन दिनों जहरीली मच्छरों की प्रकोप तेज हो गयी हैं जिससे क्षेत्र में डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी बढ़ने की संभावना तेज हो गया हैं। गौरतलब है कि लगातार दो माह से मलेरिया ,टायफाइड, काला ज्वार जैसी जानलेवा बीमारियों की मरीजों काफी तेजी से बढ़ रहे हैं। वहीं शहर में मच्छरों की अत्यंत बढ़ोतरी देखी जा रही हैं और शहरी क्षेत्रों में जगह जगह पर लगी गंदगी का अंबार इस बीमारी को उर्वरक जैसा फायदा पंहुचा रहा हैं। स्थानीय लोगों का कहना हैं हर वर्ष नगर पंचायत के द्वारा मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए फॉगींग मशीन से शहर के विभिन्न गली मोहल्लों में कीटनाशक कैमिकल का धुआं किया जाता था। जिससे कुछ राहत मिलती थी लेकिन इस बार नगर के प्रतिनिधि कुम्भकर्णी निद्रा में सोए हुए है। मशीन के खरीददारी को लेकर लाखो लाख रुपये की निकाशी भी की गई लेकिन आज के समय मे इतना कीमती उपकरण कबाड़ के रूप में दिख रहा हैं। इस सबन्ध में वर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी मो परवेज ने बताया कि मुझे इस सबन्ध में जानकारी नही हैं की फॉगींग मशीन चालू हैं या बन्द।




# शिक्षक को स्कूल बंद करने की धमकी देकर की मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एक निजी स्कूल के शिक्षक लंगरकोट गांव निवासी दिलीप चौधरी को स्कूल बंद करने की धमकी देने के बाद मारपीट की गई है। इस घटना को लेकर शिक्षक ने हुसैनाबाद थाना में हैदरनगर सड़ेया गांव निवासी शशि विश्वकर्मा, शक्ति विश्वकर्मा व अन्य तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है की अपने सेस किड्स स्कूल बंद कर घर जाने के लिए अपने सहयोगी लंगरकोट गांव निवासी अवधबिहारी सिंह के साथ अपनी बाइक पर बैठ ही रहा था। इसी क्रम में उक्त दोनों वहां पहुंचकर मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। तभी दूसरे बाइक पर सवार तीन लोग वहां पहुचकर लाठी डंडे चलाने लगे और मेरे बाइक को ईंट पत्थर से मारकर छतिग्रस्त कर दिया और मुझे स्कूल बंद करने की धमकी दी, सभी घटना सीसीटीवी में मौजूद है, पुलिस इस मामले की गहनता से छानबीन शुरू कर दी है।

## कर्नल कप फुटबॉल पांती ने डंडीला को हराया, सड़ेया को मिला वाक ओवर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कर्नल कप के छठवें दिन का पहला मैच पांती बनाम डांडीला के बीच खेला गया। जिसमें पांती ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए डांडीला को 3-0 से हराकर टूनामेंट में जीत के साथ शानदार आगाज किया है। पांती के तरफ से सोनू और विवेक कुमार ने गोल किये। वहीं मंगलवार को दूसरा मुकाबला सड़ेया बनाम रानी देवा के बीच होना था लेकिन कुछ कारण वश रानी देवा की टीम निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पाई। जिसके कारण कमेटी ने सड़ेया टीम को वाक ओवर देने का निर्णय लिया। मौके पर उपस्थित क्लब के संरक्षक कर्नल संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोग भाईचारा का परिचय देते हुए बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करें, और वैसे खिलाड़ी जिनका उम्र 14 से 18 वर्ष के बीच हो, उन खिलाड़ियों को खेलने का ज्यादा मौका दें। इस मैच में निर्णायक के भूमिका में धीरेंद्र कुमार, सुदय सिंह एवं कामेंद्र पासवान थे। मौके पर गुड्डू खान और पूर्व खिलाड़ी जय कुश सिंह, क्लब के महासचिव मनोज शर्मा, अजय सिंह, सुदेश प्रजापति, परमानंद सिंह, अशोक कुमार सिंह, मुखिया ओम प्रकाश राजवंशी, सगीर अहमद, अकरम के अलावा कई खेल प्रेमी उपस्थित थे। बुधवार का मैच लंगरकोट बनाम बैंराव तथा बिलासपुर बनाम झरगाड़ा के बीच खेला जायेगा।

## पूर्व मुखिया का निधन पर शोक

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के उपरी कला पंचायत के करमाही गांव निवासी पूर्व मुखिया आशा कुंवर (66) का आकस्मिक निधन मंगलवार की सुबह हो गई। इनका अंतिम संस्कार देवरी सोन नदी स्थित मुक्ति धाम में किया गया। इनके निधन पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह, बिनू सिंह उर्फ विनय सिंह, शिक्षक अलखदेव सिंह, प्रमुख राजकुमारी देवी, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह व संजय कुमार सिंह यादव, बसपा नेता शेर अली, समाजसेवी पवन कुमार पटेल, प्रमोद कुमार चौधरी, रामचंद्र चौधरी, अजय प्रसाद गुप्ता सहित पंचायत के कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# कौशल विकास केंद्र कैंपस में विभिन्न कंपनियों ने कैंप आयोजित की

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कौशल विकास केंद्र मेगा स्किल निष्था आईटीआई कॉलेज नावा बाजार परिसर में विभिन्न कंपनियों में युवक युवतियों को सलेक्शन हेतु केंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन प्रोजेक्ट मैनेजर अलोक उपाध्याय के अध्यक्षता में किया गया। जिसका संचालन सैयद अहमद ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू श्रम नियोजन पदाधिकारी इतवारी महतो, विशिष्ट अतिथि एमजीएनएफ पदाधिकारी शुभम कुमार ,सम्मानित सदस्य लेबर पदाधिकारी अभिषेक कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर अलोक उपाध्याय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मौके पर संस्थान के छात्राओं द्वारा अतिथियों के आगमन पर स्वागत गीत गाया गया। वहीं संस्थान द्वारा अतिथियों को बुके व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मारुति सुजुकी, सुजुकी, बेस्ट , टर्बो ,एलएनटी कारपोरेशन लिमिटेड कंपनी सहित कई कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं के बीच प्रशस्ति पत्र भी वितरण किया गया। मौके पर सेंटर मैनेजर संजीव कुमार गुप्ता ,अमर कुमार ,सरवर अंसारी सहित सैकडो.छात्र-छात्रा व अभिभावक शामिल थे।



# एनपीयू के कॉलेजों में खुलेगा जेएसओयू का स्टडी सेंटर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) के अंगीभूत और संबद्धता प्राप्त कॉलेजों में झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय (जेएसओयू) का अध्ययन केंद्र स्थापित किये जाएगें। एनपीयू के कुलपति के निर्देश पर डीएसडब्ल्यू डॉ अंबालिका प्रसाद ने सभी अंगीभूत और संबद्धता प्राप्त कॉलेजों के प्राचार्यो से झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। राज्यपाल सह कुलाधपति ने झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के पत्र के आलोक में झारखंड में संचालित विश्वविद्यालयों को पत्र भेजा है जिसमें एनपीयू का भी नाम शामिल है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि एनपीयू प्रशासन अपने कॉलेजों चाहे वे अंगीभूत कॉलेज हो अथवा संबंद्धता प्राप्त कॉलेज, जो कॉलेज झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय केंद्र स्थापित और संचालन करना चाहते हैं, वैसे कॉलेजों में यथाशीघ्र खुला विश्वविद्यालय के केंद्र स्थापित किया जाए। इससे दूर-दराज के लोगों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहुलित होगी। राजभवन से पत्र प्राप्त होते हुए एनपीयू प्रशासन अपने अधीन संचालित अंगीभूत और संबद्धता प्राप्त कॉलेजो में खुला विश्वविद्यालय स्थापित कराने की दिशा में पहल प्रारंभ कर दिया है। एनपीयू प्रशासन से सभी अंगीभूत और संबद्धता प्राप्त कॉलेजों के प्राचार्यो से खुला विश्वविद्यालय का केंद्र स्थापित करने के लिए आवेदन जल्द एनपीयू में देने का निर्देश दिया है, ताकि राज्यपाल सह कुलाधिपति के आदेश पालन समसय हो सके। फिलवक्त एनपीयू में सात अंगीभूत कॉलेज, छह स्थायी संबंद्धता प्राप्त और 10 अस्थायी संबद्धता प्राप्त कॉलेज संचालित हो रहा है।

## दीपक हत्याकांड के दो आरोपितों ने किया सरेंडर

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय सिटी मेदिनीनगर के रांची रोड स्थित करमाही मोहल्ला निवासी दीपक कुमार पाठक को गोली मारकर हत्या करने के आरोपियों ने कोर्ट में सोमवार को सरेंडर कर दिया है। शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि करमाही मोहल्ले निवासी सह आरोपी प्रकाश भुइंया एवं सुनील भुइंया को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 14 नवंबर की रात में दीपक कुमार पाठक को गोली मार दी गई थी। वह अपने एक दोस्त के साथ बाइक से उसके घर जा रहा था। गोली लगने पर गंभीर स्थिति में दीपक पाठक को इलाज के लिए मेदिनीनगर के मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रारंभिक इलाज के बाद उसकी गंभीर देखते हुए उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। परिजनों ने उसे मेडिका हॉस्पिटल में एडमिट करा कर इलाज करा रहे थे।

## प्रज्ञा केंद्र संचालकों को बीडीओ ने दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ रतन कुमार ने सोमवार को मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना को लेकर प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक की। इसमें बीडीओ ने कहा कि गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड की ओर से हुसैनाबाद प्रखंड को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है। इसीलिए फसल राहत योजना के बदले सूखा राहत योजना का लाभ दिया जाएगा। बीडीओ ने बैठक में बताया कि पूर्व में फसल राहत योजना के लिए पंजीकृत किसान फसल राहत से आधार के माध्यम से सूखा राहत में डाटा अप टू डेट करा लेंगे। किसान फसल राहत योजना में भी पंजीकरण नहीं कराए थे। वह अवसर का लाभ उठाते हुए सुखाड़ के लिए अपना पंजीकरण करा लें। राज्य आपदा मोचन निधि से सुखाड़ प्रभावित प्रत्येक परिवार को तत्काल राहत के लिए 3500 राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को निर्देश देते हुए कहा कि 30 नवंबर तक सभी किसानों को जागरूक करते हुए मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना के लिए पंजीकृत करें। मौके पर प्रखंड के सभी प्रज्ञा केंद्र संचालक मौजूद थे।

## संविधान सप्ताह के तीसरे दिन कैदियों को किया गया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संविधान सप्ताह के तीसरे दिन पलामू सेंट्रल जेल में जागरूकता शिविर लगाया गया। उद्घाटन करते हुए पैनल अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि भारतीय संविधान में प्रत्येक व्यक्ति को समानता का अधिकार प्राप्त है। परंतु सभी को मूल अधिकारों के साथ-साथ अपने मूल कर्तव्यों का भी ध्यान रखना चाहिए। अधिवक्ता गोपाल मिश्रा ने कहा कि अधिकार की बात करना अच्छी बात है परंतु कर्तव्यों का अनुपालन करना हमसभी भूल जाते हैं। हमारा अधिकार तभी सुरक्षित रहेगा जब हम कर्तव्यों का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि झालसा के द्वारा लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान किया जा रहा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**चतुर्थ शुद्धि पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **DWSD/Lohardaga/09/2022-23** (प्रथम आमंत्रण), जिसका PR – 280086 Lohardaga (22-23)_D है, में निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है –

| क्र0 | | संशोधित |
|---|---|---|
| 5 | कार्य पूरा करने की अवधि | 21 months + 3 months (Trial and run for rectification of defects etc.) |
| 6 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 03.12.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक। |
| 7 | प्री बीड मिटिंग की तिथि | दिनांक 08.12.2022, समय 11:30 बजे पूर्वाहन में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची |
| 8 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 15.12.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक |
| 9 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान | 16.12.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक 1. कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में। 3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची के कार्यालय में। |
| 10 | निविदा के तकनीकी बीडों को खोलने की संभावित तिथि एवं समय | 17.12.2022 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से। |

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
PR 283744 Lohardaga(22-23)#D पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा


### पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

# खेलकूद स्वस्थ जीवन का अभिन्न अंग है: बीईईओ

**नवीन मेल संवादाता**

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के उमवि लोहरा पोखरी हरिजन टोला में सोमवार को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका बिमला कुमारी की अध्यक्षता में किया गया । जबकि संचालन सीआरपी सुधीर कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर खेलो झारखंड 2022 -23 के तहत विद्यालय स्तर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में सफल छात्र छात्राओं के बीच धावाडीह पंचायत के मुखिया रिंकी देवी व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरेंद्र कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर बीईईओ श्री तिवारी ने कहा कि खेलकूद स्वस्थ जीवन का अभिन्न अंग है। पढ़ाई के साथ साथ बच्चों में खेल की भावना को जागृत करने के लिए झारखंड सरकार ने विद्यालय, प्रखंड, जिला तथा स्टेट लेवल पर खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी खेल के प्रति जिज्ञ-ासा बढ़े। कार्यक्रम के पूर्व मे सभी अतिथियों ने वर्ग कक्ष संचालन का निरिक्षण किया और बच्चों से जानकारी प्राप्त किया। वहीं बीईईओ श्री तिवारी ने विद्यालय प्रबंधन पर प्रधानाध्यापिका की भूरी भूरी प्रशंसा की। वहीं मुखिया रिंकी देवी कहा कि खेल में भी कैरियर है । बच्चे पढ़ाई के साथ- साथ अगर खेल में भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आगे चलकर स्टेट तथा देश लेबल के खिलाड़ी बनकर अपना कैरियर बना सकते हैं वहीं उन्होंने कहा कि यह विद्यालय पंचायत क्षेत्र का इकलौता विद्यालय जहां सभी बच्चे यूनिफॉर्म में है । मौके पर मुख्य रूप से एमडीएम प्रभारी विवेक सिन्हा सीआरपी शैलेश कुमार ,राम अमृतम, बीआरसी स्टॉप संजीत कुमार प्रणव पाठक समिति के अध्यक्ष रागनी देवी के अलावा रसोइया पूनम देवी,चम्पा कुवर समेत विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।इस दौरान राउमावि नौरंगा, राउमावि कर्मा,नीमीया टोला धावाडीह तथा राउमावि धावाडीह में भी पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।


**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।**
(Mail Id- db-chatra@jharkhandmail.gov.in)
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**– सूचना –**

चतरा जिला परिषद क्षेत्राधीन सदर प्रखण्ड चतरा में निर्मित दूकान के लाभुकों को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा विगत कई माह से दुकान किराया जमा नहीं किया गया है। जिसके कारण जिला परिषद के राजस्व में हानि हो रही है।

निदेश दिया जाता है कि प्रेस विज्ञप्ति के एक सप्ताह के अन्दर बकाया किराया जो कॉलम–04 में उनके नाम के सामने अंकित है जमा करना सुनिश्चित किया जाय। निर्धारित समयावधी में बकाया किराया जमा नहीं होने की स्थिति में एकरारनामा के शर्त कण्डिका– 03 के आलोक में आपके दूकान को एकरारनामा को रद्द करते हुए दुकान अन्य लाभुक को आवंटित करने की कार्रवाई की जायेगी। जिसपर आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। बकाया राशि की विवरणी निम्नवत् है–

| क्र | लाभुक/पिता का नाम एवं पता | आवंटित दूकान संख्या | बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | कार्यालय परिसर ग्राउण्ड फ्लोर में निर्मित दूकान – | | |
| 1 | श्री संतोष कुमार, पिता–स्व0 अक्षयवट ओझा, पता–न्यु कॉलोनी पूरनीया तालाब चतरा। | 09 | 1,09,656.00 |
| 2 | श्री केदार दांगी, पिता–श्री पुरन महतो, पता–उटां मोड़, चतरा। | 11 | 20,502.00 |
| 3 | श्री अभय कुमार, पिता–उमरावजी दांगी, पता–नगवा, चतरा। | 13 | 60,312.00 |
| | कार्यालय परिसर प्रथम तल में निर्मित दूकान – | | |
| 1 | श्री गोपाल ठाकुर, पिता–श्री दशरथ ठाकुर, पता–दारियातु, चतरा। | 02 | 46,262.00 |
| 2 | श्री शिवशंकर हजाम, पिता–स्व0 रामपद हजाम, पता–कैण्डीनगर, कान्हाचट्टी, चतरा। | 03 | 64,486.00 |
| 3 | मो0 नसीम मल्लिक, पिता–अलाउद्दीन मलिक, पता–इचाककला, दुन्दुआ, सिमरिया। | 07 | 1,17,798.00 |
| 4 | श्री सत्येन्द्र दांगी, पिता–बासुदेव महतो, पता–कटघरा, गिद्धौर चतरा। | 08 | 35,468.00 |
| 5 | श्री शबनम प्रवीण, पिता–मो0 नसीमउदीन लाईन मुहल्ला, चतरा। | 10 | 37,010.00 |
| 6 | श्री संजय कुमार, पिता–भुनेश्वर पासवान, पता–आराआतु, दुन्दुआ, सिमरिया, चतरा। | 15 | 1,15,158.00 |

यह अन्तिम नोटिश समझा जाय।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR 283679 District(22-23)D



**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**
**मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा संख्या:- 127/2022-23/RWD/DALTONGANJ दिनांक :- 28.11.2022**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ DALTONGANJ/ 02/2022-23 | विलासपुर नौडीहा मेन रोड बिसफुटा कुंआ से जरही ग्राम भाया पंचायत सचिवालय तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.425 कि0मी0) | 3,69,94,700.00 | तीन करोड़ उनहतर लाख चौरानवे हजार सात सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 2. | RWD/ DALTONGANJ/ 03/2022-23 | आर0सी0डी0 मुख्य पथ सेलारी से कोनराखासा होते हुए डेल्हा तक पथ निर्माण कार्य (लं– 4.000 कि0मी0) | 3,59,77,900.00 | तीन करोड़ उनसठ लाख सतहत्तर हजार नौ सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 3. | RWD/ DALTONGANJ/ 04/2022-23 | जपला दंगवार मेन रोड सिद्धेश्वर पाठक द्वार से बुधुवा भाया राम चबुतरा उदित टोला तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.500 कि0मी0) | 3,57,97,800.00 | तीन करोड़ सनतावन लाख सनतानवे हजार आठ सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 4. | RWD/ DALTONGANJ/ 05/2022-23 | कुंदरी अम्बेदकर चौक से पिपरा चौक भाया महरजा तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.200 कि0मी0) | 3,32,73,700.00 | तीन करोड़ बतीस लाख तिहत्तर हजार सात सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 5. | RWD/ DALTONGANJ/ 06/2022-23 | जपला पथरा मेन रोड से ग्राम मझिगाँव भाया ग्राम भैरवपुर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.250 कि0मी0) | 1,19,71,600.00 | एक करोड़ उन्नीस लाख इकहत्तर हजार छः सौ रू0 मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– **09.12.2022**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **21.12.2022** अपराह्न 5.00 बजे।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **डालटनगंज** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **22.12.2022** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **23.12.2022** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **डालटनगंज** के पक्ष में एवं **डालटनगंज** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 283709 Rural Work Department(22-23).D

## न्यूज गैलरी

### धूमधाम से मनाया गया वरिष्ठ पत्रकार का जन्मदिन



**मेदिनीनगर।** पलामू के वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश अमरेंद्र का 60 वाँ जन्मदिन मंगलवार को स्थानीय कार्यलय में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कार्यलय के सभी कर्मियों के द्वारा जन्मदिन के अवसर पर पत्रकार को उत्तम स्वस्थ और लंबी उम्र का बधाई दिया गया। सभी कर्मियों ने केक खिलाकर आशीर्वाद लिया। मौके पर उपेंद्र कुमार, ओमप्रकाश प्रजापति, विक्की कुमार, श्याम नारायण शर्मा, भोला कुमार, नीतीश कुमार, अंशु कुमार, अमर नाथ सोनी मौजूद रहे।

### टेट पास सहायक शिक्षको के समायोजन पर हुई सुनवाई

**मेदिनीनगर।** झारखंड हाईकोर्ट में टेट पास पारा शिक्षकों के समायोजन से जुड़े मामले पर मंगलवार को सुनवाई हुई।पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन और न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच ने सरकार से पूछा था कि टेट पास शिक्षकों के समायोजन को लेकर क्या कदम उठाए गए हैं। जिसपर सरकार ने अदालत में कहा, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा गठित कमेटी ने कई सुझाव दिए हैं। इसके बाद अदालत ने सरकार को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश देते हुए आज फिर मामले की सुनवाई करने का निर्देश दिया है। प्रार्थी सुनील कुमार यादव एवं अन्य के द्वारा करीब 111 याचिकाएं पारा शिक्षकों के सहायक शिक्षक के रूप में वेतन एवं नियमितिकरण के मामले में हाईकोर्ट में दाखिल की गयी है। याचिका में कहा गया है कि पारा शिक्षक 15 वर्ष से अधिक समय से काम कर रहे हैं। वे शिक्षक पद की अहर्ता भी पूरी करते हैं। याचिका में मुख्य मांग यह की गई है कि राज्य सरकार उनकी सेवा स्थाई करे और उन्हें सहायक शिक्षक के पद पर समायोजित करे।साथ ही समान कार्य के बदले समान वेतन दिया जाए।

### विमला प्रसाद पंचतत्व में विलीन

**मेदिनीनगर।** नई मुहल्ला स्थित जीएलए कालेज के पूर्व प्रो. उमेश चन्द्र प्रसाद की पत्नी विमला प्रसाद 85 वर्ष का निधन ईलाज के दौरान रांची में हो गया था। गुरु शिख सभा श्मशानघाट में इनके छोटे पुत्र संजीव कुमार मुंजी ने मुख अग्नि दिया। शवयात्रा में पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर, आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार, प्रो. महेंद्र राम, प्रो राधा रमन किशोर, डा. आनन्द कुमार जगनारायन महतो, कोमल कुमार अंकू, तारेन्द्र सिंह पंकज अग्रवाल अजीत कुमार जांनी चन्द्रवंशी प्रभात कुमार उज्ज्वल सिंह, पत्रकार अभिशेख पांडे, प्रेम सुन्दर प्रसाद, फादर मुकुल मसिह, बिरेन्दर सिंह, प्रदीप अकेला, बिनय कुमार सिन्हा, अमर सिन्हा, नन्दकिशोर सिंह, रबीन कुमार, मनु तिवारी, रजनीकांत सिंह, सत्येन्द्र तिवारी, रविन्द्र सिंह, संतोष पांडेय, बड़े पुत्र राजीव श्रीवास्तव समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### असंगठित कामगार संघ ने की बैठक



**मेदिनीनगर।** गारू प्रखंड में मंगलवार को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के रूपरेखा बनाने को लेकर बैठक किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया की गारू प्रखंड में दिसम्बर में भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। इसकी जानकारी केकेसी कोडिनेटर अनिल कुमार सिंह ने दी। बैठक में लातेहार के केकेसी अध्यक्ष कामिल अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष मनोज उराँव, 20 सूत्री अध्यक्ष कमरुद्दीन खलीफा,सुनेश्वर उराँव, रामदेव उराँव, दीपक सिंह, दीपक उराँव, रीना देवी, सुगमनिया देवी, मौजूद रहे।

### दुकान में हुई चोरी, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना अंतर्गत दंगवार ओपी क्षेत्र के नदी आईन गांव निवासी राकेश कुमार ने अपने दुकान में चोरी की घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है की बीते रविवार की शाम अपने एक रिश्तेदार को लेने के लिये गढ़वा गया था। उसी शाम करीब 5 बजे दो अजनबी दुकान पर पहुंचे। जिसमें एक व्यक्ति ने पिता से तंबाकू की मांग की। तभी दूसरा व्यक्ति मेरे ऑनलाइन दुकान से लैपटॉप और अलमीरा में रखे बीस हजार रुपए लेकर फरार हो गये। इस संबंध में दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा ने बताया कि लिखित शिकायत पर केस पंजीकृत कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

### वार्ड पार्षद ने दर्जनों असहाय वृद्ध को कंबल वितरण किया

हुसैनाबाद। नगर पंचायत क्षेत्र की वार्ड नम्बर 12 के पार्षद उमा देवी ने अपने वार्ड क्षेत्र दर्जनों असहाय वृद्ध लोगों को बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए कंबल दिया। मौके पर उन्होंने कहा की महिला पार्षद होते हुए भी हमेशा अपने वार्ड की जनता के हर सुख दु:ख में उनके घर तक जाकर मदद करती हूं और सरकार द्वारा हर योजनाओ को लाभ जनता तक पहुंचती रही हूं। मौके पर अनरवा देवी रम कलियां कुमार रीता कुवर, बुधनी देवी, गीता देवी, तेतरी देवी, चानो देवी, माना कुंवर, लगनी देवी, गणेश राम श्याम देव प्रजापति, प्रतिमा देवी आदि लोग मौजूद थे।

### कार ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर , युवक की मौत

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग 39 रजडेरवा में स्विफ्ट डिजायर कार ने एक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारते हुए भाग निकला। जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। युवक की पहचान घुटूआ के कामता सिंह पिता परसु सिंह के रूप में हुई। घटना मंगलवार को करीब 4:30 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक कामता सिंह मेदिनीनगर की ओर से आ रहे थे। जबकि कार सतबरवा की ओर से जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार तेज रफ्तार में थी। मोटरसाइकिल को टक्कर मारते हुए भाग निकाला । जबकि एक अन्य को मामुली चोट लगी थी। जानकारी मिलते ही सतबरवा पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया है।

# जिले के आठ प्रखंडो के 14 पैक्सों में आम निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सहकारी सहयोग समिति लिमिटेड का चुनाव कराने को लेकर कार्य शुरू कर दिया गया है। वहीं चुनाव संचालन पदाधिकारी अश्विनी कुमार ओझा ने बताया कि दिसंबर में जिले के 8 प्रखंडो के 14 पैक्स में विशेष आम सभा के माध्यम से चुनाव कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। अलग-अलग पैक्सों में चुनाव संपन्न कराने को लेकर विभिन्न प्रखंडों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होंने बताया कि पांकी के कोनवाई पैक्स पैक्स के चुनाव के लिये के छतरपुर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सखी चन्द्रदास को निर्वाचन पदाधिकारी एवं सहकारिता पदाधिकारी मुख्यालय के विपिन किशोर कंडुलना को अनुकल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया है। इसी तरह पांकी के तेतराई पैक्स के चुनाव हेतु पांडु के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी मुकेश कुमार सिंहा को निर्वाचन पदाधिकारी एवं मुख्यालय के सहकारिता पदाधिकारी को संध्या बारा भुईंया अनुकल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं मनातू के सिलदिलिया पैक्स के चुनाव के लिये पांकी प्रखंड के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी निशीतोष ठाकुर को निर्वाचन पदाधिकारी एवं पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार को अनुकल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। इसी क्रम में उंटारीरोड के मुरमा लकला पैक्स के चुनाव के लिये हरिहरगंज के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार को निर्वाचिन पदाधिकारी एवं मुख्यालय सहकारिता प्रसार पदाधिकारी आशीष खलखो को अनुकल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। छतरपुर के तेलाड़ी पैक्स में चुनाव के लिये विश्रामपुर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार को निर्वाचन पदाधिकारी एवं मुख्यालय के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह को अनुकल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। इसी तरह पड़वा के गाड़ीखास पैक्स में चुनाव के लिये नौडीहा बाजार के सहकारिता पदाधिकारी को निर्वाचन पदाधिकारी एवं पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी दिव्या राज मोहन सिंह को अनुकल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। मनातू के नवाचुनका पैक्स में चुनाव हेतु हुसैनाबाद के सहकारिता पदाधिकारी को निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है वहीं पलामू अंकेक्षण पदाधिकारी को अनुकल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। इस तरह चैनपुर के सलतुआ पैक्स, उंटारी रोड के लुम्बा सतवाहिनी पैक्स, नौडीहा बाजार के सरइडीह पैक्स, चैनपुर के सेमरा पैक्स, हरिहरगंज के सलैया पैक्स, हरिहरगंज के सरसोत पैक्स, पीपरा के मधुबाना पैक्स में चुनाव कराया जायेगा। सभी पदाधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समिति का चुनाव संपन्न कराकर एक प्रति सहायक निबंधक सहयोग समितियां के कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है। सभी निर्वाचन कार्यक्रम का निष्पादन संबंधित समिति के मुख्यालय से किया जायेगा।



# अस्पताल में वाटर कूलर खराब, मरीज परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में कुछ दिन पहले मरीजों को शुद्ध पानी पीने के लिए अस्पताल प्रबंधक द्वारा सभी जगहों पर वाटर कूलर लगाया गया था। ताकि मरीजों को शुद्ध पानी मिल सके। लेकिन वाटर कूलर लगने के कुछ दिन बाद ही यहां का कुछ वाटर कूलर खराब हो चुका है। जिसके वजह से पानी के लिए मरीजों को प्रतिदिन इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। उन्हें बाहर से बोतल का पानी खरीदना मजबूरी हो गया है। शुद्ध पानी पीने के लिए जहां वाटर कूलर लगाया गया है। वहां व्याप्त गंदगी पसरी हुई है। जिससे मरीजों में संक्रमण का खतरा बना हुआ है। यहां के सफाई कर्मचारियों द्वारा नल के पास झाड़ू ,पोछा, डस्टबिन, कचड़ा रखा जाता है। जिसके वजह से मरीज व उनके परिजन गंदगी के बीच पानी पीने को मजबूर हैं। अस्पताल के जेनरल वार्ड के सामने पेयजल के लिए वाटर कूलर के चारों ओर गंदगी फैली हुई है। इस वाटर कूलर के ठीक पीछे गंध मारती गंदगी फैली हुई है। जबकि इस स्थान को सबसे ज्यादा साफ सुथरा होना चाहिए। मरीजों के पेयजल के लिए बने यह स्थान देखरेख के अभाव में बदतर बन गया है। अस्पताल के कुछ मरीजों व उनके परिजनों ने बताया कि यहां के सफाई कर्मी दिन भर दलाली के चक्कर में इधर-उधर घूमते रहते हैं। सफाई कम और दलाली पर ज्यादा ध्यान देते हैं। अस्पताल परिसर में बाथरूम जो मरीजों के प्रयोग के लिए है। उसमें भी काफी गंदगी और बदबू रहती है।

# सप्लाई पानी के पाइप की मरम्मत किया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में कई जगहों पर सप्लाई पानी के पाइप लीकेज की समस्या आ रही है। जिसे लेकर लगातार विभाग को सूचित किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्थानीय आईटीआई टंकी के पीछे मंत्री के घर के पास पाईप लिकेज था। जिसका पिछले दस दिन से बहुत पानी बह रहा था। जिसे मंगलवार को नगर निगम से जेसीबी मशीन द्वारा खुदवाकर उसको ठीक किया गया है। पाइप लाइन इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि शहर में लगातार लीकेज पाइप का मरम्मत करने का कार्य जारी है। बीते दिन तिनकोनिया गैरेज के पास उपायुक्त पलामू आवास के पानी सप्लाई का पाईप लिकेज हो गया था। जिससे रोज सैकड़ो लीटर पानी बहकर शिवाजी मैदान तक बह रहा था। जिसे भी नगर निगम के जेसीबी मशीन द्वारा खुदाई कर उसको ठीक किया गया है। मौके पर नगर निगम के जेई अमित, समाजसेवी परशुराम ओझा, विवेका त्रिपाठी मौजुद थे।

## समृद्धि की पाठशाला में मनी पुण्यतिथि

**मेदिनीनगर।** स्थानीय नागरिकों के द्वारा पाठशाला के बच्चों की सहायतार्थ अपने बच्चों का जन्मदिन, शादी की सालगिरह या पुण्यतिथि या किसी भी बहाने उनकी जरूरतें पूरी करने जरूर पहुंचते हैं। इसी क्रम में एक चैनल के रिश्तेदार स्व. रघुवीर राम की पुण्यतिथि लगभग पांच वर्षों से इसी पाठशाला में मनाई जाती रही है। जिनके परिवार की ओर से प्रत्येक वर्ष बच्चों की आवश्यकतानुसार पाठ्य सामग्री खेलकूद सामाग्री उनके बीच बड़े ही निष्ठा के साथ वितरण किए जाते हैं। इस बार भी उनके पुण्यतिथि के अवसर पर बच्चो के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया। इस कार्य मे पुत्री विद्या देवी, बेटे रोहित कुमार रंजन कुमार, आदित्य वर्धन, विवान वर्धन का योगदान रहा। जिनके कारण जरूरतमंद बच्चों को जरूरत की चीजें मिली। मौके पर संस्था की टीम सदस्य बैजनती गुप्ता डॉ देव प्रकाश, प्रो वन्दना श्रीवास्तव, मौजूद रहे।

# सरकारी स्कूल का नया भवन बनकर तैयार लेकिन यहां नहीं पढ़ रहे हैं बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के चैनपुर प्रखंड के तुर्कतल्या उच्च विद्यालय के नवनिर्मित भवन साल 2015 में बनकर तैयार है। मगर साल 2022 तक इस बिल्डिंग में कक्षा शुरू नहीं हो पायी है। खाली पड़े रहने के कारण भवन की हालत जर्जर हो गयी है। अधिकारियों की लापरवाही के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ बच्चों को नहीं मिल पा रहा है। इसका जीता- जागता उदाहरण पलामू जिला है। जहां कई साल पहले बने भव्य सरकारी स्कूल का निर्माण हो गया है, लेकिन हैंडओवर नहीं होने के कारण नवनिर्मित भवन खंडहर में तब्दील हो गया है। वहीं बच्चों को इसका लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। वहीं छात्र-छात्राएं पुराने भवन में ही पढ़ाई करने को मजबूर है। पुराने भवनों में शौचालय तक की सुविधा नहीं है। बता दें कि साल 2014-15 में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत जिले में कई प्रखंडों में अपग्रेडेड उच्च विद्यालयों में भवन का निर्माण कराया गया है। जिले के चैनपुर प्रखंड में तुर्कतल्या उच्च विद्यालय, बूढ़ी वीर सेमरा समेत 6 उच्च विद्यालय के भवन बनकर तैयार है। मगर विभागीय और संवेदक के लापरवाही के कारण आज तक कई विद्यालय को हैंडओवर नहीं किया गया है। जिसके कारण बच्चों को पुराने जर्जर भवन में क्लास करनी पड़ रही है। वहीं शिक्षकों का कहना है कि अगर नये भवन में पढ़ाई शुरू हो जाती है तो बच्चे नये सुविधाओं के साथ पढ़ाई करते हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि नये भवन में पढ़ाई के लिए कई बार अधिकारियों को पत्र लिखा जा चुका है। मगर अधिकारियों ने अबतक इस पर किसी प्रकार का संज्ञान नहीं लिया है।



# अंतर्विद्यालय खेल प्रतियोगिता में ब्राइटलैंड बना उपविजेता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के चियांकी स्थित हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में ज्योति प्रकाश मेमोरियल अंतर्विद्यालय खेल महोत्सव ओलिपिक का आयोजन किया गया। इसमें बाईपास रोड मेदिनीनगर स्थित ब्राइटलैंड स्कूल की कबड्डी टीम प्रतियोगिता में उपविजेता बनी है। इस उपलब्धि से खिलाड़ियों में जहां हर्ष है। वहीं विद्यालय में भी खुशी का माहौल है। विद्यार्थियों के हौसला बढ़ाते हुए ब्राइटलैंड के सचिव रागिनी राय ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के जीवन का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि अनुशासन पूर्वक खिलाड़ियों ने खेलते हुए यह सफलता प्राप्त की है जो काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी खेल से भी बहुत कुछ सीखते हैं। खेल हमारे लिए बहुत ही लाभदायक हैं क्योंकिसफर तय करने का मुकाम हासिल किया है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय आने वाले समय में कई स्तरों पर छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं तथा खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का अवसर प्रदान करेगा। प्राचार्य ने खेल शिक्षक सनत चटर्जी एवं अविनाश तिवारी को भी खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य राहुल कुमार सिंह ने विद्यालय के सफल खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी एवं कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए खेल आवश्यक है। ब्राइटलैंड प्रबंधन शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ विद्यार्थियों में खेल प्रतिभा को भी जागृत करने एवं तराशने का काम निरंतर करते आ रहा है।




# नौडीहा जंगल में चल रहे अवैध शराब भट्टी को पुलिस ने किया ध्वस्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार पुलिस ने मंगलवार को खैरादोहर पंचायत के गुवादाग जंगल में चल रहे अवैध शराब भट्टी को नष्ट किया। वहीं जानकारी देते हुए नौडीहा बाजार थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के गुवादाग के जंगलों में अवैध रूप से देसी शराब का निर्माण किया जा रहा है। जिस पर कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर पहुंचा तो शराब बनाने की सामग्री पाया तथा लगभग 150 किलो जावा महुआ पाया। ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस को आता देख वहां मौजूद भट्टी संचालक और कार्य करने वाले व्यक्ति स्थल से भाग गए। उक्त सभी सामानों को स्थल पर ही नष्ट कर दिया गया। इस छापेमारी दल में नौडीहा बाजार थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव तथा थाना के अन्य जवान भी शामिल थे।

# पाटन स्वास्थ्य कर्मी ने दम्मा मरीज को टीबी रोग बता कर पैसे की वसूली की

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पाटन प्रखण्ड में स्वास्थ्य समुदाय केंद्र का हाल बेहाल है। यहाँ पर बिना डॉक्टर के हजारों मरीजो का इलाज किया जा रहा है। जिससे लोगो को गम्भीर बीमारी से जूझना पड़ रहा है। उक्त बातें जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने कहा। उन्होंने कहा कि पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों का घोर अभाव है। यहां पर अस्पताल के कंपाउंडर ग्रामीणों का इलाज कर रहे हैं। जिसके वजह से ग्रामीण काफी परेशान है। इसी तरह का एक मामला पाटन प्रखण्ड के काला पहाड़ गांव से सामने आया है। यहां के स्थानीय निवासी मनोज राम की पत्नी संगीता देवी ने बताया कि वह दमा रोग से ग्रसित थी और दो माह पूर्व वह अपने इलाज के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गई थी। वहां ड्यूटी पर तैनात टीवी वार्ड प्रभारी संतोष कुमार पांडे के द्वारा महिला संगीता देवी का बिना जांच किए इलाज किया गया। इलाज के दौरान संतोष कुमार ने महिला को टीवी रोग बता कर उसका इलाज सुरु कर दिया। करीब दो महीने तक महिला संतोष कुमार के द्वारा दिए गए दवा का सेवन की। इसके बाद भी दवा का कोई भी असर नहीं हुआ और उसका दम्मा का बीमारी ज्यों का त्यों बना रहा। इसके बाद महिला ने इस घटना की जानकारी पाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह को दी जानकारी मिलने पर संग्राम सिंह उक्त महिला को इलाज के लिए मेदिनीनगर डॉक्टर राजीव नयन के पास लेकर गए जहां जांच के क्रम में टीवी रोग से संबंधित किसी प्रकार का रिपोर्ट सामने नहीं आया। महिला ने बताया कि पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के टीवी वार्ड प्रभारी संतोष कुमार पांडे के द्वारा हर महीने उससे 500 से 800 रुपये लिए जाते थे। वहीं इस संबंध में जिला परिषद संग्राम सिंह ने कहा कि ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। जो ग्रामीण मरीजों को गुमराह कर इलाज करते हैं और उन्हें गंभीर बीमारी में धकेल रहे हैं।

## श्रीराम सेना के प्रमुख का जनसंपर्क अभियान जारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनग।** निगम के भावी मेयर प्रत्याशी सह श्रीराम सेना प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल का जनसंपर्क अभियान 'जनता ही जनार्दन है' का 21 वां दिन शाहपुर स्थित पनेरी बांध रोड में किया गया। जिसमें श्रीराम सेना के वरीय पदाधिकारीगण एवं समाज के अभिभावकगण भी सम्मिलित हुए। उन्होंने बताया कि शाहपुर और अन्य जो नए क्षेत्र जो निगम से जोड़े गए हैं। उनका मूलभूत विकास किए बिना ही होल्डिंग टैक्स लिया जा रहा है। स्ट्रीट लाइट की ही भारी कमी है। इसके कारण रात में बुजुर्ग एवं बच्चों को विशेष तौर पर काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जल निकासी की भी काफी दिक्कत है। बरसात के दिनों में कई क्षेत्रों में लोगों का निकलना कठिनाई से परिपूर्ण हो जाता है। इन्हें क्षेत्रों में पहले विकास किया जाना चाहिए तब टैक्स लिया जाना चाहिए। जनसंपर्क महाअभियान में मुख्य रूप से भूमिका निभाने वाले बड़े भाई संजय केसरी, अरविंद पांडे, मनीष गोस्वामी, राष्ट्रवादी अंकित कुमार लाल, चिंटू गुप्ता, जितेंद्र प्रसाद, विनय कुमार जायसवाल, सतीश जायसवाल, पंकज जयसवाल, चंदन जायसवाल, विनय शंकर जयसवाल, धीरज जायसवाल, राजेंद्र पासवान, अनिल कुमार रवि, दिनेश कुमार पासवान, सुनील कुमार अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल एवं कई श्रीराम सैनिक बंधु उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### मनरेगा योजना का बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण



**भवनाथपुर।** प्रखंड के कैलान पंचायत में गढ़वा लोकपाल सुशील कुमार तिवारी एवं बीडीओ जयपाल महतो के द्वारा पंचायत में संचालित मनरेगा योजना का औचक निरीक्षण किया। झुरही टोला में तालाब निर्माण में सूचना बॉड, मेडिकल किट लगाने का निर्देश रोजगार सेवक को दिया। तालाब निर्माण पर मेठ के उपस्थिति ना देखकर रोजगार सेवक को फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि हर हाल में मेठ उपस्थित होनी चाहिए। वही कहुया तालाब निर्माण स्थल पर बोर्ड टूट पाया। वही मेठ के उपस्थित नहीं पाया गया। जेई श्याम चौधरी को लोकपाल द्वारा निर्देश दिया गया कि नापी के अनुसार मजदूर से मिट्टी कटवाए एवं मजदूरों से अधिक काम न लेने का हिदायत दिया। मजदूर को देखते हुए बीपीओ दयानद प्रजापति को मानव दिवस बढ़ाने जिससे मजदूरों को योजना का लाभ मिल सकें। विश्वनाथ यादव एवं अशोक कुमार सिंह के कूप निर्माण पूरा होने के बाद भी मटेरियल का भुगतान नहीं होने पर रोजगार सेवक परमानंद ठाकुर को जल्द से जल्द भुगतान कराने का निर्देश दिया।

### सुखाड़ राहत योजना को लेकर सीओ ने लोगो को दी कई जानकारी

**विशुनपुरा/गढ़वा।** सोमवार की संध्या सात बजे अमहर खास पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन विशुनपुरा अंचलाधिकारी निधि रजवार की अध्यक्षता में की गई। अध्यक्षता कर रही सीओ निधि रजवार ने कहा कि जो किसान अभी तक सुखाड़ राहत का आवेदन या ईकेवाईसी नही करा पाएं है 30 नवंबर तक अपने प्रज्ञा केंद्र में करा लें ताकि किसानों को सुखाड़ राहत का लाभ मिल सके। वहीं ग्राम सभा मुखिया ललित नारायण सिंह उर्फ ददन सिंह, बिस सूत्री अध्यक्ष सलेन्द्र प्रताप देव, बीडीसी भरदुल चन्द्रवंशी,प्रज्ञा केंद्र संचालक राकेश गुप्ता सहित किसान मौजूद थे।

### मुखिया ने किया असहाय ग्रामीणों के बीच कम्बल का वितरण

**रमना।** सिलिदाग पंचायत के पंचायत सचिवालय में बढ़ती ठंडी को देखते हुए असमर्थ और बेसहारा ग्रामीणों के कम्बल वितरण किया गया। इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती शांति देवी, मुखिया अनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य सुरुजदेव राम, उपमुखिया सुनीता देवी, जेएमएम कार्यकर्त्ता नागेंद्र कुमार सिंह,रोजगार सेवक धर्मेंद्र कुमार,पंचायत स्वमं सेवक प्रदीप कुमार मेहता, वार्ड सदस्य विनय ठाकुर,प्रदीप कुमार, प्रभा देवी, अंजली देवी उपस्थित थे। प्रखंड द्वारा प्राप्त कुल 160 कंबलो का वितरण असहाय, विधवा, विकलांग और मंदबुद्धि पंचायत के ग्रामीणों के बीच दिया गया। इस मौके पर ग्रामीण करम देव बैठा, बासुदेव चौधरी सत्येंद्र पाल,सुदेश उरांव, राकेश चंद्रवंशी, अखिलेश कुमार, वकील सिंह, उमेश्वर पाल,सतेंद्र भारती, छोटन सिंह, अजीत सिंह एवं काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### खरौंधी मोड़ पर लगा हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट खराब, लोग परेशान



**भवनाथपुर।** सांसद बी डी राम द्वारा सांसद निधि से खरौंधी मोड़ पर लगा हाई मास्टर स्ट्रीट लाइट एक सप्ताह में ही खराब हो गया। परंतु इसे दुरुस्त कराने को लेकर अब तक सांसद एवं उसके समर्थक कोई कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय लोगों सहित के दुकानदारों में गया चन्द्रवंशी, बब्लू यादवा, उमेश कुमार, विद्यानंद प्रजापति, संतोष कुमार, सत्येंद्र कुमार, अजीत कुमार, शंभू कुमार,बुचून आदि का कहना है कि सांसद बीड़ी राम द्वारा खरौंधी मोड़ पर में रात को रोशनी की व्यवस्था करने के लिए हाई मास्ट लाइट लगवाई थी। लाइट लगने के बाद कुछ समय तक तो चौक पर रोशनी रहती थी, मगर कुछ दिनों बाद खराब हो गई, जिसको आजतक तक ठीक नहीं करवाया गया। इस कारण हाई मास्ट लाइट मात्र शोपीस बन गई है। कहा कि लाइट खराब होने के कारण रात को बाजार में खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। प्रशासन को जल्द से जल्द खराब पड़ी हाई मास्ट लाइट को ठीक करवाना चाहिए, ताकि लोगों को परेशानी से निजात मिल सके। प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव प्रसाद यादव से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने मोबाइल नहीं उठाया।

### जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति की डीडीसी ने की बैठक

# अन्नराज डैम में वाटर स्पोर्ट्स को मिलेगा बढ़ावा

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति गढ़वा की बैठक उप विकास आयुक्त गढ़वा राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में संपन्न की गई। जिला अंतर्गत खेलकूद एवं पर्यटन आदि को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा लगभग 68 लाख की राशि उपलब्ध कराई गई है। बैठक में कुछ मुख्य एजेंडा यथा- जलक्रीड़ा एवं साहसिक क्रीड़ा के उपकरणों को आवश्यकतानुसार क्रय करने के संबंध में तथा जलक्रीड़ा एवं साहसिक क्रीड़ा के संचालन हेतु प्रशिक्षण के संबंध में चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने हेतु गढ़वा सदर प्रखंड अंतर्गत अन्नराज डैम को चिन्हित किया गया। उक्त डैम में वाटर स्पोर्ट्स के अंतर्गत मोटरचालित (ईंधन द्वारा) एवं गैर-मोटरचालित (बिना ईंधन वाला) दोनों प्रकार की नौकायें संचालित की जाएंगी। स्थल को मनोरम बनाने हेतु मनरेगा से पौधरोपण कराने का भी निर्णय लिया गया। नौका के संचालन एवं देखरेख के कार्यों हेतु स्थानीय लोगों को रखने पर बल दिया गया। सैलानियों एवं जान माल की रक्षा हेतु सुरक्षा के पहलुओं पर भी विशेष चर्चा की गई। स्थल पर कैफिटेरिया (भोजनालय) आदि की व्यवस्था करने पर भी निर्णय लिया गया। जिसके तहत जेएसएलपीएस एवं नाबार्ड के सहयोग से कैफिटेरिया का निर्माण कराया जाएगा। स्थल पर लाइटनिंग एवं सौंदर्यीकरण अथवा अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु 15वें वित्त एवं मनरेगा कि कुछ योजनाओं को भी लागू कर उन्हें मूर्त रूप दिया जाएगा। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, डीडीएम नाबार्ड लक्ष्मण कुमार, कार्यपालक अभियंता धर्मेंद्र कुमार, एलडीएम इंदु भूषण लाल, जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, जेएमएम प्रवक्ता, धीरज दुबे एवम अन्य उपस्थित थें।

## चालक की हुई हत्या, घर पर शव पहुंचते ही मचा कोहराम

नवीन मेल संवाददाता



**डंडई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के कोरबा जिला अंतर्गत दीपिका गांव में वाहन चला रहा डंडई गांव का 28 वर्षीय व्यक्ति शिव शंकर राम की रविवार रात्रि हत्या कर दी गई । मंगलवार को मृतक का शव घर पर पहुंचते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया । मृतक के चार बच्चे और दो पत्नियां हैं । शव को साथ में लेकर आया विकास कुमार व मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हम दोनों मृतक के वाहन मालिक के घर के अगल बगल में रहकर ही दूसरे वाहन मालिक का वाहन चला रहे थे। घटना के बाद जैसे ही जानकारी मिली तो अपने अपने वाहन को यथा स्थल पर छोड़ हम सभी कोरवा के एमसीएच अस्पताल पहुंच गए। तब तक मृतक की पोस्टमार्टम हो चुकी थी। उसके बाद दूसरे वाहन मालिक के दिए एम्बुलेंस पर लोड कर मृतक के शव को लेकर उसके गांव डंडई आ गए । उन्होंने बताया कि मृतक को वाहन मालिक के बेटे कुणाल की ओर से सप्ताह दिन पहले उसे जान मारने की धमकी दी गई थी । इसकी जानकारी मृतक शिव शंकर ने अपने मोबाइल के माध्यम हम दोनो तक पहुंचाया था। उन्होंने कहा कि घटना के बाद मृतक के शव को वर्तमान वाहन मालिक के बजाय दूसरे वाहन मालिक की ओर से एंबुलेंस रिजर्व कर मृतक के शव को उनके घर तक भेजा गया। उसके सुबह पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा जब पोस्ट मास्टम के लिए एमसीएच अस्पताल लाया गया तो जानकारी के बाद वहां पर पहुंचने के बाद उसकी पहचान हम लोगों ने शिवशंकर के रूप में किया।

## अज्ञात बोलेरो और बाइक की सीधी टक्कर में एक युवक घायल

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के रनपुरा गांव के सलवाही टोला में बीते देर रात हुए एक अज्ञात बोलेरो तथा मोटरसाइकिल की सीधी टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे राहगीरों की मदद से व चिनिया थाना प्रभारी की पहल पर गंभीर रूप से घायल युवक को उठाकर बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भेज दिया गया है । प्राप्त खबरों के अनुसार छत्तीसगढ़ के शिवपुर थाना के चिनीया गांव निवासी मनोज सिंह पिता स्वर्गीय विजय सिंह अपने हीरो कंपनी सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल जिसका नंबर सीजी30,ऊ7019 से चिनिया रामानुजगंज मुख्य सड़क से होते हुए अपने घर की तरफ जा रहा था कि इसी बीच रणपुरा के सलवाही टोले में विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही अज्ञात महिंद्रा कंपनी का बोलेरो वाहन मोटरसाइकिल में सीधी टक्कर मार दी जिसके कारण युवक मनोज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया है । तथा प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मनोज सिंह के दोनों पैर टूट चुके हैं वह अपनी बेहोशी की हालत में अपना पता जैसे तैसे बताया । इधर मौके से अज्ञात बोलेरो भागने में सफल रहा जबकि बोलेरो का बंपर उक्त घटनास्थल पर ही गिरा पड़ा हुआ है । वही राहगीरों की नजर जब इस घायल युवक पर पड़ी तो घायल युवक को उठाकर इसकी सूचना चीनिया थाना को दी गई। इधर राहगीरों ने करीब 1 घंटे तक 108 नंबर पर फोन कर एंबुलेंस मंगवाने की कोशिश करते रहे लेकिन 108 नंबर से कोई जवाब नहीं आया। वही चीनिया थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर तथा अपनी अपनी तत्परता दिखाते हुए रनपुरा गांव के ही निजी वाहन से घायल युवक को राहगीरो की मदद से उठाकर बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भेज दिया है ।

## यज्ञशाला निर्माण के लिए भूमि चयनित

### तीन दिसम्बर को ज्ञान संस्कृति की परीक्षा की तारीख भी निर्धारित

नवीन मेल संवाददाता



**मझिआंव।** मझिआंव के चन्द्री स्थित नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ में मां गायत्री एवं माता वैष्णव देवी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के निर्देशन में आगामी एक से पांच मार्च तक आयोजित गायत्री महायज्ञ के लिये संरक्षक राधकृष्ण मंदिर के महंत बाल ब्रह्मचारी साधु बाबा केशवनारायण दास द्वारा यज्ञशाला निर्माण के लिए भूमि का चयन किया गया। साथ ही पांच मंजिल वाले यज्ञशाला के निर्माणकर्ता दवनकरा गांव के सुरेश विश्वकर्मा एवं सुमेर विश्वकर्मा को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। इस अवसर पर 03 दिसम्बर को यज्ञशाला निर्माण के लिए भूमि पूजन की तिथि निर्धारित की गई। मौके पर उपस्थित कोर कमेटी के अध्यक्ष सह भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के संयोजक अच्युतानंद तिवारी ने कहा कि 03 दिसम्बर को ही ज्ञान संस्कृति की परीक्षा की तिथि भी निर्धारित की गई है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पिछले दिनों हार्ट अटैक से मृत गरदहा हाई स्कूल के पूर्व लिपिक हरिगोबिन्द तिवारी एवं कैंसर से मृत मझिआंव निवासी मुकेश कुमार सिंह की असमय मृत्यु पर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए माँ गायत्री से प्रार्थना की गई। मौके पर गायत्री महायज्ञ के अध्यक्ष शिव प्रसाद, प्रखंड संयोजक नागेन्द्र सिंह,युवा जिला संयोजक बिरेन्द्र सोनी, कोषाध्यक्ष अशोक चौरसिया,बेचन राम, अशोक विश्वकर्मा,सुनरदेव राम एवं घनश्याम प्रसाद उपस्थित थे।

### प्रकाण्ड विद्वान पंडित राजेश्वर मिश्र रत्न के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडलीय पेंशनर समाज के कार्यालय में सेवा निवृत्त शिक्षक सह हिन्दी साहित्य के प्रकाण्ड विद्वान पंडित राजेश्वर मिश्र रत्न के निधन पर मंगलवार को शोक सभा का आयोजन किया गया.शोकसभा में उपस्थित पेंशनर समाज के सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति व शोकाकुल स्वजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए दो मिनट का मौन रख ईश्वर से प्रार्थना किया. मौके पर पेंशनर समाज के अध्यक्ष गदाधर पांडेय, सचिव शिव शंकर प्रसाद, उपाध्यक्ष रामानंद पांडेय, कार्यालय सचिव शिवनरायण चौबे, जयमूर्ति चौबे, रामलखन शुक्ल, विंध्याचल शुक्ल, जयकिशोर शुक्ल सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे।

### कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास

**गढ़वा।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के पचधारा गांव निवासी रविंद्र कुमार की पत्नी प्रतिमा देवी कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में बताया गया कि प्रतिमा देवी को किसी बात को लेकर अपने पति के साथ आपस में विवाद हुआ था इसके बाद प्रतिमा ने आक्रोशित होकर कीटनाशक दवा खा लिया घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों से उसे विश्रामपुर अस्पताल इलाज के लिए भर्ती कराया जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।

### संदेहास्पद स्थिति में वृद्ध की मौत

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के पचपड़वा मोड़ के समीप संदेहास्पद स्थिति में गिरने से पड़ोसी राज्य उड़ीसा के खमेश्वरी पाली गांव निवासी गणेश प्रसाद साहू की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गई घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। जहां मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गणेश प्रसाद साहू पिछले दिनों अपने बड़े पुत्र के पास पचपड़वा आया हुआ था जहां शाम को घूमने निकला था उसी दौरान पुलिस ने सड़क से शव को बरामद किया और उसे सदर अस्पताल ले लाया रात भर सो अस्पताल में पढ़ा रहा सुबह जब उसकी सूचना परिजनों को मिला तो परिजनों ने शव को पहचान किया और उसका पोस्टमार्टम कराया गया। जानकारी के अनुसार उनका बड़ा पुत्र पिछले कुछ वर्षों से पचपेड़वा में किराना दुकान चलाता था वह अपने बड़े पुत्र से ही मिलने आया था।

## टीबी मरीजों को गोद लेकर अपने खर्च से पोषक आहार उपलब्ध कराने के लिए आगे आ रहे हैं लोग

नवीन मेल संवाददाता




**गढ़वा।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें अपने खर्च से पोषक आहार देने के लिए अब कई लोग आगे आ रहे हैं। सिविल सर्जन कार्यालय गढ़वा के लिपिक धीरज पाठक ने एक टीबी मरीज को गोद लेकर मंगलवार को उसे पोषक आहार के रुप में फूड बास्केट अपने व्यक्तिगत खर्च से उपलब्ध कराया।

धीरज पाठक ने कहा कि उक्त मरीज का दवा चलने तक वे पोषक आहार उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि टीबी के उन्मूलन के लक्ष्य को जन सहभागिता से आसानी से हासिल किया जा सकता है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए वे अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे। टीबी मुक्त समाज के निर्माण के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्हें अपने परिवार तथा स्वास्थ्य विभाग से जरुरतमंद लोगों की सहायता करने की प्रेरणा मिलती रही है। समाज के एक सदस्य के रुप में टीबी मुक्त समाज का निर्माण करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। टीबी मरीजों को गोद लेकर फूड बास्केट प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के कई लोग आगे आ रहे हैं। अब तक जिला मलेरिया सलाहकार अरविंद कुमार द्विवेदी ने भी एक टीबी मरीज को गोद लेकर फूड बास्केट प्रदान किया गया है। मौके पर यक्ष्मा विभाग के डीपीसी डा. पुरुषेश्वर मिश्र, लेखापाल निशांत कुमार सिन्हा, पीपीएम समन्वयक नुरूल्लाह अंसारी, प्रयोगशाला प्रावैधिक अनुज कुमार, विश्वास कुमार शर्मा, दिनेश उरांव आदि उपस्थित थे।

## माइक्रो फाइनेंस कर्मी से दिन दहाड़े लूट, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता



**रमना।** क्षेत्र के टंडवा ग्राम मे भारत माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी से सोमवार के अप्राह्न मोटर साइकिल सवार दो लोगो ने दिनदहाड़े एक लाख 61 हजार 993 रुपये नगद के साथ एक टैब और एक बायोमैट्रिक सिस्टम को लूट कर फरार हो गए। घटना की प्राथमिकी भूगतभोगी कंपनी के एसएम विशुनपुरा थाना क्षेत्र के कोचया ग्राम निवासी प्रभा कुमारी के लिखित आवेदन पर दर्ज कर लिया गया है। थाना को दिए गये आवेदन के मुताबिक प्रभा कुमारी सोमवार को टंडवा ग्राम के चल रहे चार सेंटरों से पैसा एकत्रित कर जमा कराने के लिए स्कूटी से मुख्य शाखा श्री बंशीधर नगर जाने के लिए निकलने के साथ ही पीछे से मोटर साइकल पर एक चालक और एक सावार दो लोग करीब पहुंचे। मोटर साइकल पर पीछे बैठा युवक मुझे स्कूटी से गिरा कर पैसो से भरा काले रंग के बैग को लूट लिया । प्रभा कुमारी के द्वारा लूटेरो को पकड़ने का प्रयास भी किया गया लेकिन लूटेरे भागने मे सफल रहे।

इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी विवेक पंडित बताये कि माइक्रो फाइनेंस कर्मी के साथ लूट की घटना की प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान जारी है,जल्द ही घटना में संलिप्त लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### भारत जोड़ो यात्रा में झामुमो का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं मिथिलेश ठाकुर, पहुंचे इंदौर

# भारत जोड़ो यात्रा से एक सूत्र में बंधेगा देश: मिथिलेश

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर झारखंड से झामुमो का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मंत्री श्री ठाकुर इस यात्रा में शामिल होने के लिए इंदौर पहुंच गए हैं। वहां मंगलवार को झामुमो एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रतिनिधि के रूप में भारत जोड़ो यात्रा में उन्होंने भाग लिया।

मौके पर संबोधित करते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज देश में भारत जोड़ो यात्रा निकालने की आवश्यकता क्यों पड़ी, यह बहुत ही सोचनीय है। यह देशव्यापी यात्रा है। आज देश से अंग्रेज चले गए। परंतु उनकी नीति फूट डालो शासन करो पर आज भाजपा पूरी मजबूती से चल रही है। भाजपा ने इसे शत प्रतिशत अपना लिया है। देश में अंग्रेजों के शासन काल से भी स्थिति आज बदतर हो गई है। भाजपा ने पूरे देश में जात, पात एवं धर्म के नाम पर नफरत का जहर घोल दिया है। उन्होंने कहा कि गंगा-जमुनी तहजीब की इस धरती पर आज लोगों के दिमाग में नफरत का जहर घोला जा रहा है और भाजपा इसी फूट डालो शासन करो की नीति पर काम कर रही है। आज हमारा समाज जिस तरह से विभाजित हो गया है ऐसा तो स्वतंत्रता के बाद क्या स्वतंत्रता से पहले भी नहीं हुआ था। जब देश का विभाजन हुआ था उस समय भी ऐसी अराजक स्थिति नहीं थी। आज आम लोगों के साथ-साथ रंगों और महापुरुषों को भी बांटा जा रहा है। सरदार पटेल ने आजीवन कांग्रेस एवं देश की सेवा की। जिन्होंने कांग्रेस एवं देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। भाजपा आज उन्हें रोल मॉडल बना रही है। जिस नर्मदा सरोवर पर सरदार पटेल की प्रतिमा स्थापित की गई है, उस नर्मदा सरोवर की आधारशिला पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ही रखी थी। भाजपाइयों ने बापू को भी नहीं बख्शा। स्वतंत्रता आंदोलन में जिनका रती भर भी योगदान नहीं रहा है वे आज महापुरुषों व स्वतंत्रता सेनानियों को गलियां दे रहे हैं। यदि हम अब भी नहीं चेते तो पूरा समाज, पूरा देश को खंडित होने से कोई नहीं रोक सकता। देशवासियों के जेहन से इस नफरत को मिटाने के लिए ही यह भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की गई है। यह यात्रा 2024 तक चलेगी। यह तब तक चलेगी जब तक भाजपा की सरकार को उखाड़ नहीं फेकते। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी देश के प्रत्येक राज्यों में जनता इस यात्रा का समर्थन कर रही है। सारा देश एक सूत्र में जुड़ रहा है। मंत्री ने कहा कि आज स्थिति यह बन गई है कि देश के जिन प्रदेशों में भाजपा का शासन नहीं है वहां भाजपाइयों को सभी चोर एवं भ्रष्टाचारी ही दिखते हैं और जिन प्रदेशों में भाजपा का शासन है, वहां सभी गंगाजल के धुले हुए हैं । गैर भाजपा शासित प्रदेशों में केंद्र सीबीआई, एसीबी आदि एजेंसियों का सहारा लेकर वहां की सरकार को अस्थिर एवं विकास को बाधित करने कर रही है। मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी का यह कदम बहुत ही साहसिक एवं ऐतिहासिक है। इसका लाभ देश को 2024 में जरूर मिलेगा। सभी लोग मिलकर देश को एक सूत्र में बांधे एवं आपसी सद्भावना व सौहार्द को कायम रखें।

## चिनियां हनुमान मंदिर के समीप दो सवारी गाड़ी के ड्राइवर आपस में भिड़े

नवीन मेल संवाददाता



**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के नीचे हनुमान मंदिर के समीप मंगलवार को दो सवारी गाड़ी के ड्राइवर आपस में भिड़ गए, जिससे लोगों ने दोनों ड्राइवरों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया । आपको बताते चलें कि सवारी लेकर पहले जाने की होड़ में आए दिन उक्त स्थल पर सवारी गाड़ी के ड्राइवर लड़ते झगड़ते रहते हैं जबकि इस कारनामे से आम ग्रामीणों को भी काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है कारण कि सवारी गाड़ी को चिनिया गढ़वा मुख्य सड़क के सटे लगाकर घंटो ड्राइवर सवारी का इंतजार किया करते हैं जिससे जाम की स्थिति भी बनी रहती है जिसका खामियाजा आम ग्रामीणों को ही भुगतना पड़ता है, हालांकि इससे पहले भी चीनिया पुलिस ने कई बार ड्राइवरों को कड़ी फटकार लगाई है कि सड़क के सटे सवारी वाहन को खड़ा ना करें । फिर भी सवारी गाड़ी को सड़क के स्टेप खड़ा कर आए दिन ड्राइवर आपस में लड़ते लड़ते रहते हैं वही मंगलवार को दो ड्राइवरों को आपस में लड़ते देख आसपास के लोगों ने दोनों को समझा कर मामले को शांत करा दिया है ।

## न्यूज गैलरी

### बाइक सवार युवक ने सड़क पार कर रहे व्यक्ति को मारी टक्कर, रिम्स रेफर

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के दामोदर स्कूल के समीप सोमवार देर शाम तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने सड़क पार कर रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाबु राम यादव पिता मुनेश्वर यादव (45) वर्ष दुसरूवा पिपरा पलामू गंभीर रूप से घायल हो गया टक्कर मारने के बाद बाइक चला रहा युवक राजेश गंझू पिता लक्ष्मण गंझू पतराटोली चंदवा भी दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बाबू राम लावालौंग मेला से काड़ा (जानवर) लेकर आ रहा था तभी दामोदर स्कूल के समीप बाइक सवार युवक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनो घायलों एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जँहा डॉ नीलिमा के द्वारा प्राथमिक उपचार के पश्चात बाबू राम की गंभीरता को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया।दुर्घटना में बाइक चला रहे युवक को मामूली चोटें आई है।

### झालसा के दिशा-निर्देश में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन




**मयूरहंड (चतरा)।** मंगलवार को जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत पुरैनी मध्य विद्यालय में झालसा रांची के दिशानिर्देशन में संविधान दिवस सप्ताह के अवसर पर छात्रों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह एवं सचिव प्रज्ञा वाजपेई के निदेशानुसार पीएलभी के नेतृत्व में आयोजन किया गया। बताया गया की छात्रों द्वारा किया गया पेंटिंग जिला विधिक सेवा प्राधिकार को भेजा जाएगा। इस दौरान टीम के सदस्यों ने छात्रों एवं शिक्षकों को संविधान द्वारा प्रदत्त कानून, अधिकार एवम कर्तव्यों के बारे में जानकारी दिया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक विकास कुमार सिंह, रामजीवन सिंह, विजय ठाकुर एवं पीएलभी दयानंद कुमार शर्मा, मुजाहिर हुसैन के अलावा छात्र उपस्थित थे।

### अवैध लकड़ी की कटाई मामले में प्राथमिकी दर्ज, एक को भेजा गया जेल

**गिद्धौर (चतरा)।** जिले के गिद्धौर थाना अंतर्गत मंझगांवा पंचायत के कुबरी गांव में गैरमजरूआ भूमि से हरे भरे पेड़ काटकर चोरी कर बेचने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। प्राथमिकी राजस्व उपनिरीक्षक शिव कुमार मंडल के बयान पर दर्ज किया गया है। दर्ज प्राथमिकी में मंझगावा कुबरी गांव के इब्राहिम मियां को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने इब्राहिम मियां को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। बताया जाता है कि सोमवार को कुबरी गांव के गैरमजरुआ भूमि पर लगे हरे भरे पेड़ को अवैध रूप से कटाई किए जाने का मामला प्रकाश में आया था। जिसकी सूचना पर अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक, थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल सहित अन्य अधिकारी पहुंचकर मामले की विस्तृत जानकारी लेने के साथ दो ट्रैक्टर लकड़ी जब्त किया और तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। हालांकि पूछताछ के बाद पुलिस ने दो को छोड़ दिया।

### बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों के साथ बीडीओ ने की बैठक, दिये कई निर्देश



**मयूरहंड(चतरा)।** मंगलवार को जिले के मयूरहंड प्रखंड सभागार में बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा ने बीएलओ व पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर कई आवश्यक निर्देश दिया। बीडीओ ने अभी बूथों का भौतिक जानकारी लेते हुए कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों से जवाब तलब किया। सभी बीएलओ को निर्देश देते हुए बीडीओ श्री सिन्हा ने कहा की प्रखंड में नौ नवम्बर से आठ दिसंबर तक मतदाता पुनरीक्षण का कार्य जारी है। इस कार्यक्रम के तहत क्षेत्र में सभी बीएलओ को प्रपत्र छः, सात, आठ को ऑनलाइन करना है। सरकार के आदेश के बाद भी कई मतदान केंद्रों पर प्रपत्र छः ऑनलाइन करने की आंकड़ा दस तक भी नही छू पाएं हैं। इससे नाराज बीडीओ ने सभी बीएलओ को प्रत्येक दिन विशेष कैम्प लगाने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीआरओ सतीश मिश्रा, पर्यवेक्षक चंदन कुमार समेत कई बीएलओ मौजूद थे।

## शिक्षा विभाग के अवर सचिव ने गंगा स्मारक उच्च विद्यालय का किया निरीक्षण

# बिरसा मुंडा से संबंधित जानकारी नहीं दे पाए छात्र



नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर(चतरा)।** मंगलवार को शिक्षा विभाग के अवर सचिव अखिलेश कुमार सिंह गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान अवर सचिव ने छात्र- छत्राओं से विभिन्न विषयों पर पूछ ताछ किया तो लगभग विद्यार्थियों ने सही उत्तर दिया, जिसकी अवर सचिव ने सराहना किया। वहीं इस दौरान अवर सचिव ने लाइब्रेरी की जांच भी किया। जिसमे लाइब्रेरी से संविधन दिवस, गीता व वीर विरसा नामक बुक कुछ विद्यार्थियों द्वारा ले जाने की जानकारी दी गई। इसके बाद बुक ले गये छात्र-छात्राओं से सचिव ने संविधान से धारा व अनुसूची, गीता से धर्म व वीर बिरसा पुस्तक से पूछ-ताछ किया तो गीता से धर्म सम्बंधित जानकारी तो दी गई, लेकिन संविधान से पूछे गये प्रश्न, धारा, अनुसूची व वीर विरसा से उलाहातु व उलगुलान से संबंधित प्रश्न पूछा लेकिन उतर नही दे पाए। अवर सचिव ने छात्रों को मेहनत करने की बात कही। जबकि शिक्षकों को इस पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा जनरल नॉलेज की जानकारी बच्चों में होना अति आवश्यक है। जबकि शिक्षकों को करेंट्स अफेयर्स के साथ-साथ झारखंड व देश से संबंधित समय-समय पर जानकारी देने का निर्देश दिया। इसके बाद अवर सचिव ने विद्यालय में अनुपस्थित रहने वाले छात्र छात्राओं की जानकारी उपस्थिति पंजी से लिया। मौके पर बीडीओ संजीत कुमार सिंह, बीईओ मंजू देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बिनोद दांगी, उपाध्यक्ष निशा देवी सहित विद्यालय शिक्षक उपस्थित थे।

### मेरी आजादी, मेरा अधिकार विषय पर कार्यशाला आयोजित

**गिद्धौर (चतरा)।** मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय में इब्तिदा नेटवर्क के तत्वधान में मेरी आजादी मेरा अधिकार विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में घरेलू हिंसा, बाहरी हिंसा, छेड़खानी, बाल विवाह, बाल श्रम, महिला हिंसा सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा दी गई। इस कार्यशाला में दीपज्योति झारखंड विकास केंद्र, तेजस्विनी परियोजना के साथ-साथ विभिन्न संस्था के महिलाएं व किशोरियों ने भाग लिया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल उपस्थित थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी व दीपज्योति झारखंड विकास केंद्र के सचिव चंचला सोनी ने कहा महिला हिंसा सामाजिक अपराध है। इस पर अंकुश लगाया जाना सभी लोगों की दायित्व है। कार्यशाला में तेजस्विनी के प्रखंड समन्वयक संध्या कुमारी, ममता कुमारी, उषा कुमारी, शकुंतला देवी, मीना देवी, पूनम देवी, अंगिरा कुमारी सहित अन्य शामिल थे।

## पत्थलगड़ा में डीडीसी ने योजनाओं से संबंधित ली कई जानकारियां



नवीन मेल संवाददाता

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** जिले के उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता मंगलवार को पत्थलगड़ा प्रखण्ड के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। इस दौरान श्री गुप्ता ने प्रखण्ड कार्यालय पहुंच बैठक कर सभी कर्मियों से सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों तथा योजनाओं के बारे में जानकारी ली। कार्यों को अधूरे पाने पर कई रोजगार सेवक व पंचायत सेवक को कड़ी फटकार लगाई। वहीं जल्द ही अधूरे कार्यों को पूरा करने का सख्त निर्देश दिया। समीक्षा बैठक के बाद उप विकास आयुक्त प्रखण्ड के बेलहर में संचालित विभिन्न योजनाओं का अवलोकन करने के साथ ही बेलहर में एक प्रधानमंत्री आवास का गृह प्रवेश कराया। इस दौरान बीडीओ मोनी कुमारी, मुखिया संदीप कुमार सुमन, पंचायत सेवक मो असलम, रोजगार सेवक महेंद्र ठाकुर के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं नोनगांव में आंगनबाड़ी निर्माण को लेकर जमीन विवाद का भी अवलोकन किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण को लेकर जमीन विवाद पर अपना पक्ष रखा। डीडीसी के साथ बीडीओ सह अंचलाधिकारी मोनी कुमारी, प्रमुख मनीषा कुमारी, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, बीपीओ रामकुमार सिंह, एसआई दिलीप यादव, नोनगांव मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा, पंचायत सेवक भुनेश्वर ठाकुर, रोजगार सेवक संतोष तिवारी आदि उपस्थित थे।

## हत्या में संलिप्त फरार आरोपी को बरवाडीह पुलिस ने किया गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह पुलिस ने छिपादोहर के छिपादोहर के ओमप्रकाश यादव हत्या प्रकरण में हत्या में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरवाडी थाना कांड संख्या 86 /21 दिनांक 10/09/ 2021धारा 364 /302 /201/ 34 आईपीसी 27 आर्म्स एक्ट के पुलिस अधीक्षक लातेहार के गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिल्लू लोहरा के निर्देश पर ओम प्रकाश यादव चर्चित हत्या प्रकरण में ग्राम केड छिपादोहर को जेजेएमपी उग्रग्रवादी सूरज जी तथा उसके साथियों द्वारा सूरज जी के पत्नी से प्रेम संबंध का आरोप लगाकर हत्या किया गया था। इस कांड में सकलदीप सिंह तथा इसके साथियों के द्वारा ओमप्रकाश यादव को दिनांक 09/09/2021 को छिपादोहर बाजार से हथियार के बल पर उठा कर उकामांड रेलवे ट्रेक के बगल में ओमप्रकाश यादव को गोली मारकर हत्या कर रेलवे ट्रेक के बगल में लाश को फेंक दिया था। जहां से ओम प्रकाश यादव का क्षत क्षविशत शव बरामद किया गया था। इस संबंध में बरवाडी थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह ने बताया कि हत्या प्रकरण में संलिप्त फरार अभियुक्त सकलदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त सकलदीप सिंह ग्राम उक्कामाड को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### आठ एकड़ में लगा अफीम की खेती नष्ट



**कुंदा (चतरा)।** जिले के कुंदा थाना प्रभारी परमानंद मेहरा के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती व जंगली क्षेत्रों में लगाये गये अफीम खेती के उन्मूलन को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार को थाना क्षेत्र के हेसातु व नावाडीह के जंगली क्षेत्रों में लगभग 8 एकड़ में लगे अफीम फसल को ट्रैक्टर की सहायता से नष्ट किया गया। अभियान में थाना प्रभारी के सात अन्य पुलिस कर्मी व वनकर्मी शामिल थे।

## सुखाड़ राहत योजना के ऑनलाइन आवेदन करने में तकनीकी खराबी, किसान परेशान

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातु।** मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के आवेदन में तकनीक खराबी होने के कारण प्रखंड के हजारों किसान है परेशान। सुखा से प्रभावित होने को लेकर राज्य सरकार ने कई प्रखंडों को सुखाड़ घोषित किया है। जिसमें बारियातु प्रखंड शामिल हैं। सभी सुखा ग्रस्त प्रखंड के किसानों को राज्य सरकार ने राहत देने की घोषणा की है जिसको लेकर किसानों को आवेदन करने के लिए प्रज्ञा केन्द्र के माध्यम से वेबसाईट में आवेदन करने को कहा गया है। पर बीते लगभग एक सप्ताह से सरकार द्वारा जारी पोर्टल का साईट लगातार खराब रहने के कारण सदर पंचायत बारियातु, डाढ़ा, फुलसु, बालुभांग, गोनिया, शिबला, साल्वे, टोंटी व अमरवाडीह के हजारों किसानों का ऑनलाइन पोर्टल में आवेदन, केवाइसी एवं msry नहीं हो पा रहा है जिसको लेकर किसान अपने सभी कार्य छोड़ प्रखंड मुख्यालय पहुँच कर कई प्रज्ञा केन्द्रों में दिन बीता कर बैरन लौट रहे हैं। वहीं मंगलवार को किसान मो सईद, प्रदीप उरांव, महेश भगत, छोटन यादव, बिनोद यादव, बढ़न उरांव, बिनिता कुमारी, फनिक ठाकुर, कालेश्वर उरांव, अनरूद ठाकुर, प्रदीप प्रजापति, जावेद अख्तर, जनुवा उरांव, सुरेन्द्र उरांव, मो हारिश, देवलाल, मो अहमद सहित कई किसानों ने प्रज्ञा केन्द्र के समीप खड़ा हो कर उपायुक्त भोर सिंह यादव, विधायक बैजनाथ, कृषि मंत्री बादल पत्र लेख व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से समय सिमा बढाते हुए जारी पोर्ट को दुरूस्त करने का मांग किया है। इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार से बात करने पर बताया कि सरकार द्वारा जारी पोर्टल में तकनीकी खराबी की सुचना मिली है दुरूस्त कराने को लेकर विभाग एवं उपायुक्त से वार्ता की गई है बहुत ही जल्द पोर्टल में सुधार हो जाएगा।



## बेहराही गांव में मृत महिला का हिंदू वादी नेता अरुण उपाध्याय ने की दाह संस्कार

### मृतक के परिजनों ने दाह संस्कार कराने से किया इनकार



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत परसही पंचायत के बेहराही ग्राम के तुकुवापथल में मगंलवार की सुबह एक महिला का शव बरामद किया गया है । मृतक की पहचान जीरवा कुंवर पति स्वर्गीय नागेश्वर प्रजापति (45) लातेहार बाईपास चौक निवासी के रुप में की गई है । ज्ञात हो कि जब ग्रामीण शौच के लिए खेतो में गए तो ग्रामीणों ने देखा की एक अज्ञात शव पड़ा हुआ है। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पूलिस को सुचना मिलते ही एसआई गौरव सिंह घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी लिया। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वही श्री सिंह से बताया कि प्रथम द्दष्टया पता चलता है कि महिला की मौत नायलॉन की रस्सी से गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस के द्वारा मृतक के परिजनो को दूरभाष के माध्यम से कई बार सूचना दिया गया । परंतु सूचना मिलने के बावजूद भी परिजनों ने घटनास्थल पर आने से साफ मना कर दिया । सूत्रों के मुताबिक बताया जाता है की। मृतक का कोई नहीं था अकेले ही जीवन यापन कर रही थी। अपने भरण पोषण करने के लिए। गोतिया के बिना मर्जी के ही पड़ोस के रहने वाले को दो डिसमिल जमीन बेच दिया था। जिसको लेकर दोनों परिवार के बीच मनमुटाव चल रहा था। मनमुटाव ज्यादा बढ़ जाने के कारण केस मुकदमा तक पहुंच गया। इधर कई लोगों के द्वारा परिजनों को समझाया गया लेकिन परिजनों ने मृतक का दाह संस्कार करने से साफ इनकार करने पर हिंदूवादी नेता अरुण उपाध्याय के द्वारा मृतक को घाट ले जाकर दाह संस्कार किया गया ।

## मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर विद्यार्थियों को दी जानकारी




**सिमरिया (चतरा)।** मंगलवार को सिमरिया डिग्री महाविद्यालय के सभाकक्ष में निर्वाचन विभाग के तत्वधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाता सूची में विद्यार्थियों को नाम दर्ज करवाने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि जिनकी आयु 01 जनवरी 2023 तक 18 वर्ष की होगी वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने के लिए प्रपत्र-06 भर कर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया गया कि इसके लिए वे अपने-अपने बूथ पर बीएलओ से सम्पर्क कर सकते हैं। प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र कुमार बक्शी ने वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से आनलाइन आवेदन किए जाने का तरीका भी बताया। इस अवसर पर सभी प्राध्यापक, शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में 2 मामलें निष्पादित

**लातेहार।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग लातेहार में आज 2 मामलों का सुलह समझौता के आधार पर निष्पादन हुआ। जिला उपभोक्ता आयोग में अपीलार्थी उमेश प्रसाद एवं कपुर्णी देवी द्वारा एग्जीक्यूशन वाद लाया गया था जिसके आलोक में विपक्षी के द्वारा सुलह समझौता कर चेक प्रदान कर मामले का निष्पादन कर दिया गया। इस निष्पादन से दोनों पक्ष संतुष्ट एवं खुश है। इन मामलों के निष्पादन में आयोग के अध्यक्ष अजीत कुमार, महिला सदस्य वीना कुमारी, पुरुष सदस्य उमेश सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार उपेंद्र कुमार एवं आयोग के कर्मचारीगण रोहित कुमार, दिवाकर कुमार गुप्ता, सुभाष लकडा , क्रिस्टीना कुजूर, भोला प्रसाद यादव, सुरेंद्र राम एवं चौकीदार रंजीत कुमार उपस्थित रहे।

### नाबालिग के साथ यौन शोषण करने का आरोपी गिरफ्तार

**चंदवा।** थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की का यौन शोषण करने के आरोपी अरुण उरांव (26) पिता बोले उरांव (डूमारो, चंदवा) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चंदवा के प्रभारी पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शादी का झांसा देकर पिछले 6 महीने से 12 वर्षीय नाबालिक लड़की का यौन शोषण कर रहा था। इस दौरान नाबालिक लड़की गर्भवती भी हो गयी। इसके बाद भी जब आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया तो लड़की ने उसके विरुद्ध थाने में मामला दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि नाबालिग द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर थाने में कांड संख्या 138/22 दर्ज कर जांच शुरू की गयी। जांच के क्रम में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसे लातेहार जेल भेज दिया गया है। जबकि नाबालिक को सीडब्ल्यूसी के हवाले कर दिया गया।

## पंचायत समिति की बैठक में सुखाड़ राहत योजना का पोर्टल का दो दिनों से सर्वर डाउन का उठा मामला

# शिविर और प्रज्ञा केंद्र का चक्कर लगा रहे किसान



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** पंचायत समिति की बैठक प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रमुख मनीषा उरांव की अध्यक्षता में आयोजित कि गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि नल जल योजना का निगरानी करें, काम सही हो इसके लिए काम पर नजर रखें, नल जल योजना के तहत यह सुनिश्चित किया जाय कि पाईप के माध्यम से हर घर में नल पहुंचे। उन्होंने आगे कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य चल रहा है, बीएलओ से संपर्क कर नए लोगों का नाम जुड़वाने के लिए लोगों को प्रेरित करें। पंचायत समिति की मद का सदुपयोग करने की बात कही कहा कि विवाद को पहले निपटा लें उसके बाद ही कार्य शुरू करें। कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का पोर्टल में दो दिनों से सर्वर डाउन रहने का मामला उठाते हुए कहा है कि आज जमीरा समेत अन्य पंचायत में शिविर लगा है लेकिन मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना की पोर्टल का सर्वर डाउन है इस लिए शिविर में एक भी किसान का आवेदन ऑनलाइन नहीं हो पाया, दो दिनों से सर्वर डाउन चल रहा है, इसपर बीडीओ ने तुरंत फोन कर इसे जल्द ठीक कराने की बात कही, उन्होंने कहा कि पंचायतों में आयोजित शिविर का और प्रज्ञा केंद्र का चक्कर लगा कर किसान काफी परेशान हैं। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के पोर्टल में किसानों का आवेदन नहीं हो रहा निबंधन/अपलोड बैंकों का वेबसाइट बंद रहने से किसानों का ईकेवाईसी के लिए हो रही है परेशानी। सुखाड़ राहत योजना का आवेदन ऑनलाइन करने के लिए किसान पंचायतों में आयोजित शिविर/ कैंप जा रहे हैं लेकिन किसानों का आवेदन ऑनलाइन नहीं हो पा रहा है इससे किसानों में काफी निराशा है। बैठक में प्रमुख मनीषा उरांव, बीडीओ विजय कुमार, उप प्रमुख अश्वीनी मिश्रा, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मनीता देवी, नीलम देवी, अनीता देवी, लिलामनी कुमारी, संगीत देवी, लीलावती देवी, अनुरोध कुजूर, बलकू मुंडा, बुधन गंझू, प्रखंड समन्वयक कुशध्वज, रितेश कुमार, जेई नरेश प्रजापति, विवेक कुमार, शिव मोहन उरांव, एई सतीश लकड़ा, जीपीएस ईसीदोर आईनंद समेत अन्य शामिल थे।

### ऑनलाईन फार्म भरने की तिथि 15 दिसंबर तक हो : अयुब

पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने पत्रकारों को बताया है कि राज्य सरकार 26 नवंबर को घोषणा करती है की फार्म ऑनलाइन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर है। अब 27, 28, 29 नवंबर तक सर्वर डाउन है, अंतिम तिथि कल क्या होगा यह भविष्य में है। किसान अपनी काम काज छोड़कर कैंप /शिविर में जा रहे हैं दिन दिन भर बैठकर मायुस घर लोट रहे हैं। चार दिन में सुखाड़ से प्रभावित किसानो का सुखाड़ राहत योजना में आनलाईन आवेदन फर्म भरना है जो किसी भी तरह से संभव नहीं है। किसानों में समुचित रूप से जानकारी भी नहीं पहुंचाया गया है, साथ ही सरकार ने पहले कहा था कि सुखाड़ का राहत देने के लिए कोई शर्त नहीं होगा, बाद में सरकार ने कई सर्तें लगा दी जो गलत है, सरल पद्धति से सुखाड़ का आवेदन फर्म आनलाईन भरने की गारंटी किया जाए ताकि सभी किसानों को सुखाड़ राहत का लाभ मिल सके। पंसस अयुब खान ने आनलाईन फार्म भरने की तिथि 15 दिसंबर तक करने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से किया है।

## गरीबों के लिए वरदान साबित होगा सामूहिक विवाह समारोह : शशि भूषण



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड में कार्यरत स्वयंसेवी संस्था नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी के द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम जोर शोर से कराया जाएगा। जिसे लेकर सोसाइटी के अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी इस योजना का प्रचार प्रसार कर क्षेत्र की गरीब बेटियों का विवाह इस योजना के जरिए कराने की अपील कर रहें है, और लोगों को सामूहिक विवाह के लिए जागरूक करने का काम कर रहें है। इसी क्रम में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के बाल विकास परियोजना कार्यालय में सीडीपीओ अनिता कुमारी की उपस्थिति में आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने सामूहिक विवाह योजना का लाभ गरीब परिवार की बच्चियों को दिलाने की अपील श्री तिवारी ने किया। कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से अपने पोषक क्षेत्र अंतर्गत इस योजना का प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक कर सकती है। उन्होंने बताया कि कई ऐसे जरूरतमंद माता पिता है जो आर्थिक तंगी के कारण बेटियों की शादी कराने में असमर्थ है। वैसे लोगों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सामूहिक विवाह में निर्धन परिवारों को विवाह के लिए निबंध कराने की अपील भी सभी से किया। इस दौरान बैठक में उपस्थित सेविकाओं ने एकमत होकर सामूहिक विवाह के आयोजन को बेहतर बताया और इसका समर्थन किया। कार्यक्रम में सोसाइटी के कोषाध्यक्ष देवनाथ सिंह, सोसाइटी सदस्य रामनाथ उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।


# हमारे शिल्पकार भारत की विरासत के राजदूत, संस्कृति के प्रकाश स्तंभ : धनखड़



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को यहां कपड़ा मंत्रालय द्वारा आयोजित शिल्प गुरु और राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह में देश के शिल्पकारों को भारत की विरासत का राजदूत और संस्कृति के प्रकाश-स्तंभ की संज्ञा दी। इस कार्यक्रम को कपड़ा, वाणिज्य एवं उद्योग तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री पीयूष गोयल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में देश भर से अपने-अपने क्षेत्र में सिद्धहस्त शिल्पकारों को वर्ष 2017, 2018 और 2019 के लिए 30 शिल्प गुरु पुरस्कार और 78 राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें से 36 महिलाएं हैं। इन पुरस्कारों का मुख्य उद्देश्य शिल्प कौशल में उनकी उत्कृष्टता और भारतीय हस्तशिल्प और वस्त्र क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान के लिए मान्यता देना है। कोविड19 महामारी के संकट के दौरान समारोह बीच में भौतिक रूप से नहीं हो सकता था। विज्ञान भवन में आयोजित पुरस्कार समारोह में उपराष्ट्रपति ने कहा, शिल्पकार हमारी संस्कृति के प्रकाश स्तंभ हैं। मुझे आज यह कहने का सौभाग्य मिला है कि आप हमारी संस्कृति और रचनाधर्मिता के सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली अंगारे हैं। आप दुनिया को यह दिखाते हैं कि भारत के पास कौशल का विशाल खजाना है। श्री धनखड़ ने कहा, आज हम निवेश और अवसर के लिए विश्व स्तर पर सबसे पसंदीदा गंतव्य हैं और हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र से जुड़े शिल्पकारों ने इस वृद्धि में अपनी भूमिका निभाई है। कारीगरों की शिल्प कौशल और कौशल के बारे में बात करते हुए उप-राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसे परिष्कृत कौशल भारत को गौरवान्वित करते हैं। श्री धनखड़ ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता यह दशार्ती है कि दुनिया प्रधानमंत्री और उनके दृष्टिकोण को सुन रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि दशक के अंत तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। श्री गोयल ने संबोधन के दौरान कहा कि हस्तकला हथकरघा एक आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी भारत के लिए आधारशिला है जो बाकी दुनिया के साथ जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत का हस्तशिल्प/हथकरघा निर्यात बढ़ रहा है। साथ ही, हमारे उत्पाद दूसरों की तुलना में अधिक टिकाऊ होते हैं। उन्होंने कहा कि सदियों से हमारे शिल्पकारों ने पत्थर, धातु, चंदन और मिट्टी में जीवन लाने के लिए अपने स्वयं के - अक्सर अद्वितीय-तरीकों और तकनीकों का विकास किया है।

श्री गोयल ने रोजगार सृजन में हस्तशिल्प क्षेत्र की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि वस्तुओं का उत्पादन कम पूंजी निवेश पर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों को आजीविका के अवसर प्रदान करता है और एक अच्छा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार है, जो भारतीय विरासत, संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है। श्री गोयल ने कहा कि हस्तशिल्प को बढ़ावा देने से न केवल देश के पारंपरिक मूल्यों और समकालीन दृष्टिकोण के बीच संतुलन सुनिश्चित होता है बल्कि देश के कुशल हाथों को आश्रय भी मिलता है।

## शक्ति नीति के तहत पांच साल में 4500 मेगावाट बिजली की खरीद की योजना



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** बिजली की कमी का सामना कर रहे राज्यों की मदद करने और उत्पादन संयंत्रों को उनकी क्षमता बढ़ाने में मदद करने की योजना के तहत पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड ने 4,500 मेगावाट की आपूर्ति के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। यह जानकारी बिजली मंत्रायल की एक विज्ञप्ति में दी गयी है। बिजली आपूर्ति निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि 21 दिसंबर है। पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) है। विज्ञप्ति के अनुसार यह निविदा शक्ति नीति के शक्ति नीति के पैरा (5) के तहत पहली बार जारी की गयी है और इसके तहत बिजली की आपूर्ति अप्रैल 2023 से शुरू हो जाएगी। बयान के अनुसार कोयला मंत्रालय से इसके लिए सालाना लगभग 27 लाख टन कोयला आवंटित करने काने का अनुरोध किया गया है। विद्युत मंत्रालय ने शक्ति नीति के पैरा बी (5) के तहत प्रतिस्पर्धी आधार पर या वित्त, स्वामित्व और संचालन (एफओओ) के आधार पर 4500 मेगावाट की कुल बिजली खरीद के लिए एक योजना शुरू की है। बयान के मुताबिक इस योजना में गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, नयी दिल्ली नगर निगम और तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने रुचि दिखायी है।

## इंडिया ने जमशेदपुर में टाटा स्टीपल के लिये 2022 डेल्टा टेक्नोलॉजी डे इवेंट का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**




**जमशेदपुर।** पावर और थर्मल मैनेजमेंट सॉल्यूशंस में दुनिया की प्रमुख कंपनी डेल्टा ने हाल ही में जमेशदपुर में विगत 24 नवंबर को टेक्नोलॉजी डे इवेंट का आयोजन किया। इस इवेंट में टाटा ग्रुप के 140 लोगों ने भाग लिया। यह इवेंट डेल्टा का दृष्टिकोण दिखाता है, जिसमें हमारी धरती की सबसे महत्ववपूर्ण समस्याकओं में से कुछ को हल करने के लिये भागीदारियों को प्रोत्साहित किया जाता है और हर किसी को प्रभावी सकारात्मोक बदलाव के लिये सक्षम बनाया जाता है। डेल्टात का हर काम स्थाायित्व पर केन्द्रित होता है। यह उपलब्धियों की सराहना करने, सम्बंकधों को बढ़ावा देने और एक अनुकूल भविष्यो की योजना बनाने का एक अवसर था। टाटा स्टींल अपने उत्सर्जन कम करने के लिये प्रतिबद्ध है और स्टीाल बनाने में सीओ 2 न्यूलट्रल होने की महत्वा्कांक्षा रखती है। इसे हासिल करने के लिये, टाटा स्टी ल सीओ 2 का उत्सेर्जन कम करने हेतु कई परियोजनाओं में शामिल है। इसके अलावा, एक बेहतर कल के लिये अभिनव, पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा-सक्षम समाधान प्रदान करना पिछले 50 वर्षों से डेल्टार का कॉपोरेट मिशन रहा है। ऐसी चुनौतियों का सामना करने में डेल्टार का एक लंबा इतिहास है और समाज के कम कार्बन वाले भविष्य में हम स्टील की महत्व पूर्ण भूमिका पर बड़ा विश्वाास रखते हैं। इसलिए स्थािपत्वा की यात्रा में टाटा ग्रुप की सहायता के लिये डेल्टां इलेक्ट्रॉ निक्सक टेक्नोालॉजी डे इवेंट का आयोजन टाटा ग्रुप को सहकार्य का एक मंच देने और उद्योग के तकनीक से सम्बंलधित नये चलन दिखाने के लिये हुआ था, ताकि समग्र और स्था यी वृद्धि की बेहतर तैयारी हो सके। डेल्टान और टाटा ग्रुप, दोनों के वरिष्ठ प्रबंधन ने इस मौके पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

## फोर्ब्स ने जारी की भारत के 100 सबसे अमीरों की सूची, गौतम अडानी और मुकेश अंबानी शीर्ष स्थान पर बरकरार



**नई दिल्ली।** फोर्ब्स 2022 की भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की सूची जारी हो गई है। सूची के मुताबिक, भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की संयुक्त संपत्ति 25 अरब डॉलर बढ़कर 800 अरब डॉलर हो गई है। शेयर बाजार में एक साल पहले की तुलना में मामूली गिरावट के बावजूद रकम में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सबसे बड़ी गिरावट रुपए की कमजोरी की वजह से आई, जिसमें इसी अवधि में 10 फीसदी तक गिरावट दर्ज की गई। गौतम अडानी ने सूची में पहले नंबर पर बने हुए हैं। जिनके बाद मुकेश अंबानी हैं, जो सूची में दूसरे स्थान पर हैं। फोर्ब्स के आंकड़ों के मुताबिक, टॉप 10 सबसे अमीर लोगों की कुल संपत्ति 385 अरब डॉलर है। भारत के सबसे अमीर व्यक्ति की कुल संपत्ति 150 अरब डॉलर है जबकि सबसे अमीर महिला की कुल संपत्ति 16.4 अरब डॉलर है। इस लिस्ट में 9 महिलाएं हैं। अडानी ग्रुप के अध्यक्ष की कुल संपत्ति 1,211,460.11 करोड़ रुपए है। दमानी ने 2002 में एक स्टोर के साथ रिटेल में प्रवेश किया और अब भारत में 271 डीमार्ट स्टोर हैं। दुनिया की सबसे बड़ी वैक्सीन निर्माण कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के चेयरमैन साइरस पूनावाला की कुल संपत्ति 173,642.62 करोड़ रुपए है। पूनावाला की संपत्ति में स्टड फार्म भी शामिल हैं।

## भारत-यूएई समझौते से जुड़ेगी जीसीसी

**नई दिल्ली।** अगर भारत और छह सदस्यीय खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की वार्ता शुरू करने में और देरी होती है तब जीसीसी के अन्य सदस्य देशों के पास समान नियम और शर्तों पर भारत-यूएई व्यापार समझौते में शामिल होने का विकल्प होगा। मामले के जानकार सूत्रों ने यह जानकारी दी। भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) मुक्त व्यापार समझौते में, देशों ने एक शर्त रखी थी कि अगर दोनों देश सहमत होते हैं तब किसी तीसरे देश या राष्ट्रों के समूह के पास व्यापार समझौते में एक पक्ष के तौर पर शामिल होने का विकल्प होगा। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि उस देश को भारत को वही रियायतें देनी होंगी जो यूएई ने दी थीं। भारत यूएई मुक्त व्यापार समझौते के मुताबिक, ह्यकोई भी देश, देशों का समूह या सीमा शुल्क क्षेत्र (जिसका संदर्भ बाद में ह्यसहमति देने वाले पक्ष के रूप में दिया जाता है) इस समझौते में शामिल हो सकते हैं। हालांकि ऐसे नियमों और शर्तों के अधीन इस समझौते को स्वीकार करने वाले पक्षों की सहमति हो सकती है और इस समझौते में शामिल होने वाले पक्ष और या पक्षों के समूह, लागू आंतरिक कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार मंजूरी का पालन कर सकते हैं। भारत-यूएई एफटीए मसौदे के अनुसार, ह्यसमझौते में शामिल होना संयुक्त समिति के पास सहमति पत्र जमा होने की तारीख से 60 दिनों तक प्रभावी होगा। उन्होंने बताया कि अन्य देशों को समझौते में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एफटीए में यह उपबंध जोड़ा गया और इसे एक क्षेत्रीय समझौता बनाया गया है। जीसीसी देशों बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और भारत को पिछले सप्ताह एफटीए वार्ता शुरू करनी थी। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि समयसीमा में देरी हुई है क्योंकि वे अभी भी संदर्भ के शर्तों पर काम कर रहे हैं और दोनों पक्ष एक साथ अन्य देशों के साथ व्यापार सौदों पर बातचीत कर रहे हैं।

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**संख्या – 01/2022–23/EE/RWD/DALTONGANJ**

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /01/2022-23 | पंचायत सगालीम, ग्राम–परसिया में देवी मंडप से पिछुलिया नाला तक पथ निर्माण कार्य । (1.050कि0मी0) | 91.403 लाख | एकान्बे दसमलव चार शून्य तीन लाख रूपये मात्र | 06 माह | प्रथम |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 02.12.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 15.12.2022 up to 5.00 PM
4. (क) जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, रांची अथवा (ग) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, रांची में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 16.12.2022 अपराह्न 3.30 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 17.12.2022 पूर्वाह्न 11.30 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7903448085
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के पक्ष में भुगतेय, जो लौटाया नहीं जायेगा । विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,
डालटनगंज।

PR 283745 (Rural Work Department) 22-23 (D)

### वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड
### कार्यालय :- वन संरक्षक, कार्य नियोजना अंचल, मेदिनीनगर

**Walk in Interview**

वन संरक्षक, कार्य नियोजना अंचल, मेदिनीनगर द्वारा विभिन्न वन प्रमंडलों के अधीन सुरक्षित एवं आरक्षित वनों के सीमा का Digitisation, Geo-referencing of Cadastral Maps के कार्य हेतु सीमित समय अवधि के लिए GIS Technician(s) का चयन "Walk in Interview" द्वारा दिनांक–12 दिसम्बर, 2022 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से किया जाना है।

इच्छुक उम्मीदवार अपना संक्षिप्त Resumé तथा मूल शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव प्रमाण–पत्रों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय, वन संरक्षक, कार्य नियोजना अंचल, मेदिनीनगर में उपस्थित होकर Walk in Interview में भाग ले सकते हैं। वांछित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | पद की संख्या (संभावित) | मानदेय प्रतिमाह (रूपये) | वांछित शैक्षणिक योग्यता | Skills required | अनुभव | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | GIS Technician | 2 | 35000.00 | Graduation with PG Diploma/ Degree in GIS/Remote Sensing from Reputed Institute. | • Operational Knowledge and Understanding of (1) AutoCAD Map 3D, (2) QGIS/Arc GIS • Understanding of Fundamentals of Remote Sensing & GIS | 2 Years Experience in Digitisation and Geo-referencing of Cadastral Maps. | |

यह Engagement पूर्णतः अस्थाई है एवं कभी भी बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त किया जा सकता है। उम्मीदवार नियमित नियुक्ति का कदापि दावा नहीं करेंगे। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु कोई भी यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम होगा।

**नोट :–** निम्न जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में वन संरक्षक, कार्य नियोजना अंचल, मेदिनीनगर के वन भवन, जेलहाता स्थित कार्यालय तथा राकेश रंजन, जी0 आई0 एस0 तकनीशियन, जी0 आई0 एस0 सेल, कार्य नियोजना अंचल, मेदिनीनगर के मोबाईल न0 +917091322033 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

वन संरक्षक
कार्य नियोजना अंचल
मेदिनीनगर

PR 283754 Forest, Environment and Climate Changes (22-23)_D

### कार्यालय, जिला परिवहन पदाधिकारी, पलामू
Email- ID:-dtopalamu03@Gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य मुख्यालय से प्राप्त निम्नांकिंत वाहनों का भार क्षमता(Leaden Weight) अब तक सुधार नहीं किया गया है। बिना सुधार किये वैसे वाहनों का परिचालन दण्डनीय है।
अतः निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन की तिथि से पन्द्रह(15)दिनों के भीतर सुधार करना सुनिशिचत करें। जो निम्नवत है:–

| Non revision of RLW of goods vehicles | | | Non revision of RLW of goods vehicles | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Sl No. | Registration No. | Vehicle Class | Sl No. | Registration No. | Vehicle Class |
| 1 | AP28BL9801 | Goods Carrier | 26 | JH01Y8593 | Goods Carrier |
| 2 | BR15A3306 | Goods Carrier | 27 | JH02D7126 | Goods Carrier |
| 3 | BR15A9454 | Goods Carrier | 28 | JH02G6867 | Goods Carrier |
| 4 | BR15G0314 | Goods Carrier | 29 | JH03A0933 | Goods Carrier |
| 5 | BR15G0523 | Goods Carrier | 30 | JH03A1456 | Goods Carrier |
| 6 | BR15G0999 | Goods Carrier | 31 | JH03A3786 | Goods Carrier |
| 7 | BR15G7047 | Goods Carrier | 32 | JH03A4538 | Goods Carrier |
| 8 | BR21D6603 | Goods Carrier | 33 | JH03A4881 | Goods Carrier |
| 9 | BR45G0993 | Goods Carrier | 34 | JH03A4882 | Goods Carrier |
| 10 | BR45G0996 | Goods Carrier | 35 | JH03A7866 | Goods Carrier |
| 11 | BR45G1036 | Goods Carrier | 36 | JH03A8984 | Goods Carrier |
| 12 | CG04J0172 | Goods Carrier | 37 | JH03A9965 | Goods Carrier |
| 13 | CG04JB3746 | Goods Carrier | 38 | JH03B0089 | Goods Carrier |
| 14 | CG10C6900 | Goods Carrier | 39 | JH03B0098 | Goods Carrier |
| 15 | CG10C6903 | Goods Carrier | 40 | JH03B0923 | Goods Carrier |
| 16 | CG12C2618 | Goods Carrier | 41 | JH03B1132 | Goods Carrier |
| 17 | CG15A2076 | Goods Carrier | 42 | JH03B1339 | Goods Carrier |
| 18 | CG15A2077 | Goods Carrier | 43 | JH03B1359 | Goods Carrier |
| 19 | CG15A3033 | Goods Carrier | 44 | JH03B2260 | Goods Carrier |
| 20 | HR55A4888 | Goods Carrier | 45 | JH03B3274 | Goods Carrier |
| 21 | HR55B7534 | Goods Carrier | 46 | JH03B4552 | Goods Carrier |
| 22 | HR637183 | Goods Carrier | 47 | JH03B5344 | Goods Carrier |
| 23 | JH01A7998 | Goods Carrier | 48 | JH03B7232 | Goods Carrier |
| 24 | JH01AN2700 | Goods Carrier | 49 | JH03B7234 | Goods Carrier |
| 25 | JH01T7022 | Goods Carrier | 50 | JH03B7447 | Goods Carrier |
| 51 | JH03B7861 | Goods Carrier | 91 | JH03D2856 | Goods Carrier |
| 52 | JH03B8035 | Goods Carrier | 92 | JH03D2982 | Goods Carrier |
| 53 | JH03B8721 | Goods Carrier | 93 | JH03D2991 | Goods Carrier |
| 54 | JH03B9230 | Goods Carrier | 94 | JH03D3009 | Goods Carrier |
| 55 | JH03B9234 | Goods Carrier | 95 | JH03D3018 | Goods Carrier |
| 56 | JH03B9832 | Goods Carrier | 96 | JH03D3027 | Goods Carrier |
| 57 | JH03C0591 | Goods Carrier | 97 | JH03D3036 | Goods Carrier |
| 58 | JH03C0811 | Goods Carrier | 98 | JH03D3045 | Goods Carrier |
| 59 | JH03C1058 | Goods Carrier | 99 | JH03D3054 | Goods Carrier |
| 60 | JH03C1227 | Goods Carrier | 100 | JH03D3063 | Goods Carrier |
| 61 | JH03C2438 | Goods Carrier | 101 | JH03D3072 | Goods Carrier |
| 62 | JH03C2902 | Goods Carrier | 102 | JH03D3944 | Goods Carrier |
| 63 | JH03C3163 | Goods Carrier | 103 | JH03D3945 | Goods Carrier |
| 64 | JH03C3316 | Goods Carrier | 104 | JH03D3946 | Goods Carrier |
| 65 | JH03C3530 | Goods Carrier | 105 | JH03D4006 | Goods Carrier |
| 66 | JH03C3531 | Goods Carrier | 106 | JH03D4007 | Goods Carrier |
| 67 | JH03C4841 | Goods Carrier | 107 | JH03D4008 | Goods Carrier |
| 68 | JH03C5556 | Goods Carrier | 108 | JH03D4009 | Goods Carrier |
| 69 | JH03C5691 | Goods Carrier | 109 | JH03D4010 | Goods Carrier |
| 70 | JH03C5885 | Goods Carrier | 110 | JH03D4011 | Goods Carrier |
| 71 | JH03C6069 | Goods Carrier | 111 | JH03D4012 | Goods Carrier |
| 72 | JH03C6128 | Goods Carrier | 112 | JH03D4013 | Goods Carrier |
| 73 | JH03C6511 | Goods Carrier | 113 | JH03D4014 | Goods Carrier |
| 74 | JH03C7752 | Goods Carrier | 114 | JH03D4015 | Goods Carrier |
| 75 | JH03C7761 | Goods Carrier | 115 | JH03D5051 | Goods Carrier |
| 76 | JH03C7775 | Goods Carrier | 116 | JH03D5073 | Goods Carrier |
| 77 | JH03C7788 | Goods Carrier | 117 | JH03D7042 | Goods Carrier |
| 78 | JH03C7986 | Goods Carrier | 118 | JH03D7043 | Goods Carrier |
| 79 | JH03C8727 | Goods Carrier | 119 | JH03E0394 | Goods Carrier |
| 80 | JH03C8874 | Goods Carrier | 120 | JH03E0432 | Goods Carrier |
| 81 | JH03C8877 | Goods Carrier | 121 | JH03E0535 | Goods Carrier |
| 82 | JH03C9301 | Goods Carrier | 122 | JH03E1713 | Goods Carrier |
| 83 | JH03C9777 | Goods Carrier | 123 | JH03E3970 | Goods Carrier |
| 84 | JH03C9910 | Goods Carrier | 124 | JH03E4726 | Goods Carrier |
| 85 | JH03C9982 | Goods Carrier | 125 | JH03E4882 | Goods Carrier |
| 86 | JH03D0756 | Goods Carrier | 126 | JH03E4892 | Goods Carrier |
| 87 | JH03D1404 | Goods Carrier | 127 | JH03E4974 | Goods Carrier |
| 88 | JH03D1933 | Goods Carrier | 128 | JH03E6748 | Goods Carrier |
| 89 | JH03D2256 | Goods Carrier | 129 | JH03E7117 | Goods Carrier |
| 90 | JH03D2657 | Goods Carrier | 130 | JH03E7464 | Goods Carrier |
| 131 | JH03E7465 | Goods Carrier | 171 | JH03K0376 | Goods Carrier |
| 132 | JH03E9256 | Goods Carrier | 172 | JH03K0929 | Goods Carrier |
| 133 | JH03E9686 | Goods Carrier | 173 | JH03K1219 | Goods Carrier |
| 134 | JH03F2381 | Goods Carrier | 174 | JH03K1854 | Goods Carrier |
| 135 | JH03F2700 | Goods Carrier | 175 | JH03K2857 | Goods Carrier |
| 136 | JH03F3255 | Goods Carrier | 176 | JH03K2947 | Goods Carrier |
| 137 | JH03F3698 | Goods Carrier | 177 | JH03K3253 | Goods Carrier |
| 138 | JH03F3781 | Goods Carrier | 178 | JH03K5264 | Goods Carrier |
| 139 | JH03F4304 | Goods Carrier | 179 | JH03K5277 | Goods Carrier |
| 140 | JH03F4509 | Goods Carrier | 180 | JH03K5388 | Goods Carrier |
| 141 | JH03F5110 | Goods Carrier | 181 | JH03K7771 | Goods Carrier |
| 142 | JH03F7979 | Goods Carrier | 182 | JH03K8181 | Goods Carrier |
| 143 | JH03F8181 | Goods Carrier | 183 | JH03K9401 | Goods Carrier |
| 144 | JH03F9497 | Goods Carrier | 184 | JH03L1120 | Goods Carrier |
| 145 | JH03F9499 | Goods Carrier | 185 | JH03L1269 | Goods Carrier |
| 146 | JH03G3281 | Goods Carrier | 186 | JH03L1978 | Goods Carrier |
| 147 | JH03G3293 | Goods Carrier | 187 | JH03L2634 | Goods Carrier |
| 148 | JH03G3294 | Goods Carrier | 188 | JH03L2713 | Goods Carrier |
| 149 | JH03G3837 | Goods Carrier | 189 | JH03L2946 | Goods Carrier |
| 150 | JH03G4310 | Goods Carrier | 190 | JH03L3268 | Goods Carrier |
| 151 | JH03G4840 | Goods Carrier | 191 | JH03L3290 | Goods Carrier |
| 152 | JH03G4845 | Goods Carrier | 192 | JH03L4583 | Goods Carrier |
| 153 | JH03G7086 | Goods Carrier | 193 | JH03L5184 | Goods Carrier |
| 154 | JH03G7619 | Goods Carrier | 194 | JH03L5200 | Goods Carrier |
| 155 | JH03H1956 | Goods Carrier | 195 | JH03L5342 | Goods Carrier |
| 156 | JH03H2186 | Goods Carrier | 196 | JH03L5571 | Goods Carrier |
| 157 | JH03H5651 | Goods Carrier | 197 | JH03L5733 | Goods Carrier |
| 158 | JH03H6061 | Goods Carrier | 198 | JH03L6183 | Goods Carrier |
| 159 | JH03H6062 | Goods Carrier | 199 | JH03L6420 | Goods Carrier |
| 160 | JH03H6713 | Goods Carrier | 200 | JH03L6940 | Goods Carrier |
| 161 | JH03H6714 | Goods Carrier | 201 | JH03L7476 | Goods Carrier |
| 162 | JH03H6715 | Goods Carrier | 202 | JH03L7951 | Goods Carrier |
| 163 | JH03J0937 | Goods Carrier | 203 | JH03L8404 | Goods Carrier |
| 164 | JH03J3869 | Goods Carrier | 204 | JH03M0156 | Goods Carrier |
| 165 | JH03J5161 | Goods Carrier | 205 | JH03M0648 | Goods Carrier |
| 166 | JH03J6254 | Goods Carrier | 206 | JH03M0831 | Goods Carrier |
| 167 | JH03J6731 | Goods Carrier | 207 | JH03M1220 | Goods Carrier |
| 168 | JH03J7341 | Goods Carrier | 208 | JH03M1675 | Goods Carrier |
| 169 | JH03J7809 | Goods Carrier | 209 | JH03M1811 | Goods Carrier |
| 170 | JH03K0195 | Goods Carrier | 210 | JH03M1910 | Goods Carrier |
| 211 | JH03M2294 | Goods Carrier | 251 | JH03N7829 | Goods Carrier |
| 212 | JH03M2495 | Goods Carrier | 252 | JH03N8661 | Goods Carrier |
| 213 | JH03M4083 | Goods Carrier | 253 | JH03N8781 | Goods Carrier |
| 214 | JH03M4284 | Goods Carrier | 254 | JH03N9224 | Goods Carrier |
| 215 | JH03M5803 | Goods Carrier | 255 | JH03N9522 | Goods Carrier |
| 216 | JH03M6489 | Goods Carrier | 256 | JH03N9645 | Goods Carrier |
| 217 | JH03M7264 | Goods Carrier | 257 | JH03N9825 | Goods Carrier |
| 218 | JH03M7407 | Goods Carrier | 258 | JH03N9828 | Goods Carrier |
| 219 | JH03M7834 | Goods Carrier | 259 | JH03P0506 | Goods Carrier |
| 220 | JH03M7836 | Goods Carrier | 260 | JH03P0752 | Goods carrier |
| 221 | JH03M7893 | Goods Carrier | 261 | JH03P1010 | NS_CAB |
| 222 | JH03M8171 | Goods Carrier | 262 | JH03P1038 | TIPPER |
| 223 | JH03M8282 | Goods Carrier | 263 | JH03P1221 | TIPPER |
| 224 | JH03M8650 | Goods Carrier | 264 | JH03P1546 | TIPPER |
| 225 | JH03M8933 | Goods Carrier | 265 | JH03P1610 | TRKFUL |
| 226 | JH03M9559 | Goods Carrier | 266 | JH03P1792 | TIPPER |
| 227 | JH03N0164 | Goods Carrier | 267 | JH03P2433 | TRKFUL |
| 228 | JH03N0561 | Goods Carrier | 268 | JH03P3370 | TIPPER |
| 229 | JH03N0872 | Goods Carrier | 269 | JH03P3455 | TIPPER |
| 230 | JH03N1091 | Goods Carrier | 270 | JH03P3675 | TIPPER |
| 231 | JH03N2195 | Goods Carrier | 271 | JH03P3718 | TIPPER |
| 232 | JH03N2437 | Goods Carrier | 272 | JH03P4320 | TIPPER |
| 233 | JH03N2508 | Goods Carrier | 273 | JH03P4404 | TIPPER |
| 234 | JH03N2776 | Goods Carrier | 274 | JH03P4545 | TRUCK |
| 235 | JH03N2858 | Goods Carrier | 275 | JH03P4554 | TRUCK |
| 236 | JH03N2884 | Goods Carrier | 276 | JH03P4796 | TIPPER |
| 237 | JH03N3415 | Goods Carrier | 277 | JH03P4914 | TIPPER |
| 238 | JH03N4545 | Goods Carrier | 278 | JH03P5169 | TIPPER |
| 239 | JH03N4554 | Goods Carrier | 279 | JH03P5176 | TIPPER |
| 240 | JH03N5125 | Goods Carrier | 280 | JH03P5405 | TIPPER |
| 241 | JH03N5696 | Goods Carrier | 281 | JH03P5576 | TIPPER |
| 242 | JH03N5846 | Goods Carrier | 282 | JH03P5949 | TIPPER |
| 243 | JH03N6433 | Goods Carrier | 283 | JH03P6136 | TIPPER |
| 244 | JH03N6498 | Goods Carrier | 284 | JH03P6340 | TIPPER |
| 245 | JH03N6588 | Goods Carrier | 285 | JH03P6372 | TIPPER |
| 246 | JH03N6592 | Goods Carrier | 286 | JH03P6576 | TIPPER |
| 247 | JH03N7193 | Goods Carrier | 287 | JH03P7157 | TIPPER |
| 248 | JH03N7229 | Goods Carrier | 288 | JH03P7561 | TIPPER |
| 249 | JH03N7330 | Goods Carrier | 289 | JH03P7918 | TIPPER |
| 250 | JH03N7795 | Goods Carrier | 290 | JH03P8000 | TIPPER |
| 291 | JH03P8072 | TIPPER | 311 | JH03Q5553 | TIPPER |
| 292 | JH03P9003 | TIPPER | 312 | JH03Q5692 | TIPPER |
| 293 | JH03P9219 | TIPPER | 313 | JH03Q5694 | TIPPER |
| 294 | JH03Q0199 | TIPPER | 314 | JH03Q5884 | TIPPER |
| 295 | JH03Q0215 | TIPPER | 315 | JH03Q6142 | TIPPER BODY |
| 296 | JH03Q0417 | TIPPER | 316 | JH03Q6903 | TIPPER |
| 297 | JH03Q0562 | TIPPER | 317 | JH03Q7355 | NS_CAB |
| 298 | JH03Q0628 | TIPPER | 318 | JH03Q8365 | TIPPER |
| 299 | JH03Q1039 | TIPPER | 319 | JH03Q8863 | TIPPER |
| 300 | JH03Q1366 | TIPPER | 320 | JH03Q9247 | TIPPER |
| 301 | JH03Q1548 | TIPPER | 321 | JH03Q9323 | TIPPER |
| 302 | JH03Q1741 | TIPPER | 322 | JH03Q9365 | TRUCK |
| 303 | JH03Q3247 | TIPPER | 323 | JH03Q9416 | TIPPER |
| 304 | JH03Q3331 | TIPPER | 324 | JH03Q9847 | TIPPER |
| 305 | JH03Q3448 | TIPPER | 325 | JH03Q9991 | TRUCK |
| 306 | JH03Q4510 | TIPPER | 326 | JH03R0227 | TIPPER |
| 307 | JH03Q4886 | TIPPER | 327 | JH03R0733 | TIPPER |
| 308 | JH03Q5042 | TRUCK | 328 | JH03R0878 | TIPPER |
| 309 | JH03Q5429 | TIPPER | 329 | JH03R1131 | TIPPER |
| 310 | JH03Q5444 | TIPPER | 330 | JH03R1425 | TIPPER |

• उपरोक्त मे जिनके द्वारा वाहनों का भार क्षमता सुधार करवा लिया गया है, उनके लिए यह आदेश अमान्य होगा।

विशवासभाजन
जिला परिवहन पदाधिकारी
पलामू।

PR 283735 Transport(22-23)D

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार 30 नवम्बर 2022



सम्पादक की कलम से...

## राज्य में गहराता बिजली संकट

**झारखंड** के लोगों को अभी बिजली संकट से राहत नहीं मिलनेवाली है। कारण राज्य सरकार से मांगे गये पांच सौ करोड़ पर फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसके कारण बिजली संकट से आम जन को अभी छुटकारा मिल पाना मुश्किल है। रोजाना सुबह और शाम अलग-अलग समय में लोड शेडिंग की जा रही है। विशेषकर पीक ऑवर में। जब बिजली की जरूरत सबसे अधिक होती है। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो राज्यभर में लगभग चार से पांच सौ मेगावाट बिजली की कटौती हो रही है। वहीं, राजधानी रांची में यह कटौती लगभग 50 फीसदी हो रही है। निगम के अधिकारियों की मानें तो अलग-अलग जिलों में पावर लॉस या हानि को ध्यान में रखते हुए बिजली कटौती की जा रही है। ऐसे में जिन इलाकों में बिजली हानि अधिक है इन इलाकों में अधिक बिजली कटौती की जा रही है। वहीं, निगम इस समस्या से निपटने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस दौरान जेबीवीएनएल ने राज्य सरकार से पांच सौ करोड़ की मांग की है। फिलहाल इस पर निर्णय नहीं लिया गया है। वहीं, केंद्र सरकार और डीवीसी प्रबंधन से भी वार्ता की जा रही है। जेबीवीएनएल के अतिरिक्त बिजली खरीद पर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है। ये रोक डीवीसी का बकाया भुगतान नहीं होने पर लगाया गया है। रोक सेंट्रल पावर एक्सचेंज से बिजली खरीद पर लगाया गया है। केंद्र सरकार की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि जब तक राज्य सरकार बकाया भुगतान नहीं करती है, तब तक सामान्य बिजली नहीं मिलेगी। वहीं, जेबीवीएनएल को पिछले कुछ समय से राजस्व वसूली में नुकसान हो रहा है। जिसके कारण ये स्थिति हुई है। डीवीसी की ओर से भी दस फीसदी बिजली कटौती की जा रही है। जिससे समस्या विकराल हो गयी है। रांची के अलग-अलग इलाकों में छह घंटे तक की बिजली कटौती की जा रही है। जबकि कुछ इलाकों में आधे घंटे से लेकर दो घंटे तक की कटौती की जा रही है। राजधानी रांची में प्रतिदिन लगभग 300 मेगावाट तक बिजली की जरूरत होती है। पिछले कुछ समय से राजधानी में 260 मेगावाट तक बिजली मिल रही है। जिससे राजधानी में ये समस्या हो रही है। बिजली में कटौती सेंट्रल पुल से किया जा रहा है। पीक ऑवर में सुबह 6 बजे से 10 बजे और शाम को 6 बजे से रात 11 बजे तक लोड शेडिंग की जा रही है।

## आज का इतिहास

**2020 :** भारत के 13वें राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी का निधन हुआ।
**1559 :** महान सम्राट अकबर के बेटे और मुगल वंश के शासक जहांगीर का जन्म।
**1659 :** पिता के तख्त पर कब्जे के लिए औरंगजेब ने अपने बड़े भाई दारा शिकोह को फांसी दी।
**1682 :** ब्रिटिश धर्मसुधारक विलियम पेन को इंग्लैंड छोड़ना पड़ा। वह अमेरिका पहुंचे और पेनिसिल्वानिया की स्थापना की ताकि लोग धार्मिक स्वतंत्रता का इजहार कर सकें।
**1780 :** अमेरिका में गद्दारी और विश्वासघात का पर्यायवाची बन चुके जनरल बेनेडिक्ट अर्नोल्ड ने ब्रिटिश सेना के सामने आत्मसमर्पण करने का वादा किया।
**2010 :** भारतीय संसद ने परमाणु संयंत्र में किसी दुर्घटना की स्थिति में शीघ्र मुआवजा सुनिश्चित करने वाला परमाणु जन दायित्व विधेयक पारित किया।
**2016 :** पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात उर्दू कवि कश्मीरी लाल जाकिर का निधन हुआ था।
**1806 :** न्यूयॉर्क शहर का दूसरा दैनिक समाचार पत्र 'डेली एडवर्टाइजर' आखिरी बार प्रकाशित किया गया।
**1888 :** क्रांतिकारी कनाईलाल दत्त का जन्म जो भारत की आजादी के लिए फांसी के फंदे पर झूल गए।
**1895 :** लोकसभा के अध्यक्ष रहे भारतीय राजनीतिज्ञ सरदार हुकम सिंह का जन्म।
**1903 :** चित्रलेखा जैसी प्रसिद्ध उपन्यास के लेखक भगवतीचरण वर्मा का जन्म हुआ। वह हिन्दी जगत के प्रमुख साहित्यकार थे।
**1923 :** हिंदी के प्रमुख गीतकार शंकरदास केसरीलाल शैलेंद्र का जन्म हुआ।
**1928 :** रास बिहारी बोस और जवाहरलाल नेहरू ने द इंडिपेंडेंस ऑफ इंडिया लीग की भारत में स्थापना की। इसका मकसद प्रवासी भारतीयों को भारत में ब्रिटिश राज हटाने के लिए प्रेरित करना था।

# भारत डेयरी क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार

भारत देश ने 26 नवंबर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाया। यह अवसर महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दिवंगत डॉ. वर्गीज कुरियन की 101वीं जयंती को रेखांकित करता है, जिन्हें भारत की 'श्वेत क्रांति' का सूत्रपात करने का श्रेय दिया जाता है। भारत के डेयरी क्षेत्र में विकास और उन्नति कई मायनों में, वैश्विक मानचित्र पर देश के सम्मान और प्रभाव के रेखा-चित्र का प्रतीक रहा है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, देश के दूध उत्पादन में 44 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गयी है और वर्ष 2020-2021 में, हमने 210 एमटी दूध का उत्पादन किया, जो दुनिया के कुल दूध उत्पादन का 23 प्रतिशत है। भारत की प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 2020-21 में 427 ग्राम प्रति दिन रही, जबकि इसी अवधि के दौरान विश्व औसत 394 ग्राम प्रति दिन था। भारत में डेयरी क्षेत्र बड़े पैमाने पर सहकारी संरचना के तहत संगठित है और सहकारी समितियों ने डेयरी किसानों के मोल-भाव की ताकत बढ़ाने और अपने-अपने क्षेत्रों में दूध खरीद तथा दूध बिक्री की कीमत को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चावल और गेहूं जैसी फसलों के परिदृश्य के विपरीत, सरकार डेयरी उत्पादों की कीमतों को निर्धारित नहीं करती है और दूध की खरीद में शामिल नहीं होती है। इससे डेयरी सहकारी समितियों की स्वायत्तता को बढ़ावा मिला है और वे बाजार उन्मुख होने के लिए प्रोत्साहित हुई हैं। वास्तव में, देश की कुछ प्रमुख डेयरी सहकारी समितियों ने प्रदर्शन और लाभ, दोनों में निजी कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है। भारत की सबसे बड़ी डेयरी कंपनी अमूल, देश में सहकारी प्रारूप की शक्ति और सफलता का एक उत्कृष्ट प्रमाण है। अब जब हम वैश्विक महामारी से उबर रहे हैं, तो लॉकडाउन अवधि के दौरान और उसके बाद डेयरी किसानों की सहायता के लिए, सरकार और डेयरी सहकारी समितियों द्वारा निभाई गई भूमिका पर प्रकाश डालना उचित होगा। महामारी के दौरान डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में वृद्धि जारी रही, क्योंकि इसने किसानों के अतिरिक्त दूध की खरीद की, जो अन्यथा निजी और असंगठित क्षेत्र के व्यवसायियों को बेचा जाता था। 2020-21 के दौरान डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सहायता प्रदान करने के लिए, भारत सरकार ने मौजूदा केंद्रीय क्षेत्र की योजना- 'डेयरी कार्यों से जुड़े डेयरी सहकारी समिति और किसान उत्पादक संगठन (एसडीसीएफपीओ)' योजना के तहत 'कार्यशील पूंजी ऋण पर ब्याज में छूट' घटक लॉन्च किया। इस तरह के उपायों से हमारे डेयरी उद्योग को पिछले दो वर्षों में सक्षम बने रहने में मदद मिली है। प्रौद्योगिकी की बढ़ती क्षमता का लाभ उठाने के क्रम में, पशुधन प्रबंधन को आसान बनाने और इसकी दक्षता बढ़ाने के लिए ई-गोपाला नाम का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया गया। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग पशु आधार, पशु पोषण, संजातीय-पशु चिकित्सा दवाएं (ईवीएम), पशु प्रजनन संबंधी सेवाओं और सूचनाओं को प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, ई-गोपाला ऐप डेयरी पशुओं, गोजातीय वीर्य, भ्रूण आदि की खरीद और बिक्री के लिए भी एक मंच प्रदान करता है। इस कार्य के पूरक के रूप में, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा डेयरी किसानों की सहायता के लिए 'पशु मित्र' नामक एक हेल्पलाइन स्थापित की गई है, जो किसानों को पशुओं के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी प्रश्नों का विशेषज्ञों द्वारा सीधे जवाब प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करेगा। यह

"वास्तव में, देश की कुछ प्रमुख डेयरी सहकारी समितियों ने प्रदर्शन और लाभ, दोनों में निजी कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है। भारत की सबसे बड़ी डेयरी कंपनी अमूल, देश में सहकारी प्रारूप की शक्ति और सफलता का एक उत्कृष्ट प्रमाण है। अब जब हम वैश्विक महामारी से उबर रहे हैं, तो लॉकडाउन अवधि के दौरान और उसके बाद डेयरी किसानों की सहायता के लिए, सरकार और डेयरी सहकारी समितियों द्वारा निभाई गई भूमिका पर प्रकाश डालना उचित होगा। महामारी के दौरान डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में वृद्धि जारी रही, क्योंकि इसने किसानों के अतिरिक्त दूध की खरीद की, जो अन्यथा निजी और असंगठित क्षेत्र के व्यवसायियों को बेचा जाता था। 2020-21 के दौरान डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सहायता प्रदान करने के लिए, भारत सरकार ने मौजूदा केंद्रीय क्षेत्र की योजना- 'डेयरी कार्यों से जुड़े डेयरी सहकारी समिति और किसान उत्पादक संगठन (एसडीसीएफपीओ)' योजना के तहत 'कार्यशील पूंजी ऋण पर ब्याज में छूट' घटक लॉन्च किया। इस तरह के उपायों से हमारे डेयरी उद्योग को पिछले दो वर्षों में सक्षम बने रहने में मदद मिली है।"

देखते हुए कि वर्ष 2025 तक भारत का दूध उत्पादन 270 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) तक पहुंच जाने की उम्मीद है, व्यापारिक निगमों को प्रसंस्करण से जुड़ी सुविधाओं में निवेश करने की जरूरत होगी और यह डेयरी क्षेत्र के भीतर 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की क्षमता प्रदान करता है। डेयरी क्षेत्र में मोटे तौर पर बुनियादी ढांचे में पैमाने की दृष्टि से 120-130 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) की कमी है। यह कमी अगले 9-12 वर्षों में निवेश पर 17-20 प्रतिशत के अपेक्षित लाभ के साथ लगभग 2.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की संभावनाएं खोलती है। निर्यात बाजार में हमारी बढ़ती उपस्थिति डेयरी क्षेत्र में निवेश बढ़ाने का एक और प्रेरक है। उदाहरण के लिए, एचएस कोड 0406 के तहत भारत का पनीर निर्यात 2015-2020 की अवधि के दौरान 16 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा है। जिन प्रमुख देशों को पनीर का निर्यात किया गया उनमें संयुक्त अरब अमीरात, भूटान और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल थे। वर्तमान में दुनिया भर में 75 से अधिक ऐसे देश हैं जहां दूध की कमी है। इनमें से अधिकांश देश एशिया, लैटिन अमेरिका और अफ्रीका के हैं। यह भारत के लिए नये बाजारों में पैठ बनाने का एक बढ़िया अवसर प्रदान करता है। इसके लिए, राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन जैसी हालिया पहल पता लगाने की क्षमता (ट्रेसबिलिटी) संबंधी मानकों को बेहतर करने की दिशा में एक लंबा सफर तय करेगी और भारतीय कंपनियों को आयात करने वाले देशों द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों को पूरा करने में सक्षम बनायेगी। डेयरी क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) ने डेयरी निवेश त्वरक की स्थापना की है, जिसके तहत गेट्स फाउंडेशन और इन्वेस्ट इंडिया जैसी संस्थाएं निःस्वार्थ सेवाएं प्रदान करने के लिए सहयोग करेंगी। इसमें समस्या समाधान, निवेश सुविधा, निर्यात रणनीति में सहायता, बाजार अनुसंधान, स्थान मूल्यांकन आदि जैसे पहलू शामिल होंगे। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि डेयरी क्षेत्र ने फसलें खराब हो जाने की स्थिति में पारंपरिक किसानों को आय का एक विश्वसनीय स्रोत प्रदान किया है। वर्तमान सरकार के प्रयास डेयरी उद्योग को असंगठित से संगठित क्षेत्र में बदलने पर केंद्रित हैं, जिसका अंतिम लक्ष्य किसानों की आय में वृद्धि करना और मूल्य श्रृंखला में रोजगार का सृजन करना है। पशुपालन अवसंरचना विकास कोष, राष्ट्रीय गोकुल मिशन, पशुपालन ग्रैंड स्टार्ट-अप चैलेंज, और पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड सुविधाओं के विस्तार जैसी हालिया योजनाओं से हमारे डेयरी क्षेत्र में बेहतर मानकों और नवाचारों की शुरूआत होगी। इस प्रकार, डॉ. कुरियन की 101वीं जयंती के अवसर पर हमें यह विश्वास है कि भारत आने वाले समय में डेयरी उत्पादों के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरने के लिए तैयार है।

**■ श्री पुरशोत्तम रुपाला**
**केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

# मुख्यमंत्री बनने को लालायित राज्यपाल

भारत में कुल अठाईस राज्य हैं। पुदुचेरी और दिल्ली दो ऐसे केंद्र शासित प्रदेश हैं, जहां विधानसभा हैं। जब तक दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित नहीं किया गया, जम्मू-कश्मीर भी पहले एक राज्य था। हर राज्य का मुखिया राज्यपाल होता है। विधानसभाओं के चुनाव होते हैं। उनमें क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों से विभिन्न दलों के चुने गये सदस्य होते हैं। सबसे बड़ी पार्टी के नेता को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया जाता है और उसे मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाती है। मुख्यमंत्री राज्य की जनता का चुना हुआ नेता होता है। मुख्यमंत्री की सलाह पर ही मंत्रियों की नियुक्ति की जाती है। यह वेस्टमिंस्टर संसदीय प्रणाली है। भारत में लगभग तीस वर्षों तक इसी प्रणाली का पालन किया जाता रहा। इस प्रणाली ने अच्छी तरह से काम किया और छोटी-मोटी गड़बडियों को तुरंत ठीक कर लिया गया। **एक सरकार :** मगर यहां ऐसे भी लोग हैं, जिन्हें वेस्टमिंस्टर प्रणाली पसंद नहीं है। स्पष्ट रूप से कहें तो, उन्हें राज्य पसंद नहीं; वे निर्वाचित विधानमंडलों को पसंद नहीं करते; और न उन्हें मुख्यमंत्री पसंद हैं। संक्षेप में, वे राज्य सरकारों से छुटकारा पाना चाहते हैं। वे मानते हैं कि अगर 142.6 करोड़ आबादी वाले चीन में एक सरकार हो सकती है, तो 141.2 करोड़ की आबादी वाले भारत में क्यों नहीं? वेस्टमिंस्टर माडल के खिलाफ रुझान बढ़ रहा है। ऐसा ही रुझान रखने वाले कुछ लोगों को राज्यों का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। एक राज्य का राज्यपाल नाममात्र का प्रमुख (ब्रिटिश सम्राट की तरह) होता है और सरकार राज्यपाल के नाम पर चलाई जाती है। संविधान में राज्यपाल की शक्तियों (अनुच्छेद 163) की व्याख्या और सीमाएं निर्धारित हैं: 'राज्यपाल को अपने कार्यों के निष्पादन में सहायता और सलाह देने के लिए मुख्यमंत्री के साथ एक मंत्रिपरिषद होगी, सिवाय इसके कि जब तक वह संविधान द्वारा या उसके तहत अपने कार्यों या उनमें से किसी का प्रयोग करने के लिए अपने विवेक के इस्तेमाल को बाध्य न हो।' भाषा सहज और सरल है। वेस्टमिंस्टर माडल की पृष्ठभूमि में, जिसे हमने अपनाया, अनुच्छेद 163 के अर्थ ग्रहण में कोई संदेह नहीं है। इंग्लैंड में सम्राट की तरह, राज्यपाल के पास कोई वास्तविक शक्तियां नहीं होती हैं। वह केवल उन्हीं मामलों में अपने विवेक से काम कर सकता है, जहां संविधान में उससे ऐसा करने की अपेक्षा की गई है। फिर भी, थोमस जैसे कुछ लोग इस पर संदेह करते रहे हैं। न्यायमूर्ति कृष्ण अय्यर ने शमशेर सिंह बनाम पंजाब राज्य के अपने फैसले में उन्हें किनारे करते हुए कहा: 'हम अपने संविधान की इस शाखा के कानून की घोषणा करते हैं कि राष्ट्रपति और राज्यपाल अपनी औपचारिक संवैधानिक शक्तियों का प्रयोग केवल कुछ जानी-पहचानी असाधारण स्थितियों को छोडकर, अपने मंत्रियों की सलाह के अनुसार ही करेंगे।' **हद पार करना :** फिर भी हमारे यहां कुछ ऐसे राज्यपाल हैं, जो मुख्यमंत्रियों पर अपना प्रभुत्व जमाना चाहते हैं। वे मुख्यमंत्री बनने के इच्छुक हैं। विधेयक के कानून बनने के लिए राज्यपाल की सहमति आवश्यक है। अनुच्छेद 200 में प्रावधान है कि राज्यपाल अपनी सहमति दे सकता है या उसे वापस कर सकता या राष्ट्रपति को विचार के लिए भेज सकता है। अगर किसी विधेयक पर सहमति नहीं दी जाती, तो उसे पुनर्विचार के लिए विधानमंडल को लौटा दिया जाना चाहिए। अगर विधेयक फिर से संशोधनों के साथ या बिना संशोधन के पारित हो जाता है, तो राज्यपाल उस पर अपनी सहमति देने को बाध्य होता है। मगर कुछ ऐसे राज्यपाल हैं जो विधेयकों पर बस 'बैठे' जाते हैं। फिर ऐसा दिखावा किया जाता है कि राज्यपाल विधेयक पर 'विचार' कर रहे हैं। एक राज्यपाल कितनी बार किसी विधेयक को पढ़ेगा और उस पर विचार करेगा? अगर वह विधेयकों को समझने में असमर्थ है, तो उसे अपनी अक्षमता का हवाला देते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। राज्यपाल राज्य सरकारों का विरोध करते देखे जाते हैं। एक राज्य सरकार नई शिक्षा नीति और तथाकथित त्रिभाषा फामूर्ले का विरोध कर रही है। राज्य के राज्यपाल ने राज्य सरकार के कदम का विरोध किया और नई शिक्षा नीति और त्रिभाषा सूत्र के गुणों की प्रशंसा की। राज्यपाल ने अन्य मुद्दों पर भी राज्य सरकार का विरोध किया। फिर राज्य सरकार के समर्थन में उस राज्य के सांसदों ने राज्यपाल को वापस बुलाने के लिए राष्ट्रपति को एक हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल असंगत और भडकाऊ टिप्पणी करते हैं।

**■ पी. चिदंबरम**

## धर्म दर्शन

### श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
#### अथ प्रथमोऽध्यायः

तत्पश्चात मेरे भक्तिभावसे प्रसन्न होकर देवी चण्डिकाने मुझे स्वप्नमें दर्शन दिया और अमृतमयी वाणीमें मुझसे कहा- 'तुम सोयी क्यों हो? उठो और तत्काल गंगाजीके मनोहर तटपर चल जाओ, वहाँ पर विशाल भुजाओंवाले तथा सभी शत्रुओंका दमन करनेवाले नृपश्रेष्ठ है हय एकवीर आयेंगे। दत्तात्रेयजीने महाविद्या नामक मेरा श्रेष्ठ मन्त्र उन्हें प्रदान किया है। वे भी भक्तिपूर्वक निरन्तर मेरी उपासना करते रहते है। उनका मन मुझमें लगा रहता है तथा वे सदा मेरी पूजामें रत रहते हैं। मेरे प्रति आसक्तिभाव रखनेवाले वे सभी प्राणियोंमें एकमात्र मुझे ही देखते हुए सदा मेरे ही परायण रहते हैं। वे महामति एकवीर ही दुःख दूर करेंगे। वे लक्ष्मीपुत्र एकवीर घूमते हुए गंगातटपर आकर तुम्हारी रक्षा करेंगे और उस भयानक राक्षस कालकेतुका वध करके मानिनी एकावलीको मुक्त करेंगे। इसके बाद तुम समस्त शास्त्रोंमें निष्णात उन्हीं सुन्दर राजकुमार एकवीरके साथ एकावलीका विवाह करवा देना' ॥ 53-59 ॥

ऐसा कहकर देवी अन्तर्धान हो गयीं और मैं उसी समय जग गयी। तत्पश्चात मन स्वप्नका वृत्तान्त तथा देवीकी आराधनाकी बात एकावलीको बतायी ॥ 60 ॥

सारी बातें सुनकर उस कमलनयनीके मुख-मण्डलपर प्रसन्नता छा गयी। अत्यन्त सन्तुष्ट होकर पवित्र मुसकानवाली एकावलीने मुझसे कहा- हे प्रिये ! तुम वहाँ शीघ्रतापूर्वक जाओ और मेरा कार्य सिद्ध करो। जो भगवती सत्य वाणीवाली हैं, वे हम दोनोंको मुक्त करेंगी ॥ 61-62 ॥

हे राजन! सखी एकावलीके इस प्रकार प्रेमपूर्वक आदेश देनेपर उस समय प्रस्थान कर देना उचित समझकर मैं उस स्थानसे तुरंत चल पड़ी। हे राजकुमार! भगवती जगदम्बाकी कृपासे मार्गकी जानकारी तथा द्रुतगतिसे चलनेकी क्षमता मुझे प्राप्त हो गयी थी ॥ 63-64 ॥

हे वीर। इस प्रकार मैंने अपने दुःखी होनेका समस्त कारण आपको बता दिया। अब जिस प्रकार मैंने आपको अपने विषयमें बताया, उसी प्रकार आप भी बताइये कि आप कौन हैं तथा किसके पुत्र हैं? ॥ 65 ॥

व्यासजी बोले- हे राजन! उस यशोवतीकी सुनकर लक्ष्मीपुत्र प्रतापी एकवीरका बात मुखारविन्द प्रसन्नतासे खिल उठा और वे उससे कहने लगे- ॥ 1 ॥

राजा बोले- हे रम्भोरु ! जो तुमने सुन्दर मेरा पूछा है, वह सुनो। एकवीर नामसे प्रसिद्ध लक्ष्मीपुत्र हैहय मैं ही हूँ ॥ 3 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### बिना हेलमेट के बाइक न चलायें

आंकड़े बताते हैं कि सड़क दुर्घटना में मरनेवालों की संख्या ज्यादातर युवाओं की होती है, जिनमें अधिकांश हेलमेट नहीं पहननेवालों की है। इतना कुछ होने के बावजूद बिना हेलमेट व तीन सवारी बैठाये युवको को बाइक चलाते आम तौर पर देखा जा सकता है। आज कल के युवाओं में ज्यादातर यह देखा जाता है कि युवा वर्ग के लोग गाड़ी चलाते समय अपने मोबाइल को अपने कानों से दबा कर बाइक चलाते हुए बात करते है। जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है। वैसे तो प्रशासन के द्वारा बार बार हेलमेट लगाने को लेकर जांच की जाती है। साथ ही गाड़ी चलाते हुए मोबाइल पर बात करने को लेकर मनाही की जाती है साथ ही साथ गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल से बात न करने की भी सलाह दी जाती है। यह दुर्घटना का कारण बन सकती है। बाइक सवार अपने सिर व कंधे के बीच मोबाइल दबाकर सड़क पर चलते दिखाई देते हैं। इन सब बातों से दुर्घटना की पूरी संभावना रहती है। इन सब बातों पर न ही उनके अभिभावक ध्यान देते हैं और ना ही ट्रेफिक पुलिस। वहीं, आम आदमी इससे मतलब नहीं रखता है। इन दुर्घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक है कि मोबाइल पर बात करना अगर आवश्यक है,तो हम बाइक रोककर एक जगह बात कर सकते हैं। बाइक पर एक हाथ से बाइक चलाना और मोबाइल पर बात करना उनके लिए एवं अन्य लोगों के लिए खतरनाक हो सकता है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से ऐसा करने वाले युवकों से अनुरोध करता हूं कि इस तरह बाइक पर मोबाइल से बात करके अपने औरों की जान जोखिम में नहीं डालें।

**■ अरूण पाण्डेय, मेदिनीनगर।**


# चिकित्सा माफियों के आगे बौनी होती सरकारें

संसार में चिकित्सक को दूसरा भगवान माना जाता है। शारीरिक व्याधियों से तडफते जीव को राहत पहुंचाने में चिकित्सक का योगदान, उसकी मानवता और उसके समर्पण को हमेशा ही आदरणीय माना जाता रहा है परन्तु वर्तमान में अनेक चिकित्सकों के व्यवहार, उनकी धनलोलुपता और स्वार्थपरिता के उदाहरणों से समाज निरंतर आहत हो रहा है। सरकारों के प्रयास जहां आम आवाम तक स्वास्थ सेवाओं की अत्याधुनिक तकनीक पहुंचाने हेतु तीव्रगामी हो रहे हैं वहीं सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों की मनमानियां चरम सीमा पर पहुंचती जा रहीं हैं। मरीजों को निजी क्लीनिकों की ओर भेजने का माहौल बनाना, तडफते व्यक्तियों की पीडा को नजरंदाज करना तथा तामीरदारों के साथ बदसलूकी जैसे घटना क्रम आये दिन सुर्खियां बनते रहते हैं। जागरूक तामीरदारों व्दारा चिकित्सक को उसके दायित्व बताने के बदले में मारपीट, फर्जी प्राथमिकी और मरीज की जान का जोखिम भुगतना पडता है। तिस पर डाक्टर्स एसोसिएशन, जूनियर डाक्टर्स एसोसिएशन एवं विभागीय कर्मचारी संघों के बैनर तले आये दिन होने वाली हडतालें, विरोध प्रदर्शन और सुविधाओं की भरमार वाली मांगों के ज्ञापन देने का क्रम ने तीव्रता ग्रहण कर ली है। दवाओं के मूल्यों का निर्धारण करने वाली संस्था तो कब से कान में तेल डालकर सो रही है, शायद ही किसी को पता हो। तभी तो पांच पैसे की लागत से बनने वाली औषधियों के डिब्बों पर भारी भरकम मूल्य छपा रहता है। आश्चर्य तो तब होता है जब सरकार के आदेशानुसार सरकारी अस्पतालों में विभागीय आपूर्ति वाली दवायें निःशुल्क देने की व्यवस्था होने के बाद भी परिसर के बाहर दवाइयों की दुकानों पर हमेशा भारी भीड लगी रहती है। डाक्टरों के चैम्बर्स के बाहर भीड की शक्ल में शारीरिक पीडित अन्दर जाने की मसक्कत करते हैं जबकि अन्दर एमआर यानी कि किसी निजी दवा कम्पनी का प्रतिनिधि डाक्टर को धन कमाने के नुक्से समझा रहा होता है। ऐसे में वहां मौजूद दलाल दर्द से तडफते मरीजों को डाक्टर साहब के घर पर दिखाने की सलाह देकर बहलाते-फुसलाते हैं और कमाते है कमीशन में मोटी रकम। परिसर के बाहर दवाइयों की दुकानों पर भीड, सरकारी डाक्टर के बंगलों तथा निजी क्लीनिकों पर मरीजों का तांता, भारी बजट के बाद भी बदहाल सरकारी अस्पताल, चैम्बरों से नदारत चिकित्सक, परीक्षणों की सुविधाओं की उपलब्धता के बाद भी निजी डायग्नोसिस सेन्टर्स की संख्या में इजाफा जैसे अनेक प्रत्यक्ष गवाह हैं जिनकी गवाही को एसोसिएशन के संख्याबल, उनके धमकी भरे क्रियाकलाप तथा चोर-चोर मौसेरे भाई की कहावत का चरितार्थ होते स्वरूप के व्दारा नकार दिया जाता है। इस मन-तंत्र की व्यवस्था को लागू करने वाले अधिकारियों के द्वारा जागरूक नागरिकों को गुमराह करके विधायिका को ही एक मात्र उत्तरदायी ठहराया जाता है। खादी पर दाग लगाने वाले अधिकारियों का एक बडा वर्ग जरूरतमंदों की ब्रेन वाशिंग करके नेताओं को चोर सावित करने में लगा रहता है ताकि उनकी ओर उठने वाली अंगुलियों को इच्छित दिशा में मोडा जा सके। चिकित्सकों के विरुध्द होने वाली शिकायतों की जांच का जिम्मा भी उन्हीं में से वरिष्ठ हो चुके चिकित्साविद् को ही सौंपा जाता है जो अपने अतीत की घटनाओं को सामने रखकर वर्तमान पर आख्या प्रस्ततु करते है। सरकारी महकमे से मोटी पगार पाने वाले डाक्टरों की निजी प्रेक्टिस से होने वाली अनगिनत आय का कोई लेखा-जोखा न तो रखा जाता है और न ही उन पर विभागीय छापे ही पडते हैं। पैथोलोजी से लेकर सीटी स्कैन, एमआरआई, एक्स-रे सेन्टर्स पर बिना डिग्रीधारी लोगों की मौजूदगी रहती है, इन सेन्टर्स की रिपोर्ट पर जरूर डिग्रीधारी के कथित हस्ताक्षर होते हैं। प्रश्न यह उठता है कि जब सरकारी चिकित्सालयों में जांचों से लेकर दवाइयों तक का मुफ्त में इंतजाम है तो फिर परिसर के बाहर फार्मास्टि के नाम पर दवाइयों की दुकानें, पैथोलोजिस्ट के नाम पर जांच केन्द्र तथा रेडियोलोजिस्ट के नाम पर सेन्टर की संख्याओं में आशातीत वृध्दि कैसे हो रही है।

**■ डा. रवीन्द्र अरजरिया**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# भारत की कई बेस्ट कंपनियों की सूची, जहां महिलाओं के लिए काम करना है सुविधाजनक



कार्यस्थल पर महिलाओं को लिंग भेदभाव की स्थिति के कारण बहुत सी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार भेदभाव के कारण जॉब चेंज की नौबत आ जाती है। इन्ही समस्याओं के कारण ग्रेट प्लेस टू वर्क हर साल एक सर्वे करता है। भारत में ग्रेट प्लेस टू वर्क ने यह सर्वे किया और बेस्ट वर्क प्लेस की लिस्ट जारी की है। कार्य स्थल पर महिला कर्मचारियों से भेदभाव आम बात है। विश्व भर में महिलाओं को वर्कप्लेस पर एक बेहतर वातावरण और सुरक्षा देने की बात होती है। लेकिन कार्यस्थल पर महिलाओं को लिंग भेदभाव की स्थिति के कारण बहुत सी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार इस भेदभाव के कारण जॉब चेंज की नौबत आ जाती है। इन्ही समस्याओं के कारण ग्रेट प्लेस टू वर्क हर साल एक सर्वे करता है। इस सर्वे के माध्यम से वह महिलाओं के लिए सबसे बेस्ट वर्कप्लेस की लिस्ट जारी करता है। भारत में ग्रेट प्लेस टू वर्क ने यह सर्वे किया और बेस्ट वर्क प्लेस की लिस्ट जारी की है।

**क्या है ग्रेट वर्क प्लेस टू वर्क :** यह एक ग्लोबल अथॉरिटी है जो कार्यस्थल की विश्वसनीयता और प्रदर्शन की गुणवत्ता बनाये रखने पर जोर देती है। ग्रेट वर्क प्लेस टू वर्क सर्वे के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थल की सूची जारी करती है। यह अथॉरिटी उन कंपनियों को चिन्हित करती है जो अपने कर्मचारियों को वर्कप्लेस पर बेहतर वातावरण देने के साथ ही उनकी सुरक्षा का पूरा प्रबंध करती हैं। यह अथॉरिटी महिलाओं के लिए अलग से ग्रेट प्लेस टू वर्क का सर्वे करती है।

**कितनी कंपनिया हुयी शामिल सर्वे में :** ग्रेट प्लेस टू वर्क 2022 के सर्वे में भारत की 1,122 कंपनियां शामिल हुयी। इसमें 100 टॉप कंपनियों की लिस्ट जारी की गयी। ये लिस्ट कई स्तरों और रिसर्च के बाद जारी की गयी। सर्वे में शामिल कंपनियों में कर्मचारियों की संख्या 500 से अधिक है और ये कंपनियाँ 20 उद्योग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करती हैं।

**देश के ये बेस्ट वर्कप्लेस महिलाओं के लिए**

- सेल्सफोर्स इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी
- श्डक्र इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी
- पिटनी बोवेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी
- एचपी इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी
- एच एंड आर ब्लॉक (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी
- फोर्ड मोटर प्राइवेट लिमिटेड (फोर्ड बिजनेस सॉल्यूशन)
- सिस्को सिस्टम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी
- एच एंड आर ब्लॉक (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी
- सिंक्रोनी इंटरनेशनल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड वित्तीय सेवाएं और बीमा
- थॉटवर्क्स इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी

ये सभी कंपनियां महिलाओं को सुरक्षित और बेहतर काम करने का माहौल प्रदान करती हैं। इन दस कंपनियों के अलावा और भी बहुत सी कंपनियां है जो महिलाओं को सुरक्षित माहौल बेहतर वर्क प्लेस प्रोवाइड कराती हैं। इनमें फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, मिंत्रा डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल हैं।

# इंटरनेशनल रिलेशन में पीएचडी करना चाहते हैं तो क्या है प्रवेश प्रक्रिया




इंटरनेशनल रिलेशन में पीएचडी करना चाहते है तो मास्टर्स में न्यूनतम 55% अंक आवश्यक है। इसके अलावा इंटरनेशनल रिलेशन से संबंधित विषयों में पोस्ट ग्रेजुएशन या एम. फिल की डिग्री होनी चाहिए। अगर आप भी इंटरनेशनल रिलेशन में पीएचडी करना चाहते है तो मास्टर्स में न्यूनतम 55% अंक आवश्यक है। इसके अलावा इंटरनेशनल रिलेशन से संबंधित विषयों में पोस्ट ग्रेजुएशन या एम. फिल की डिग्री होनी चाहिए। यह 3-5 साल का कोर्स होता है। इसमें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अंतर्राष्ट्रीय संबन्ध, और विभिन्न देशों के बीच सम्बन्ध के कारकों और पहलुओं का अध्ययन और विश्लेषण किया जाता है। अगर आप भी इंटरनेशनल स्टडीज में पीएचडी करके राजनयिक के तौर पर काम करना चाहते है तो इसमें नामांकन के लिए क्या योग्यताएं होनी चाहिये।

## योग्यता

- संबंधित विषय में एम फिल की डिग्री या पोस्ट ग्रेजुएशन होना चाहिए।
- उम्मीदवार के पास मास्टर डिग्री में न्यूनतम 55% अंक होना आवश्यक है।
- विश्वविद्यालयों द्वारा भी परीक्षाएं आयोजित कराई जाती है।
- आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 5% अंकों की छूट दी जाती है।
- यूजीसी-नेट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं भी आयोजित की जाती हैं।
- प्रवेश परीक्षा के बाद साक्षात्कार होता है अगर आपने उसमें अच्छा स्कोर किया तो आपको स्कॉलरशिप भी मिल सकती है।

## रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

पीएचडी इन इंटरनेशनल स्टडीज के लिए भारत के टॉप कॉलेजों द्वारा अपनाई जाने वाली एडमिशन प्रोसेस इस प्रकार है

- ऑफिशयल वेबसाइट पर जाएं।
- ऑफिशयल वेबसाइट पर जाने के बाद आवेदन फॉर्म भरें।
- फार्म को ध्यान से भरें नहीं तो आपका फार्म रिजेक्ट हो सकता है
- सभी दस्तावेज जो भी मांगे गए है उनको अपलोड करिये।
- ऑनलाइन फॉर्म की फीस जमा करें।
- फार्म को सबमिट करें।

## प्रवेश परीक्षा

अगर आप किसी अच्छी यूनिवर्सिटी में प्रवेश लेना चाहते है तो प्रवेश परीक्षा में अच्छा स्कोर करना पड़ेगा। रजिस्ट्रेशन के बाद एडमिट कार्ड जारी किये जाते है। जिनमे परीक्षा की सारी जानकारी होती है। प्रवेश प्रक्रिया सीएसआईआर यूजीसी नेट, एसआईयू पीईटी, एमिटी यूनिवर्सिटी पीईटी जैसे एंट्रेंस एग्जाम पर निर्भर करती है।

## प्रवेश प्रक्रिया

परीक्षा परिणाम के लिए आप वेबसाइट से जानकारी प्राप्त कर सकते है, प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है। साक्षात्कार में सफल होने के बाद डॉक्टरेट स्तर पर इंटरनेशनल स्टडीज का अध्ययन करने के लिए एडमिशन दिया जाता है।

## पीएचडी इन इंटरनेशनल स्टडीज : सिलेबस

- एडवांस्ड थ्योरी ऑफ इंटरनेशनल रिलेशन
- एडवांस्ड रिसर्च मेथड
- फेमिनिस्ट इंटरनेशनल रिलेशन
- थिसिस
- शांति और संघर्ष अध्ययन

## देश के कुछ टॉप कॉलेज

- झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय
- सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, पुणे
- लाजपत राय लॉ कॉलेज
- शिव नादर विश्वविद्यालय
- गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय
- रॉयल ग्लोबल यूनिवर्सिटी
- जिंदल स्कूल ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- जामिया मिलिया इस्लामिया
- कलिंग विश्वविद्यालय
- पंजाब विश्वविद्यालय
- पी.पी. सवानी विश्वविद्यालय
- यूएनओएम, मद्रास विश्वविद्यालय
- गुरु नानक देव विश्वविद्यालय
- ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी

# स्टार्टअप शुरू करने जा रहे हैं तो पहले जान लें ये नियम

सभी को बढ़िया कॅरिअर बनाना है इसलिए स्टार्टअप्स आजकल कॅरिअर का अच्छा विकल्प बन रहे है। सरकार द्वारा 'स्किल इंडिया कैम्पेन' चलाया जा रहा है। सरकार नए स्टार्टअप्स को टैक्स में भी छूट दे रही है। कोई भी क्रिएटिव बिजनेस आइडिया या फिर कोई भी बिजनेस जब छोटे स्तर पर शुरू किया जाता है उसे स्टार्टअप कहा जाता है। अच्छी नौकरी की चाहत हर किसी को होती है कुछ लोग सरकारी नौकरी के लिए मेहनत करते है तो कुछ महंगे कॉलेज से पढ़ाई करने के बाद किसी अच्छी कम्पनी में जॉब की तलाश करते है। अब तो जॉब ओरिएंटेड कोर्स भी उपलब्ध है जिनकी फीस बहुत ज्यादा होती है। सभी को बढ़िया कॅरिअर बनाना है इसलिए स्टार्टअप्स भी आजकल कॅरिअर का अच्छा विकल्प बन रहे है। सरकार द्वारा स्किल इंडिया कैम्पेन चलाया जा रहा है साथ ही सरकार नए स्टार्टअप्स को टैक्स में भी छूट दे रही है। कोई भी क्रिएटिव बिजनेस आइडिया या फिर कोई भी बिजनेस जब छोटे स्तर पर शुरू किया जाता है तो उसे स्टार्टअप कहा जाता है। शुरूआती समय में स्टार्टअप में निवेश ज्यादा और फायदा कम होता है।

**नये और क्रिएटिव आइडियाज :** किसी भी स्टार्टअप की शुरूआत किसी क्रिएटिव आइडिया से ही होती है इसलिए यहां आपके क्रिएटिव आइडियाज को तरजीह मिल सकती है। अगर आपके दिमाग में भी नए आइडियाज की भरमार रहती है तो आप भी अपना स्टार्टअप शुरू कर सकते है।

**स्किल दिलाती है पहचान :** यहां लोग आपको आपकी डिग्रियों की वजह से नहीं पहचानते आपकी स्किल आपकी पहचान बनाती है। अगर आप में भी स्किल है तो स्टार्टअप्स आपके लिए बेहतरीन विकल्प है।

**बोरिंग नहीं होता यहां का माहौल :** स्टार्टअप्स ज्यादातर युवाओं के द्वारा ही शुरू किये जाते है तो यहां का माहौल ज्यादा खुशनुमा रहता है। आप यह कुछ भी पहन कर जा सकते है। यहां लोगो की संख्या कम होती है तो फ्री फूड भी उपलब्ध होता है जो सोने पर सुहागे का काम करता है। बोरियत से बचने के लिए बहुत सारे गेम्स और स्पोर्ट्स एक्टिवटी की जाती है।

**हार्ड वर्क की होती है जरूरत :** किसी भी स्टार्टअप के लिए कठिन मेहनत की जरूरत होती है। यहां कोई शॉर्टकट नहीं काम आता। स्टाफ कम होता है इसलिए हर किसी को पूरी मेहनत से काम करना पड़ता है। यहां आप अपनी रूचि के हिसाब से काम कर सकते है। अगर आपके पास कोई प्रोफेशनल डिग्री नहीं है लेकिन आप क्रिएटिव आडियाज के मालिक है तो भी कुछ फील्ड है जिनमें आप स्टार्ट अप शुरू कर सकते है। अब लोग ज्यादा हेल्थ कॉन्शस है अगर आप चाहें तो फिटनेस ट्रेनिंग लेने के बाद इस फील्ड में स्टार्टअप शुरू कर सकते है। आप फोटोग्राफी वेब डेवलपर, सोशल मीडिया में अपना स्टार्ट अप शुरू कर सकते है।

**कैसे शुरू करें अपना स्टार्टअप :** सबसे पहले तो आपको अपना बिजनेस प्लान एकदम सटीक तरीके से बनाना चाहिए। मार्किट में आपके स्टार्टअप का क्या भविष्य होगा यह जानने के लिए मार्किट पर भी नजर बनाये रखें। अपने स्टार्टअप को कानूनी रूप से रजिस्टर करायें साथ ही उसका एक नाम भी सेलेक्ट कर लें। कोई भी स्टार्टअप अकेले नहीं शुरू किया जा सकता इसलिए साथ काम करने वाले लोगो को बिजनेस प्लान ठीक से समझायें।

**कैसे पहचाने अपनी मार्किट डिमांड :** कोई भी स्टार्टअप शुरू करने से पहले यह रिसर्च करना जरूरी हो जाता है कि मार्किट में आपके स्टार्टअप की क्या डिमांड होगी कितने ग्राहक हो सकते है। अगर मार्किट में आपके स्टार्टअप से मिलते जुलते और भी स्टार्टअप मौजूद है उनसे अलग कैसे दिखा सकते है। ग्राहक आप तक कैसे पहुंच सकता है इसकी भी स्ट्रेटेजी बनानी होगी।

# सिविल सेवा व एमबीए में क्या है अंतर, किसमें बनाना चाहते हैं कॅरियर




सिविल सर्विसेज में केवल बढ़िया वेतन, जॉब सिक्योरिटी ही नहीं होती बल्कि देश के प्रशासन में शीर्ष पर पहुँचने का भी अवसर मिलता है और सामाजिक प्रतिष्ठा भी मिलती है। सिविल सर्विसेज में आप अपने समाज अपने देश के लिए कुछ अच्छा कर सकते है। कभी सिविल सर्विस में जाना युवाओं का सपना होता था हर कोई इसे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़कर देखता था, लेकिन समय के साथ अब इसमें बदलाव आया है अब लोग सिविल सर्विसेज की जगह प्राइवेट सेक्टर्स में जाना ज्यादा बेनिफिशियल समझते हैं, ऐसा नहीं है कि सिविल सर्विसेज का क्रेज लोगों में खत्म हो गया है लेकिन बढ़ते कॉम्पिटिशन और रिजल्ट की लेटलतीफी के कारण अब प्राइवेट सेक्टर्स में जाने को ज्यादा बेनिफिशियल समझा जाने लगा है खासकर मैनेजमेंट कोर्सेज लोगों को ज्यादा सेफ लगने लगे है आज हमारे देश में 20 आईआईएम कॉलेज है। CAT, XAT एवं CMAT की परीक्षाओं में भी उतनी ही संख्या में युवाओं की भीड़ होती है जितनी सिविल सेवाओं की परीक्षाओं में।

**सबसे ज्यादा मैनेजमेंट कॉलेजों वाला भारत दूसरा देश :** सर्वाधिक मैनेजमेंट कॉलेज अमेरिका में है लेकिन क्या आपको पता है कि भारत का स्थान दूसरा है मतलब हमारे देश में अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा मैनेजमेंट कॉलेज है। वैसे तो सिविल सर्विसेज की अपनी ही एक प्रतिष्ठा है अपना एक अलग ही आकर्षण है लेकिन दोनों ही सेक्टर्स को अपनाने वालों की संख्या कम नहीं है सिविल सर्विसेज और मैनेजमेंट जॉब में आखिर क्या ऐसी खास बातें हैं जिससे यह लोगो को अपनी और आकर्षित करती हैं।

**सिविल सर्विस से देश के नीति निर्माण में सहयोग कर सकते है :** सिविल सर्विसेज में केवल बढ़िया वेतन, जॉब सिक्योरिटी ही नहीं होती बल्कि देश के प्रशासन में शीर्ष पर पहुंचने का भी अवसर मिलता है और सामाजिक प्रतिष्ठा भी मिलती है। सिविल सर्विसेज में आप अपने समाज अपने देश के लिए कुछ अच्छा कर सकते हैं। आये दिन आपको ऐसे सिविल ऑफिसर्स के बारें में सुनने को मिलता है जिन्होंने देश की भलाई के लिए बहुत से सुधार किये जैसे कि एक सिविल ऑफिसर के प्रयास से ही बंधुआ श्रम व्यवस्था (उन्मूलन) अधिनियम, 1976 जैसा कानून बना। हमारे देश से नक्सलवाद की समस्या को सुलझाने का प्रयास भी एक सिविल ऑफिसर के द्वारा ही किया गया इसी वजह से यह सेवा अभ्यर्थियों को काफी आकर्षित करती है।

**मैनेजमेंट कोर्सेज बनाते है मल्टीस्किल्स का मालिक :** हमारे देश में बहुत सारे इकोनॉमिक अप्स एंड डाउंस होने के बाद भी एमबीए एक पॉपुलर कोर्स है मैनेजमेंट कोर्सेज आपकी प्रेजेंटेशन स्किल्स को बढ़ाते है। ह्यूमन रिसोर्सेज का सही से उपयोग करना सिखाते है। जॉब्स में एमबीए डिग्री-होल्डर को कई बार प्रेफरेंस दी जाती है।

**सिविल सेवा से हर क्षेत्र में कार्य करने का मिलता है अनुभव :** शायद ही ऐसी कोई फील्ड होगी। जिसमे इतने ढेर सारे क्षेत्रों में कार्य करने का अवसर मिलता है। सिविल ऑफिसर के रूप में आप एक साथ स्वास्थ्य, कृषि शिक्षा, प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों के विकास में योगदान कर सकते हैं। जो किसी और सेक्टर की जॉब में सम्भव नहीं है।

**मैनेजमेंट कोर्सेज से दुनिया के किसी हिस्से में बना सकते है कॅरियर :** एमबीए करने के बाद आपको एक ग्लोबल एक्सपोजर मिलता है आप किसी भी देश में आसानी से जॉब पा सकते हैं अगर अपने किसी अच्छे मैनेजमेंट कॉलेज से अपना ग्रेजुएशन किया है तो आपको मल्टीनेशनल संस्थानों में मैनेजेरियल पोस्ट बहुत आसानी से मिल सकती है। जहां एमबीए करने के बाद आपको हाई सैलरी, कॅरियर प्रोग्रेस, कॉर्पोरेट नेटवर्किंग के अवसर, क्राइसिस मैनेजमेंट करने के अवसर मिलते है तो वही सिविल सर्विसेज के माध्यम से आपको देश के नीति-निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने का मौका मिलता है। उच्च सामाजिक प्रतिष्ठा मिलती है, प्रशासन में शीर्ष पर पहुँचने के अवसर, देश को आगे बढ़ाने के अवसर मिलते हैं। यही वजह है कि दूसरे क्षेत्रों में सफल लोग भी इस सेवा के प्रति आकर्षित होते हैं। कुल मिलाकर दोनों ही क्षेत्रों में टैलेंट और कड़ी मेहनत के दम पर ही आप अच्छा काम कर सकते है।

# ग्राफिक डिजाइनिंग व एनिमेशन में कॅरियर बनाकर हर महीने कमा सकते हैं लाखों रुपये

एनीमेशन को एक चरित्र या एक वस्तु के लिए जीवन को सांस लेने की कला के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। यह मनोरंजन उद्योग और प्रौद्योगिकी का मिश्रण है। जो ग्राफिक रूप से समृद्ध और आकर्षक मल्टीमीडिया क्लिप के डिजाइन, ड्राइंग, लेआउट और उत्पादन से संबंधित है। एनीमेशन और ग्राफिक डिजाइनिंग इन दिनों सबसे अधिक मांग वाले कैरियर विकल्पों में से एक है। आज लगभग हर जगह कंप्यूटर ग्राफिक्स का इस्तेमाल होता है। इंजीनियरिंग, फैशन डिजाइनिंग, सिनेमा में एनीमेशन और ग्राफिक डिजाइनिंग का खूब इस्तेमाल होता है। इस डिजिटल दौर में कंपनियां या विभिन्न संस्थाएं प्रचार के कामों में या उत्पादों को बेहतर बनाने में ग्राफिक डिजाइन का इस्तेमाल करती हैं। वहीं, बाहुबली, कुंग फू पांडा और आइस एज जैसी फिल्मों की लोकप्रियता के साथ, एनीमेशन में करियर के बेहतरीन अवसर मौजूद हैं।

**क्या है एनिमेशन :** एनीमेशन को एक चरित्र या एक वस्तु के लिए जीवन को साँस लेने की कला के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। यह मनोरंजन उद्योग और प्रौद्योगिकी का मिश्रण है। जो ग्राफिक रूप से समृद्ध और आकर्षक मल्टीमीडिया क्लिप के डिजाइन, ड्राइंग, लेआउट और उत्पादन से संबंधित है।

**योग्यता :** एनीमेशन और ग्राफिक डिजाइनिंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए आप 12वीं पास करने के बाद आप ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। इतना ही नहीं, आजकल कई तरह के प्रोफेशनल कोर्स भी उपलब्ध है।

जरूरी कौशल
रचनात्मकता
अच्छा दृश्य कल्पना
उअऊ का ज्ञान
कलात्मक कौशल
चित्र के माध्यम से विचार व्यक्त करने की क्षमता
कंप्यूटर कौशल

कहाँ मिलेगी नौकरी
एक एनिमेटर के रूप में, आपको निम्नलिखित क्षेत्रों में काम करने का अवसर मिल सकता है।

ऑनलाइन व प्रिंट समाचार मीडिया
कार्टून उत्पादन
विज्ञापन
वीडियो गेमिंग
थिएटर
फिल्म और टेलीविजन
ई-लर्निंग

**सैलरी :** एक जूनियर एनिमेटर के और पर आप 8000-15000 प्रति माह कमा सकते हैं। वहीं, 3-5 साल के अनुभव के बाद सैलरी बढ़कर 25,000-75,000 रूपए तक हो सकती है। इसके साथ ही फ्रीलांस के तौर पर भी इस क्षेत्र में आप बहुत पैसा कमा सकते हैं। एनिमेशन की दुनिया में करने के लिए बहुत कुछ है। अगर आपमें हुनर और काम करने की इच्छा है तो आपको देश और विदेश दोनों जगह से काम करने का मौका मिल सकता है।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** मेष राशि के जातक अपने परिवार के साथ भावनात्मक रूप से जुड़े रहेंगे। घर पर रहकर ही काम करने का प्रयास करेंगे। आपका रचनात्मक कौशल कार्यक्षेत्र में सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

**वृष राशि :** वृष राशि के जातक कार्यक्षेत्र में लंबे समय से चला आ रहा कोई विवाद को सुलझाने का प्रयास करेंगे और अपनी बातचीत से लोगों के साथ सहमति बनाने में कामयाब रहेंगे।

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के जातक बौद्धिक व कलात्मक रुप से अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करने में कामयाब रहेंगे। शुरूआती अवस्था में खर्चे बहुत अधिक होंगे परंतु यही खर्चे लाभ का साधन भी बनेंगे।

**कर्क राशि :** कर्क राशि के जातकों का व्यवहार सहयोगात्मक रहेगा। आने वाली परिस्थितियों के अनुकूल अपने आप को ढाल लेंगे और सभी बाधाओं का सामना पूर्ण आत्मविश्वास के साथ करेंगे।

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों की अच्छी प्लानिंग की क्षमता आज उन्हें कार्यक्षेत्र में सफलता दिलाएगी। कई बाधाएं आएंगी लेकिन वह अपने काम पर ही फोकस करेंगे।

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों के सामाजिक रिश्ते आज उनके कामकाज में बहुत मदद करेंगे। अचानक से कुछ ऐसी परिस्थितियां बन जाएंगी।

**तुला राशि :** तुला राशि के जातक बहुत ही व्यवस्थित रूप से अपने काम को पूरा करेंगे। काम की अधिकता की वजह से तनावग्रस्त भी रहेंगे।

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के जातकों की सोच काफी परिष्कृत रहेगी। समाज में अपने रुतबे को लेकर चिंतित रहेंगे और इस तरह से काम करेंगे कि आपके सामाजिक स्तर में वृद्धि होगी।

**धनु राशि :** धनु राशि के जातकों के अपने साझेदारों के साथ रिश्ते प्रगाढ़ होंगे। विवाद को हल करके आगे के काम पर फोकस करेंगे। आपकी परिपक्व और विस्तृत सोच कार्यक्षेत्र में सफलता दिलाने में मदद करेगी।

**मकर राशि :** मकर राशि के जातक आज किसी भी विवाद में पड़ने से बचेंगे। जो पुराने विवाद है उन्हें भी सुलझाकर सबके साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करेंगे। सहयोगी आपको पूरी तरह से काम में मदद करेंगे।

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि के जातक कार्यक्षेत्र के माहौल को बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे। आज सहयोगियों के साथ आपके संबंधों में सुधार होगा। आज का दिन बेहतर है।

**मीन राशि :** मीन राशि के जातकों का ज्यादा ध्यान आज कामकाज की बजाए मनोरंजन की तरफ रहेगा। कार्यक्षेत्र में किसी नई लव रिलेशनशिप की शुरूआत भी हो सकती है।





## न्यूज गैलरी

### सरकार से मिले नोटिस के बाद महबूबा मुफ्ती ने खाली किया सरकारी आवास

**श्रीनगर (एजेंसी)।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर में उच्च सुरक्षा वाले गुपकार में फेयरव्यू आवास खाली कर दिया, उनकी पार्टी के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि महबूबा श्रीनगर के बाहरी इलाके खिंबर में एक निजी आवास में स्थानांतरित हो गयी हैं। जिस घर में मुफ्ती शिफ्ट हुई हैं वह उनकी छोटी बहन और बहनोई का है जो डॉक्टर हैं और वे दोनों देश से बाहर रहते हैं। पीडीपी प्रवक्ता ने कहा कि महबूबा ने अपना गुपकार आवास खाली कर दिया। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने पिछले महीने मुफ्ती को सरकारी आवास खाली करने के लिए कहा था सरकार के फेयरव्यू बंगले और नवम्बर के अंत तक बाहर जाने की समय सीमा भी निर्धारित की। शुरूआत में उन्हें 15 नवम्बर को खाली करने के लिए कहा गया था। मुफ्ती का नया आवास फेयरव्यू निवास से 20 किमी से अधिक दूर है। फेयरव्यू बंगला मुफ्ती मोहम्मद सईद को दिसम्बर 2005 में आवंटित किया गया था, जब उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय छोड़ दिया था। रविवार को अधिकारियों ने महबूबा और कई पूर्व विधायकों को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में अपने सरकारी क्वाटर्र खाली करने के लिए भी कहा था।

### बीएसएफ की महिला कर्मियों ने अमृतसर में सीमा के पास मार गिराया ड्रोन

**अमृतसर (एजेंसी)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक महिला दस्ते ने 3.1 किलोग्राम नशीले पदार्थ के साथ पाकिस्तान से पंजाब के अमृतसर जिले की सीमा में दाखिल हुए एक ड्रोन को मार गिराया और सीमा पार से मादक द्रव्य की तस्करी की साजिश नाकाम कर दी। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ कर्मियों ने सोमवार रात को अमृतसर शहर से करीब 40 किलोमीटर उत्तर में चाहरपुर गांव के पास भारतीय क्षेत्र में ड्रोन को घुसते देखा। उन्होंने बताया कि 73 बटालियन की दो महिला कांस्टेबल ने ड्रोन पर 25 गोलियां दागीं और उसे रात 11 बजकर पांच मिनट पर मार गिराया। उन्होंने बताया कि तलाश अभियान के दौरान बीएसएफ को छह रोटर (पंख) वाला मानवरहित यान हेक्साकॉप्टर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त स्थिति में मिला। उन्होंने बताया कि 18 किलोग्राम वजनी ड्रोन में 3.11 किलोग्राम नशीला पदार्थ रखा था, जिसे उसके नीचे सफेद रंग की एक पॉलिथीन में लपेटकर रखा गया था। बल के एक प्रवक्ता ने कहा कि बीएसएफ के सतर्क कर्मी एक ड्रोन को पकड़ने और तस्करी की कोशिश को नाकाम करने में फिर सफल रहे। ड्रोन को महिला कर्मियों ने मार गिराया।

### एनएसए डोभाल बोले- सीमा पार से आज भी खतरा है बरकरार

# आतंकवाद और अलगाववाद का शिकार रहे हैं भारत व इंडोनेशिया



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** इंडोनेशिया के राजनीतिक, कानूनी एवं सुरक्षा मामलों के समन्वय मंत्री मोहम्मद महफूद भारत यात्रा पर हैं। उनके साथ 24 सदस्यीय एक शिष्टमंडल भी भारत आया है जिसमें उलेमाओं के अलावा अन्य धार्मिक नेता भी शामिल हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को भारत और इंडोनेशिया के बीच शांति और सामाजिक सद्भाव की संस्कृति को बढ़ावा देने में उलेमा की भूमिका की सराहना की। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने दिल्ली के इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों देश (भारत और इंडोनेशिया) आतंकवाद और अलगाववाद के शिकार रहे हैं। हालांकि, हमने चुनौतियों पर काफी हद तक काबू पा लिया है, लेकिन सीमापार आतंकवाद और आईएसआईएस प्रयोजित आतंकवाद आज भी एक खतरा बना हुआ है।

**मजबूत हो रहे भारत-इंडोनेशिया के संबंध :** एनएसए डोभाल ने कहा कि दोनों देश आतंकवाद व अलगाववाद से पीड़ित रहे हैं। हालांकि, काफी हद तक हमने चुनौतियों पर जीत हासिल कर ली है लेकिन सीमा पार आतंकवाद और आईएसआईएस से प्रेरित आतंकवाद की प्रक्रिया लगातार जोखिम बना हुआ है। साथ ही डोभाल ने इंडोनेशिया में आये भूकंप के कारण हुए जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया में हाल ही में आये भूकंप से जान-माल के नुकसान से हम सभी को बहुत दुख हुआ है। दुख की इस घड़ी में भारत इंडोनेशिया के साथ खड़ा है। डोभाल ने भूकंप के कारण घायल हुए लोगों के लिए शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। एनएसए ने दोनों देशों के बीच रक्षा व आर्थिक संबंध में प्रगति की बात कही और कहा कि हम अच्छे पड़ोसी हैं। बता दें कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के निमंत्रण पर इंडोनेशिया के राजनीतिक, कानूनी और सुरक्षा मामलों के समन्वय मंत्री डॉ. मोहम्मद महफूद सोमवार को भारत के दौरे पर आये हैं। डोभाल 17 मार्च को दूसरी भारत-इंडोनेशिया सुरक्षा वार्ता में हिस्सा लेने इंडोनेशिया गये थे जहां उन्होंने महफूद को भारत आने का न्यौता दिया था। महफूद ने उस समय प्रस्ताव किया था कि वे विभिन्न धर्मों के धार्मिक नेताओं को शिष्टमंडल में लाना चाहते हैं ताकि वे अपने भारतीय समकक्ष के साथ दोनों देशों में अंतर्धार्मिक सद्भाव एवं सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने में उलेमाओं की भूमिका पर चर्चा कर सकें।

#### विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी मिलेगा शिष्टमंडल

**सूत्रों** ने बताया कि यह शिष्टमंडल विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी मिलेगा। इनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की संभावना पर भी विचार किया जा रहा है। दोनों शिष्टमंडल के बीच चर्चा के संदर्भ में तीन सत्रों होंगे। पहले सत्र में इस्लाम में निरंतरता और परिवर्तन पर चर्चा होगी। वहीं, दूसरे में अंतर-धार्मिक समाज के सामंजस्य पर तथा तीसरे और अंतिम सत्र में भारत और इंडोनेशिया में कट्टरता से मुकाबला करने के उपायों पर चर्चा होगी। सूत्रों ने बताया कि इंडोनेशिया दुनिया में सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाला देश है और भारत के साथ उसके रिश्ते काफी अच्छे हैं। ऐसे में भारत में यात्रा के दौरान वहां के शिष्टमंडल का कट्टरपंथ और चरमपंथ से मुकाबला करने के विषय पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है।

## गीता पूरी मानवता के लिए एक जीवन-संहिता : द्रौपदी मुर्मू



**कुरूक्षेत्र/हरियाणा (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भगवद्गीता की शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए मंगलवार को कहा कि इस ग्रंथ में व्यावहारिक जीवन और अध्यात्म की सभी शंकाओं के समाधान सरलता से मिल जाते हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने दो दिवसीय हरियाणा दौरे में मंगलवार को कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और यहां ब्रह्म सरोवर के तट पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2022 का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने कहा कि जिस तरह योग पूरे विश्व समुदाय को भारत की सौगात है उसी प्रकार योग-शास्त्र गीता भी पूरी मानवता को भारत-माता का आध्यात्मिक उपहार है। गीता पूरी मानवता के लिए एक जीवन-संहिता है, आध्यात्मिक दीप-स्तंभ है।

उन्होंने कहा कि केवल 700 श्लोकों की गीता में सभी वेदों का सारांश समाहित है। गीता, वेदांत का सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथ है। मुर्मू ने कहा कि गीता एक ऐसी पुस्तक है जिसमें व्यावहारिक जीवन और अध्यात्म की सभी शंकाओं के समाधान सरलता से मिल जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवद्गीता विपरीत परिस्थितियों में उत्साहवर्धन और निराशा में आशा का संचार करनेवाला और जीवन-निर्माण करनेवाला ग्रंथ है। उन्होंने कहा कि हमारे स्वाधीनता संग्राम को दिशा देने वाले लोकमान्य तिलक और महात्मा गांधी जैसे महानायकों ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में गीता से मार्गदर्शन प्राप्त किया और गीता पर अपनी-अपनी टीकाएं भी लिखी थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी भगवद्गीता को गीता माता कहते थे। उनके अनुसार, गांधीजी ने कहा था, मुझे जन्म देने वाली माता तो चली गयी, पर संकट के समय गीता माता के पास जाना मैं सीख गया हूं।

#### गीता को भगवान श्रीकृष्ण का मानती हैं वरदान

मुर्मू ने कहा कि वह इसे भगवान श्रीकृष्ण का वरदान मानती हैं कि राष्ट्रपति के रूप में, हरियाणा की अपनी पहली यात्रा उन्हें इस धर्म-क्षेत्र से आरंभ करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के आयोजन तथा जन-कल्याण की योजनाओं के शुभारंभ तथा शिलान्यास के लिए हरियाणा सरकार की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि हरियाणा के वीर जवानों, मेहनती किसानों और संघर्ष करनेवाली बेटियों ने गीता के उपदेश को जीवन में ढालकर अपने-अपने कर्म-क्षेत्र में हरियाणा का और पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। इससे पहले, राष्ट्रपति ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में राज्य स्तरीय प्रगतिशील हरियाणा प्रदर्शनी को देखा।

## आंध्र सीएम की बहन को कार समेत उठा ले गयी पुलिस

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना में पुलिस ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की बहन शर्मिला को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शर्मिला को तब हिरासत में लिया जब वह कार में सवार थीं। दरअसल, सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति कार्यकर्ताओं के हमले के विरोध में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के आवास पर धरना-प्रदर्शन हो रहा था। वहां जा रहीं वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) की नेता वाईएस शर्मिला को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। हमले में क्षतिग्रस्त कार को शर्मिला खुद चला रहीं थी और सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति की ओर से हमले के विरोध में प्रगति भवन की ओर बढ़ रहीं थीं। जब शर्मिला अपने समर्थकों के साथ राजभवन रोड स्थित यशोदा अस्पताल के पास पहुंची तो पुलिस ने उन्हें रोक लिया। वाईएसआरटीपी कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जैसे ही उन्होंने मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने की कोशिश की, पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। लेकिन शर्मिला ने कार से नीचे उतरने से इनकार किया। इस पर पुलिस ने शर्मिला को कार में बैठाकर गाड़ी को दूर नगर थाना एसआर में ट्रांसफर कर दिया। दरअसल, वाईएसआरटीपी के विरोध मार्च में वह यात्रा बस भी शामिल थी, जिस पर सोमवार को टीआरएस कार्यकर्ताओं ने पथराव किया और आग लगा दी थी। शर्मिला की यात्रा बस और अन्य वाहनों पर वारंगल जिले के नरसमपेट में उस समय हमला किया गया, जब वह अपनी प्रजा प्रस्थानम यात्रा के तहत क्षेत्र का दौरा कर रही थीं।

## आरे में काटे जायेंगे 84 पेड़ सुप्रीम कोर्ट ने दी इजाजत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) को मुंबई की आरे कॉलोनी में अपनी कार शेड परियोजना में ट्रेन रैंप के निर्माण के लिए 84 पेड़ों को काटने की अर्जी संबंधित प्राधिकार के समक्ष रखने की अनुमति दे दी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने मुंबई मेट्रो की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर गौर किया कि कार शेड में ट्रेन के लिए रैंप बनाने को लेकर 84 पेड़ों की कटाई की जरूरत है। पीठ ने कहा कि एमएमआरसीएल को 84 पेड़ काटने के लिए वृक्ष प्राधिकरण के समक्ष अपनी अर्जी को रखने की अनुमति दी जानी चाहिए। इसके साथ ही पीठ ने मेट्रो परियोजना के खिलाफ मुख्य अर्जियों पर अगले साल फरवरी में अंतिम सुनवाई निर्धारित की।

## द कश्मीर फाइल्स को प्रोपेगेंडा बताने पर भड़के इजरायली राजदूत बोले- आपको शर्म आनी चाहिए

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** द कश्मीर फाइल्स पर टिप्पणी करने पर भारत में इजरायल के राजदूत ने फिल्मकार नदव लापिद को फटकार लगायी है। राजदूत ने एक पत्र के जरिये फिल्मकार से कहा कि 'आपको शर्म आनी चाहिए।' इस दौरान उन्होंने भारत और इजरायल के बीच संबंधों पर भी बात की। ट्विटर पर पोस्ट किये एक लंबे पत्र में राजदूत नाओर जिलोन ने लिखा, 'भारतीय संस्कृति में वे कहते हैं कि मेहमान भगवान होता है। आपने आईएफएफआई गोवा में जजों की पैनल की अध्यक्षता करने के मिले निमंत्रण के साथ-साथ उनकी तरफ से आपको दिये सम्मान, भरोसा और सत्कार का सबसे बुरा जवाब दिया है। उन्होंने कहा, 'मैंने यह भी कहा था कि जब भारत इजरायल का कंटेंट देख रहा है, तो ऐसे समय पर हमें उनके साथ विनम्र होना चाहिए।' उन्होंने लिखा, 'मैं कोई फिल्म का जानकार नहीं हूं, लेकिन मैं यह जानता हूं कि ऐसी ऐतिहासिक घटनाओं के बारे में गहराई से पढ़ने से पहले बोलना असंवेदनशील है, जो भारत में खुले घाव की तरह है, जिसमें कई लोग शामिल हैं और आज भी कीमत चुका रहे हैं। उन्होंने सलाह दी, 'मेरा सुझाव है कि जैसा कि आप पहले भी मुखर रहे हैं, आपको जो भी पसंद नहीं है उसके बारे में इजरायल में आजादी से बोलें, लेकिन अपनी भड़ास अन्य देशों पर निकालने की जरूरत नहीं है। मुझे नहीं पता कि ऐसी तुलना करने से पहले आपके पास तथ्यात्मक जानकारी है या नहीं। मुझे पता है कि मेरे पास नहीं है। जिलोन ने ट्वीट किया, 'आप यह सोचकर इजरायल वापस चले जायेंगे कि आप बोल्ड हैं और आपने एक बयान दिया है। हम इजरायल के प्रतिनिधि यहीं रहेंगे। आपको आपकी बहादुरी के बाद हमारे मैसेज बॉक्स देखना चाहिए कि मेरी जिम्मेदारी में काम कर रही टीम पर इसका क्या असर होगा।

## गुजरात में थमा पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार

**गांधीनगर (एजेंसी)।** गुजरात में पहले चरण के लिए मंगलवार 29 नवम्बर को चुनाव प्रचार थम गया। पहले चरण में 89 सीटों पर चुनाव होने हैं। एक दिसम्बर को 89 सीटों पर होनेवाले चुनाव के लिए कुल 788 प्रत्याशी मैदान में हैं। राज्य में कच्छ की (06), सुरेंद्रनगर की (05), मोरबी (03), राजकोट (08), जामनगर (05), देवभूमि द्वारका (02), पोरबंदर (02), जूनागढ़ (05), गिर सोमनाथ (04), अमरेली (05), भावनगर (07), बोटाद (02), नर्मदा (02), भरूच (05), सूरत (16), तापी (02), डांग (01), नवसारी (04) और वलसाड की (05) सीटों कुल 89 सीटें हैं। पहले चरण में 2,39,76,670 मतदाता हैं, जिनमें 1,24,33,362 पुरुष, 1,15,42,811 महिलाएं और 497 ट्रांसजेंडर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। पहले चरण के मतदान से 48 घंटे पहले प्रचार बंद करने के नियम के तहत मंगलवार शाम पांच बजे यह बंद हो जायेगा। इसके बाद कोई अनधिकृत बाहरी व्यक्ति भी चुनाववाले क्षेत्रों में नहीं रहेगा। मतदान एक दिसम्बर को सुबह आठ बजे से पांच बजे तक होगा। पहले चरण के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 17 नवम्बर के बाद कई दिग्गजों समेत अब कुल 788 प्रत्याशी मैदान में हैं जिनमें 70 महिलाएं और 718 पुरूष हैं। दलों की कुल संख्या 39 है। राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नौ महिलाएं और 80 पुरुष, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने छह महिलाएं सहित कुल 89 सभी सीटों पर, आम आदमी पार्टी (आप) ने 88, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने 57 और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल- मुस्लिमीन ने छह सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं। जबकि 339 निर्दलीय प्रत्याशी में 35 महिलाएं और 304 पुरूष शामिल हैं। पहले चरण के लिए अधिसूचना पांच नवम्बर को जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत हो गयी थी। पांच नवम्बर से शुरू हुई प्रक्रिया के तहत 14 नवम्बर अंतिम दिन तक कुल 1362 उम्मीदवार नामांकन कर चुके थे। 16 नवम्बर को कुल 363 पर्चे जांच के दौरान रद्द हो गये थे और 999 नामांकन पत्र वैध पाये गये थे। नाम वापसी की अंतिम तिथि 17 नवम्बर तक विभिन्न दलों के डमी उम्मीदवारों समेत 211 ने नामांकन वापस ले लिये थे और कुल 788 प्रत्याशी मैदान में रह गये थे।

■ 89 सीटों के लिए चुनावी मैदान में 788 उम्मीदवार






## न्यूज गैलरी

### झारखंड के नेताओं से बातकर राहुल गांधी राज्य की वर्तमान राजनीतिक हालात से हुए अवगत



**रांची।** मंगलवार को मध्यप्रदेश के इन्दौर के सांबेर से भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी के नेतृत्व में प्रातः 06 बजे से शुरू हुई, जिसमें झारखंड कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल नेता आलमगीर आलम, झारखंड मुक्ति मोर्चा के मंत्री मिथलेश ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, भारत जोड़ो यात्रा के राज्य संयोजक सुबोधकांत सहाय सहित विधायकगण यात्रा में शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि यात्रा के दौरान हीं मध्याह्न भोजन के समय राहुल गांधी ने झारखंड के नेताओं से बातकर राज्य की वर्तमान राजनीतिक हालात और राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे विकास के कार्यक्रमों पर चर्चा की और कहा कि राज्य सरकार जनहित के मुद्दे में जो कार्य कर रही है वो काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि सरकार के विकासशील चेहरे को बदनाम करने का जो षड़यंत्र भाजपा के द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में इसका डटकर मुकाबला कीजिए। नफरती माहौल, महंगाई, देश की गिरती अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दों पर जो लड़ाई कांग्रेस लड रही है उसी लड़ाई का परिणाम है कि भाजपा बेचौनी में संवैधानिक संस्थाओं द्वारा उस आवाज को कुचलने का प्रयास कर रही है।

### फिशरीज साइंस कॉलेज के 15 छात्रों को जेआरएफ परीक्षा में सफलता मिली

**रांची।** आईसीएआर, नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) परीक्षा– 2022 में फिशरीज साइंस कॉलेज, गुमला के 15 छात्रों को सफलता मिली है. एसोसिएट डीन डॉ एके सिंह ने बताया कि कॉलेज के कुल 23 छात्रों ने इस प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लिया था. सभी सफल 15 छात्रों को आईसीएआर से संबद्ध फिशरीज साइंस के संस्थानों में विभिन्न विषयों के पीजी प्रोग्राम में प्रवेश मिलेगा और पुरे दो वर्षीय पीजी प्रोग्राम में फेलोशिप भी मिलेगी. जेआरएफ रैंक के मुताबिक कॉलेज के 5 छात्रों को आईसीएआर झ केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई में प्रवेश मिलेगा. अन्य 10 छात्रों को देश के अन्य फिशरीज साइंस कॉलेज में नामांकन लेने का अवसर मिलेगा। कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीन संचालित फिशरीज साइंस कॉलेज, गुमला के छात्रों की सफलता पर खुशी जाहिर की। उन्होंने इस सफलता के लिए एसोसिएट डीन डॉ. एके सिंह, सफल छात्रों और प्राध्यापकों को बधाई दी।

### रांची जिले में धान खरीद की तैयारी शुरू, स्टॉक में गड़बड़ी पर होगी कार्रवाई

**रांची।** रांची जिले में धान क्रय केंद्रों की व्यवस्था दुरुस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मिलरों, संबंधित विभाग के अधिकारी, लैंपस और पैक्स को पूरी व्यवस्था सुचारू कर लेने का निर्देश दे दिया गया है। जिले में 15 दिसंबर से किसानों से धान की खरीद की जाएगी। इस बार सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 2050 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। उपायुक्त ने धान क्रय केंद्रों की व्यवस्था को सुद्दढ़ करने का निर्देश देते हुए मिल संचालकों से कहा है कि वह लैंपस और पैक्स से नियमित तौर पर अनाज का उठाव करें और इस प्रक्रिया को पूरी तरह दुरुस्त रखें। धान की नमी जांचने वाली मशीन और वजन में ज्यादा अंतर नहीं होना चाहिए। सभी केंद्रों को निर्देश दिया गया है कि वह किसानों को लौटने नहीं दें। यदि धान में नमी ज्यादा रहे तो उसका भंडारण कर किसानों को दो–तीन दिन बाद बुलाया जाए। उपायुक्त ने वैसे किसान जिनके पास 10 एकड़ से ज्यादा जमीन है और जिनकी धान उपज 200 क्विंटल से ज्यादा है, उनका राशन कार्ड होल्ड करने का निर्देश दिया है। 10 क्विंटल की उपज पर सत्यापन सुनिश्चित करने का भी निर्देश उपायुक्त ने दिया है। एफसीआई से एसएफसी तक अनाज उठाव के स्टॉक में अनियमितता मिलने पर संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात भी उपायुक्त ने कही है। बता दें कि किसानों से धान क्रय करने के लिए जिला अनुश्रवण समिति की बैठक भी हो गई है।

मनरेगा, आवास, जेएसएलपीएस की योजनाओं के संदर्भ में दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश

# मनरेगा के योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी : सचिव



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य भर में ग्रामीण विकास विभाग की कई विकास और कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। जिलों में इन सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने में उपायुक्तों एवं विकास आयुक्तों का अहम रोल है। लोगों को इन योजनाओं का लाभ कैसे मिले, इसमें आपको पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करना है। ग्रामीण विकास विभाग, सचिव प्रशांत कुमार ने मंगलवार को विभाग के अनुसमर्थन मिशन दल के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक में यह बातें कही। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास को गति देने के साथ सरकार की योजनाओं को उन लोगों तक पहुंचाएं जिनके लिए इन योजनाओं को बनाया गया है। सचिव प्रशांत कुमार ने कहा कि राज्य में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में अनुसमर्थन प्रदान करने हेतु राज्य ग्रामीण विकास अनुसमर्थन मिशन दल का गठन किया गया है यह ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का सघन पर्यवेक्षण तथा जिलों को सतत मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए जो अनुसमर्थन मिशन दल के सदस्य नामित हैं वे क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं का निरंतर अनुश्रवण करें। सचिव ने कहा कि यह अभियान सिर्फ अभी तक ही नहीं बल्कि आगे भी निरंतर चलती रहेगी।

**कुछ क्षेत्रों में अच्छी उपलब्धि तो कुछ में गति देने की जरूरत :** सचिव ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में विभिन्न जिलों ने अच्छी उपलब्धि हासिल की है तो इसमें कई जिले पीछे भी हैं । ऐसे में जहां विकास की गति धीमी है, उसे तेज करने के लिए सभी ठोस कदम उठाए जाने चाहिये। सचिव ने यह भी कहा कि जिलों के सामने कई चुनौतियां होती है। उन्हें समय और परिस्थितियों के अनुकूल तत्काल निर्णय भी लेने होते हैं । ऐसे में आप अपने निर्णय को इस तरह लें कि उसका लाभ ज्यादा से ज्यादा राज्य वासियों को हो सके।

**सरकार और ग्रामीणों के बीच संवाद का मॉडल बनाएं : सचिव**

अनुसमर्थन मिशन दल के सभी सदस्य क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और उसकी गति का नियमित निरीक्षण करें। समीक्षा बैठक में सचिव ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मनरेगा के तहत सभी कार्यों को ससमय पूर्ण कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत संचालित कल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से आमजनों के जीवन में अपेक्षित सुधार किया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि संवेदनशील होकर लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु प्रयास किये जाने चाहिए। साथ ही निरन्तर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए योजना की पूर्णता में तेजी लाना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी, विशेष सचिव, ग्रामीण विकास विभाग श्री राम कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव श्रीमती शैल प्रभा कुजुर, संयुक्त सचिव श्री अरुण कुमार सिंह, उप सचिव श्री प्रमोद कुमार, अवर सचिव श्री चंद्रभूषण, अवर सचिव श्री अरुण कुमार सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एचईसी कॉलोनी में दो दर्जन से अधिक अवैध निर्माण ध्वस्त

**रांची।** एचईसी आवासीय परिसर में मंगलवार को बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाया गया। आवासीय परिसर के विभिन्न इलाकों में अभियान चलाकर करीब दो दर्जन मकान और दुकानें ध्वस्त की गईं। अभियान अब हर दिन चलेगा। इसमें जिला पुलिस, सीआईएसएफ के जवानों और एचईसी के सुरक्षाकर्मियों ने सहयोग किया। जिला प्रशासन की ओर से दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई थी। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों के मौजूद रहने के कारण किसी प्रकार का विरोध नहीं हुआ। करीब पांच घंटे तक अभियान चला। अभियान अभी जारी रहेगा। एचईसी प्रबंधन ने कॉलोनी में रहने वाले सभी अतिक्रमणकारियों को अपने निर्माण हटाने का नोटिस दिया था। बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद भी लोगों ने अपने निर्माण नहीं हटाए।

## राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के लिए आचार्यकुलम रांची के 2 विद्यार्थी चयनित

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से डीवीसी के तत्वाधान में रांची में 26 नवंबर 2022 को राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में आचार्यकुलम रांची के विद्यार्थियों ने विजयी ध्वजा लहराया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या सुजाता कौरा जी ने छात्रों को बधाई दी। प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से एक सौ छात्रों का राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया था। जिनमें जूनियर ग्रुप ए मैं आचार्यकुलम् राँची की छात्रा निधि रानी को द्वितीय पुरस्कार के रुप में 30,000 और शिवम् कुमार कौशल को तृतीय पुरस्कार के रुप में 20000 का पारितोषिक प्राप्त हुआ। सीनियर ग्रुप बी में प्रत्यूष कुमार को सांत्वना पुरस्कार के रुप में 7500 का पारितोषिक प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्या सुजाता कौरा जी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष आचार्यकुलम रांची के विद्यार्थी कला के क्षेत्र में कला शिक्षक बिजय कुमार जयसवाल के मार्गदर्शन में नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। ग्रुप ए में चयनित प्रतिभागी निधि रानी और शिवम कुमार कौशल नई दिल्ली में 11 दिसंबर को आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने कला शिक्षक के साथ दिल्ली जाएंगे। विद्यालय के प्रबंधक स्वामी दिव्य देव जी व आचार्यकुलम का प्राचार्या सुजाता कौरा जी ने बच्चों को विशेष शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की।

## शराब नीति पर हो रहे खेल से झारखंड को राजस्व का नुकसान: बाबूलाल मरांडी

**रांची।** पूर्व सीएम और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर राज्य की उत्पाद नीति को लेकर सरकार को घेरा है। कहा है कि उन्होंने पूर्व में ही इसे कहा था कि झारखंड में छत्तीसगढ़ से घोटाला करने के लिए ही शराब नीति लायी गयी है। छत्तीसगढ़ी कंपनियों का प्रकोप अब सामने आ गया है। अब तक करीब छह सौ करोड़ रुपये के सरकारी राजस्व का नुकसान होने की खबर है, चेहरा बचाने के लिए उत्पाद विभाग ने ठेके से पहले ही चुन कर रखे गये पंसददीदा जिन कंपनियों पर टार्गेट पूरा नहीं करने के लिये जुमार्ना लगाया है, उनमें से तीन ने उच्च न्यायालय में सरकार पर मुकदमा कर दिया है। शराब बेचने वाली मैन पावर सप्लाई कंपनियां कह रही हैं कि उन्हें ब्रांडेड शराब, बीयर की सप्लाई मिल ही नहीं रही।

## सिख धर्म के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का 347वां शहीदी गुरुपर्व मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** गुरुद्वारा श्री तेग बहादुर साहिब, कृष्णा नगर कॉलोनी में हिंद की चादर सिख धर्म के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का 347वां शहीदी गुरुपर्व मनाया गया.इस उपलक्ष में दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक विशेष दीवान सजाया गया। दीवान की शुरूआत समूह साथ संगत द्वारा श्री सुखमनी साहिब जी के सामूहिक पाठ से हुई तत्पश्चात हजूरी रागी जत्था भाई भरपूर सिंह जी एवं साथियों ने तिलक जंजु राखा प्रभ ता का किनो बडो कलु मह साका.... एवं हर को नाम सदा सुखदायी जा कऊ सिमर अजामल उधरिउ गनिका हू गत पाई.... तथा साधो मन का मान तियागो काम क्रोध संगत दुरजन की ता ते अहनिसि भागो....शबद गायन कर साध संगत को निहाल किया। अरदास, हुकुमनामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ विशेष दीवान की समाप्ति शाम 6:00 बजे हुई, उपरांत कमिटी द्वारा साध संगत के लिए चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया। आज सजाए गए विशेष दीवान में प्रकाश गिरधर, गिरीश मिढ़ा, हरजीत बेदी, जग्गी मुंजाल, बबली दुआ, विशनी देवी, आरती खत्री, सीमा मिढ़ा, सांची मिढ़ा, सुमन किंगर, योगिता किंगर, चांद नागपाल, रमेश गिरधर, कृष्णा देवी, उषा झंडई, मुस्कान, सुनीता गिरधर, अंकिता गिरधर, माहिरा गिरधर, पूनम मिढ़ा समेत अन्य उपस्थित थे।

## रांची वेटनरी कॉलेज में स्थापना दिवस एवं फ्रेसर्स डे का आयोजन

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके अधीन संचालित रांची वेटनरी कॉलेज द्वारा बुधवार को स्थापना दिवस सह फ्रेसर्स डे समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम कॉलेज के ऑडिटोरियम में प्रातः 10.30 बजे से होगा. इसके उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अबू बकर सिद्दीकी पी, सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग तथा विशिष्ट अतिथि भारतीय जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची के निदेशक डॉ. एके पटनायक होंगे। समारोह की अध्यक्षता बीएयू कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह करेंगे। डीन वेटनरी डॉ. सुशील प्रसाद ने बताया कि इस 62 वां स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को वेटरन-ओ-थोन नामक रन फॉर वेटनरी कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर कॉलेज के छात्र झ छात्राओं, कर्मचारियों एवं प्राध्यापकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में भाग लिया। छात्रों के लिए भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सभी विजेताओं को मुख्य समारोह में सम्मानित किया जायेगा। स्थापना दिवस के उपरांत नव नामांकित छात्रों के लिए फ्रेसर्स डे का आयोजन होगा। मौके पर वरीय छात्र झ छात्राओं द्वारा फ्रेसर्स का स्वागत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## नगर निगम की मदद करेंगे रांची यूनिवर्सिटी और श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स

**रांची।** रांची नगर निगम ने निगम क्षेत्र की सभी सड़कों की विस्तृत जानकारी एकत्रित करने का फैसला लिया है। नगर आयुक्त, रांची नगर निगम ने इसके लिए रांची यूनिवर्सिटी और उससे संबद्ध कॉलेजों के अलावे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी के भूगोल संकाय के स्टूडेंट्स की मदद लेने का निर्देश जारी किया है। ये स्टूडेंट्स निगम क्षेत्र के पथों का सर्वे कर निगम को देंगे। निगम के मुताबिक इस जानकारी से निगम की भावी कार्ययोजना, शहरों की साफ-सफाई, सड़कों के साथ-साथ नाली निर्माण और उसकी सफाई जैसी योजनाओं को सफल करने में मदद मिलेगी। इसके अलावे केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हर साल आयोजित होनेवाले स्वच्छ सर्वेक्षण में भी इससे मदद मिलेगी।

दिखावे की शादी में हो रही फिजूलखर्ची से लोग परेशान

# चांदनी और संभ्रांत की शादी श्याम मंदिर में सादगीपूर्ण व विधि-विधान के साथ आचार्य अनूप दाधिच ने कराई

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** फिजूलखर्चा, दिखावा, आडम्वर के साथ समाज में विवाह समारोह हो रहे हैं। दूसरी तरफ पढ़े लिखे युवक-युवती चाह रहे हैं कि विवाह सादगीपूर्ण हो, लेकिन हिम्मत वाले लोग आगे बढ़ रहे हैं। दिखावा, आडम्वर, फिजूलखर्ची से लोग परेशान हैं। विवाह के नाम पर अनावश्यक खर्च हो रहा है। बरियातु रोड निवासी सतीष अग्रवाल के सुपुत्र पीयूष कुमार व कांके रोड निवासी स्व. रमेशचन्द्र बूबना की सुपुत्री चांदनी ने यह हिम्मत दिखाई। दोनों पेशे से बी.टेक इलेक्ट्रीकल व साफ्टवेयर इन्जीनियर हैं। संभ्रांत- प्रतिष्ठित परिवार के हैं। इन दोनों और इन दोनों के परिवारवालों ने श्री श्याम मन्दिर, हरमू रोड में विवाह करने का निर्णय किया। विवाह भी आडम्वर, दिखावा व फिजूलखर्चा से दूर सादगीपूर्ण तरीके विधि-विधान से आचार्य अनूप दाधिच ने करवाया। दोनों पक्ष के परिवारजनों की ओर से सीमित संख्या में मेहमान आमंत्रित किये गये थे। विवाह विगत शुक्रवार 25 नवम्बर को सम्पन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने कहा कि दोनों परिवार वाले चाहते तो विवाह किसी बड़े होटल या विवाह भवन में हो सकता था। लेकिन परिवारजन व वर-वधू ने आगे बढ़कर सादगीपूर्ण विवाह का उदाहरण प्रस्तुत कर विवाह योग्य युवक-युवतियों को नया संदेश दिया है। इस तरह के सादगीपूर्ण विवाह समारोह समाज को नई दिशा देगा। वैभवशाली पीयूश-चांदनी के रूप में आगे आए हैं, अब अन्य को आगे आना होगा तभी समाज में आडम्वर, दिखावा, फिजूलखर्ची समाप्त होगा। श्री श्याम मन्दिर परिवार इस नई जोड़ी के इस कार्य की सराहना करता है एवं उनके सुखमय जीवन की प्रार्थना बाबा ष्याम से करता है।

अरहर उत्पादन प्रौद्योगिकी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# डॉ. नीरज ने फसलों पर रोंगों के लक्षण व उनके बचाव की जानकारी दी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के निदेशालय अनुसंधान अधीन संचालित आईसीएआर- अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (अरहर फसल)-जनजातीय उपरियोजना के तहत अनगड़ा में अरहर उत्पादन प्रौद्योगिकी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. अनगड़ा के मोबाइल एग्रीकल्चर स्कूल एंड सर्विस (मास) के प्रशिक्षण भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रखंड के लालगढ़, सिमलिया तथा सोसो गाँव के करीब 50 पुरुष एवं महिला जनजातीय किसानों ने भाग लिया। परियोजना अन्वेंषक (अरहर शोध परियोजना) डॉ. नीरज कुमार के मार्गदर्शन में बीएयू वैज्ञानिकों के दल ने किसानों की समस्या को जाना और निदान के उचित उपायों को बताया. मौके पर डॉ. नीरज कुमार ने अरहर फसल के उचित देखभाल से सबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। कीट वैज्ञानिक डॉ. विनय कुमार ने अरहर फसल में लगने वाले कीड़े-मकोड़े के हानि पहुंचाने के तरीके, उनसे बचाव के तरीके, समय पर उपयुक्त दवा एवं उसकी उचित मात्रा के प्रयोग की विधि के सबंध में जानकारी दी। पौधा रोग वैज्ञानिक डॉ. एचसी लाल ने अरहर की खड़ी फसल पर रोंगों के लक्षण, उनकी तीव्रता का समय तथा उपचार के विधियों के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी। प्लांट ब्रीडर डॉ. सीएस महतो ने फसल लगाते समय अरहर के प्रभेदों, खाद, शस्य कार्य के विषय में विस्तृत जानकारी दी. मास के अध्यक्ष विजय भरत ने अरहर फसल के बीज उपचार के विभिन्न अवयवों पर प्रकाश डाला। बीएयू वैज्ञानिकों ने परियोजना अधीन अनगड़ा प्रखंड के लालगढ़, सिमलिया तथा सोसो गांव में जनजातीय किसानों के खेतों में अरहर के उन्नत किस्मों का अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण का भी भ्रमण किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को दवा छिड़काव के लिए छिड़काव मशीन एवं दवा का वितरण किया, ताकि किसान समय रहते दवा का उचित उपयोग से फसलों को हानि से बचाया जा सके। मौके पर संतोष कुमार, अर्जुन महतो, रविन्द्र कुमार, संजय कुमार एवं दीपू उपाध्याय आदि भी मौजूद थे।

> ◆प्लांट ब्रीडर डॉ. सीएस महतो ने फसल लगाते समय अरहर के प्रभेदों, खाद, शस्य कार्य के विषय में विस्तृत जानकारी दी. मास के अध्यक्ष विजय भरत ने अरहर फसल के बीज उपचार के विभिन्न अवयवों पर प्रकाश डाला।

## राज्य की विद्युत वितरण व्यवस्था प्रोफेशनल्स के हाथों में देना जरूरी : चैंबर

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यकारिणी समिति की बैठक सोमवार को संपन्न हुई। बैठक की जानकारी देते हुए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सभी नागरिकों से नियमितीकरण योजना के प्रारूप का अध्ययन कर, अपने सुझाव से सरकार को अवगत कराने की अपील की और यह भी कहा कि चैंबर द्वारा भी विभिन्न व्यापारिक व औद्योगिक संगठनों के साथ 7 दिसंबर को एक वृहद् बैठक का आयोजन किया जायेगा। जहां जनता से सुझाव लेकर, सभी सुझावों से सरकार को अवगत कराया जायेगा। ताकि राज्य में एक जनप्रिय नीति बन सके और अधिकाधिक लोग इस नीति से लाभान्वित हो सकें। राज्य में जारी पावरकट पर चिंता जताते हुए सदस्यों ने कहा कि किसी भी प्रदेश की आर्थिक उन्नति के लिए क़्वालिटी एवं क्वांटिटी विद्युत आपूर्ति की पर्याप्त उपलब्धता अनिवार्य है।

## पृष्ठ एक के शेष

**शराब के ठेके में बड़ा घोटाला...**

शराब बेचनेवाली मैन पावर सप्लाई कंपनियां कह रही है कि उन्हें ब्रांडेड शराब/बीयर की सप्लाई मिल ही नहीं रही तो टार्गेट मुताबिक बिक्री (सेल) कैसे करें? शराब के होलसेलर कहते हैं- ब्रांडेड कंपनियां मनोनुकूल शराब/बीयर की आपूर्ति ही नहीं कर रही और कंपनियां कहती हैं उन्हें माल सप्लाई का भुगतान ही नहीं हो रहा तो आगे सप्लाई करें कैसे? इस चुहे-बिल्ली और लूटपाट के खेल में झारखंड के सरकारी राजस्व का बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है।

**अपराधियों ने जेएमएम नेता सह...**

दी गई है। इसकी सत्यता का पता पुलिस द्वारा लगाया जा रहा है। मामला पर्सनल भी हो सकता है इसके लिए भी छानबीन की जा रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी में शामिल टीम शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा, टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस, ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह, टाइगर मोबाइल के जवान रोहित कुमार अनिल पासवान राकेश सिंह, संतन कुमार, नवलेश कुमार, रिंकू शुक्ला सहित अन्य टाइगर मोबाइल का जवान शामिल थे।

**रुपये के डिजिटलीकरण से ब्याज पर उधार...**

कहना है कि छोटे व्यवसायियों को व्यवसाय करना दिन पर दिन दूभर होता जा रहा है। इस बारे में आरबीआई ने बताया कि लेन-देन पर्सन टू पर्सन और पर्सन टू मर्चेंट दोनों हो सकते हैं। व्यापारिक स्थानों पर लगे क्यूआर कोड का उपयोग करके व्यापारियों को भुगतान किया जा सकता है। सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी या डिजिटल रुपया आरबीआई द्वारा जारी करेंसी नोटों का एक डिजिटल रूप है। डिजिटल करेंसी या रुपया पैसे का एक इलेक्ट्रॉनिक रूप है, जिसका उपयोग कांटेक्ट रहित लेन-देन में किया जा सकता है। केंद्रीय बजट 2022 पेश करते हुए, केंद्रीय वित्त मंत्री ने पहले घोषणा की थी कि केंद्रीय बैंक जल्द ही अपनी डिजिटल मुद्रा शुरू करेगा। इस प्रोजेक्ट के लिए आठ बैंकों को चुना गया है। पहले चरण में चार बैंक हैं। इनमें एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शामिल हैं। इसके बाद इसमें बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक इसमें शामिल होंगे। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत चार शहरों मुंबई, नयी दिल्ली, बेंगलुरु व भुवनेश्वर से होगी। इसके बाद इसका विस्तार अहमदाबाद, गंगटोक, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, कोचीन, लखनऊ, पटना व शिमला में होगा। इसका विस्तार धीरे-धीरे अन्य बैंकों के बीच भी होगा। कोई यदि चाहेगा तो इसे कागजी नोट में भी हासिल कर सकता है। रिजर्व बैंक ने डिजिटल करेंसी को दो कैटेगरी सीबीडीसी-डब्लू और सीबीडीसी-आर में बांटा है। सीबीडीसी-डब्लू मतलब होलसेल करेंसी और सीबीडीसी-आर का मतलब रिटेल करेंसी से है। लेकिन इन पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा।

## न्यूज गैलरी

### लैंगर के आस्ट्रेलियाई टीम को कायर कहनेवाले बयान पर भड़के कमिंस

**पर्थ (एजेंसी)।** टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को पूर्व कोच जस्टिन लैंगर को करारा जवाब देते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम में कोई कायर नहीं है और उनके इस तरह के बयान से वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का ध्यान नहीं भटकेगा। लैंगर ने पिछले सप्ताह ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को कायर बताया और कहा था कि कुछ खिलाड़ियों ने उनकी पीठ के पीछे जो किया और ड्रेसिंग रूम की बातें सार्वजनिक की, उससे उन्हें नफरत है। कमिंस ने पहले टेस्ट से पूर्व कहा कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम में कोई कायर नहीं है। कभी नहीं थी। उन्होंने कहा कि मैं निजी संवाद को कभी सार्वजनिक नहीं करता। कई बार मैदान से बाहर के मसलों पर फोकस होना निराशाजनक होता है लेकिन इससे हमारी टीम पर कोई असर नहीं पड़ेगा। गौर हो कि लैंगर ने इस साल फरवरी में मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था, क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उनके अनुबंध में दीर्घकालिन विस्तार से इनकार कर दिया था। लैंगर ने बाद में अपना बयान वापिस लेते हुए कहा था कि खिलाड़ी उनके छोटे भाई जैसे है।

### कनाडा ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर जीता पहला डेविस कप खिताब



**मलागा (एजेंसी)।** कनाडा ने डेनिस शापोवालोव और फेलिक्स ऑगर अलियासिमे की जीत की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराकर पहला डेविस कप खिताब अपने नाम किया। ऑगर अलियासिमे ने एलेक्स डि मिनॉर को 6-3, 6-4 से शिकस्त देकर अपनी टीम को विजयी अंक दिलाया। इससे पहले शापोवालोव ने थानासी कोकिनाकिस को 6-2, 6-4 से हराकर शुरूआत की।

### नेमार के बिना स्विटजरलैंड को हराकर अंतिम-16 में पहुंचा ब्राजील

**दोहा (एजेंसी)।** स्टार स्ट्राइकर नेमार के बिना उतरी ब्राजील फुटबॉल टीम ने विश्व कप के मुकाबले में स्विटजरलैंड को 1-0 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। बेहद उबाऊ पहले हाफ के बाद ब्राजील के लिए केसमिरो ने 83वें मिनट में गोल किया। पांच बार के चैम्पियन ब्राजील को अभी ग्रुप जी में आखिरी मुकाबला खेलना है, लेकिन टीम ने प्री क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। नेमार को पहले मैच में दाहिने टखने में चोट लगी थी और वह टीम होटल में ही इलाज करा रहे हैं। टीम डॉक्टरों ने अभी यह नहीं बताया है कि वह कब खेल सकेंगे या खेल सकेंगे भी या नहीं। इस जीत के बाद ब्राजील के दो मैचों में छह अंक है और स्विटरजलैंड के तीन अंक है। सर्बिया और कैमरून के एक एक अंक हैं जिन्होंने 3-3 से ड्रॉ खेला। स्विटजरलैंड को अगले चरण में पहुंचने के लिए अगले मैच में सर्बिया को हराना होगा। ब्राजील और कैमरून के बीच मैच पर निर्भर होगा कि मैच ड्रॉ होने पर भी स्विस टीम अगले चरण में पहुंच पाएगी या नहीं। स्विट्जरलैंड ने इस साल नेशंस लीग में पुर्तगाल और स्पेन को हराया है। पिछले साल इस टीम ने यूरोपीय चैम्पियनशिप में विश्व चैम्पियन फ्रांस को बाहर का रास्ता दिखाया था। टीम अपने विश्व कप क्वालीफाइंग ग्रुप में यूरो 2020 विजेता इटली से ऊपर रही थी।

# सऊदी अरब के खिलाफ मेक्सिको के लिए करो या मरो का मुकाबला



**कतर (एजेंसी)।** पिछले 44 साल में पहली बार ग्रुप चरण से बाहर होने से बचने के लिए मेक्सिको को विश्व कप फुटबॉल में ग्रुप सी के अपने आखिरी मैच में बुधवार को सउदी अरब को हर हालत में हराना होगा और दूसरे मैच का नतीजा भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी। मेक्सिको पिछले सात विश्व कप में प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है, लेकिन इस बार ग्रुप सी में अंकतालिका में सबसे नीचे है। उसे लुसैल स्टेडियम पर बुधवार को होनेवाला मैच हर हालत में जीतना होगा। मेक्सिको आखिरी बार 1978 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर हुआ था। उसे जीत दर्ज करने के अलावा यह दुआ भी करनी होगी कि लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना टीम पोलैंड से हार जाए। अगर मेक्सिको जीत जाता है और अर्जेंटीना भी अपना मैच जीत जाता है तो फैसला गोल औसत के आधार पर होगा। मेक्सिको ने अभी तक इस विश्व कप में एक भी गोल नहीं किया है। फॉरवर्ड हेनरी मार्टिन ने कहा कि अगले मैच में हमारे पास ज्यादा मौके नहीं है। हमें हर मौका भुनाना होगा। हम दूसरे मैचों पर निर्भर नहीं रहना चाहते। मेक्सिको और पोलैंड के बीच पहला मैच गोलरहित ड्रॉ रहा था जबकि दूसरे मैच में अर्जेंटीना ने उसे 2-0 से मात दी थी। मेक्सिको 1982 में स्पेन में हुए विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका जबकि 1990 में इटली में विश्व कप में उस पर प्रतिबंध लगा था क्योंकि उसने कोंकाकाफ अंडर 20 टूर्नामेंट में अधिक उम्र के खिलाड़ियों को उतारा था।

# हेगले ओवल में पहली बार वनडे मैच खेलेगा भारत

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड और भारत के बीच श्रृंखला का तीसरा और अंतिम वनडे मैच क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में खेला जाएगा। पहला मैच जीतने के बाद न्यूजीलैंड ने श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ली हुई है जबकि हैमिल्टन में दूसरा मैच बारिश में धुल गया था। केवल एक मैच शेष बचा है और भारतीय टीम हर हार में जीत दर्ज करते हुए सीरीज ड्रॉ करवाना चाहेगी। लेकिन मौसम बड़ा कारक होगा। यह पहली बार होगा जब भारत हेगले ओवल में वनडे मैच खेलेगा। दूसरी और मेजबान न्यूजीलैंड ने इस स्थान पर कुल 11 एक दिवसीय मैच खेले हैं जिसमें 10 जीते और सिर्फ एक हारा हैं। टॉम लेथम और कप्तान केन विलियमसन के बीच चौथे विकेट के लिए नाबाद 221 रन की साझेदारी के कारण न्यूजीलैंड ने पहला गेम सात विकेट से जीता, जबकि भारतीय गेंदबाज संघर्ष करते दिखे थे। शिखर धवन एंड कंपनी को अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। पहले मैच के दौरान मेजबानों ने दिखाया कि वे सर्वश्रेष्ठ क्यों हैं और मेन इन ब्लू को इस खेल के लिए अपने कड़ी मेहनत की आवश्यकता होगी। टी-20 इंटरनेशनल श्रृंखला में 1-0 की जीत के बाद वनडे श्रृंखला को बराबर करना भारतीय पक्ष के लिए मनोबल बढ़ाने वाला होगा जो कि उसके वरिष्ठ खिलाड़ियों के बिना खेल रहे हैं। बुधवार 30 नवम्बर को तापमान 18 डिग्री के उच्च स्तर पर पहुंच जाएगा। भारत के न्यूजीलैंड के पूरे दौरे में मौसम ने एक प्रमुख कारक की भूमिका निभाई है और बुधवार कोई अपवाद नहीं होगा। खेल के दिन 0.9 एमएम की तीव्रता के साथ एक घंटे की बारिश का अनुमान है।92 प्रतिशत क्लाउड कवर और 7 प्रतिशत गरज के साथ बारिश का जोखिम भी होगा।

### मेरा लक्ष्य टीम के लिए विकेट लेना है, लेकिन मौसम हमारे हाथ में नहीं : अर्शदीप

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड और भारत के बीच टी-20 और वनडे सीरीज उतनी रोमांचक नहीं रही, जितनी लोगों ने उम्मीद की थी। दौरे में अब तक खेले गए पांच मैचों में से तीन मैच बारिश से प्रभावित हुए हैं।



पहला टी-20 भी बारिश के कारण धुला, जबकि तीसरा बारिश के कारण टाई हुआ जिससे भारत टी-20 सीरीज 1-0 से जीत पाया, लेकिन वनडे सीरीज में भारत पिछड़ने की कगार पर है। टीम इंडिया न्यूजीलैंड दौरे के अंतिम मैच के लिए कमर कस रही है। टीम को सीरीज ड्रा करवाने की चुनौती है, लेकिन क्राइस्टचर्च में होने वाले मैच में बारिश की संभावना है। वहीं तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह विकेट चटकाने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि अगर बारिश होती है तो फिर उनका कोई नियंत्रण नहीं रहेगा। उन्होंने न्यूजीलैंड में मौसम के बारे में अपने विचार प्रकट किए। अर्शदीप ने कहा कि देखिए...मौसम हमारे हाथ में नहीं है, मौसम एक ऐसी चीज है जिसे हम नियंत्रित नहीं कर सकते। इसलिए यह जरूरी है कि जब भी हमें मौका मिले हम अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाएं।

### रंग-बिरंगा ध्वज लिये मैदान में दौड़ा दर्शक

**लुसैल/कतर (एजेंसी)।** पुर्तगाल और उरूग्वे के बीच विश्व कप फुटबॉल मैच के दौरान एक दर्शक रंग-बिरंगा ध्वज लिए मैदान पर उतर पड़ा जिसने सुपरमैन वाली नीली टीशर्ट पहन रखी थी जिस पर लिखा था, 'सेव यूक्रेन'। सुरक्षा अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया और बाहर ले गए। इससे पहले उसने झंडा जमीन पर रख दिया था। रैफरी ने बाद में झंडा उठाकर साइड में रखा जहां से कर्मचारी उसे उठाकर ले गए। उस व्यक्ति की टीशर्ट के पीछे लिखा था, ईरानी महिलाओं के लिए सम्मान। टूर्नामेंट के पहले सप्ताह में सात यूरोपीय टीमों को रंग बिरंगा वन लव आर्मबैंड पहनने की अनुमति नहीं दी गई। कुछ प्रशंसकों ने शिकायत की कि उन्हें एलजीबीटीक्यू अधिकारों की परिचायक रंग बिरंगी चीजें मैदान में ले जाने की अनुमति नहीं मिल रही है।

### आकाश चोपड़ा बोले-

# सैमसन को प्लेइंग इलेवन में मौका देना चाहिए, नहीं तो खूब आलोचना होगी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आकाश चोपड़ा को लगता है कि भारत को



न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम वनडे में संजू सैमसन जैसे खिलाड़ी खिलाना चाहिए, जो बांग्लादेश के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम का हिस्सा नहीं हैं। तीन मैचों की वनडे सीरीज का अंतिम मैच बुधवार, 30 नवम्बर को क्राइस्टचर्च में खेला जायेगा। कीवी टीम ने पहला मैच सात विकेट से जीतकर सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है, जबकि दूसरा मैच बारिश के कारण नतीजा नहीं निकला।

अपने यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए चोपड़ा ने कहा कि भारत को आखिरी वनडे मैच में कुलदीप यादव, उमरान मलिक, दीपक हुड्डा और सैमसन को मौका चाहिए। उन्होंने कहा कि एक मैच कुलदीप को दो, उमरान मलिक को भी जरूर खिलाओ। दीपक हुड्डा को भी शामिल करो, लेकिन संजू सैमसन को भी प्लेइंग इलेवन में शामिल करने की कोशिश करो। अगर आप संजू सैमसन को मौका नहीं देते हैं, तो आपकी बहुत आलोचना होगी, अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो फिर सुनने के लिए तैयार रहें। हालांकि, चोपड़ा ने टीम प्रबंधन के लिए चयन पहेली को स्वीकार किया कि क्या वे सैमसन और हुड्डा दोनों को खिलाना चाहते हैं। पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने कहा कि लेकिन अगर आप उसे (सैमसन) खिलाते हैं, तो आप दीपक हुड्डा को कैसे मौका देंगे? अगर आप उसे भी शामिल करते हैं, तो आप ऋषभ पंत को नहीं शामिल कर पायेंगे। आप क्या करेंगे? आप अगली सीरीज में सूर्यकुमार यादव को आराम दे रहे हैं। इसलिए उसे यहां आराम करने की कोई आवश्यकता नहीं है, वैसे भी वह खराब दौर में नहीं है, यह सब खेलने के लिए है। हुड्डा को छठा गेंदबाजी विकल्प मानकर कीवी के खिलाफ दूसरे वनडे मैच सैमसन की जगह प्लेइंग इलेवन में रखा गया था। 50 ओवर के क्रिकेट में मेन इन ब्लू के लिए केरल के बल्लेबाज के शानदार हालिया प्रदर्शन को देखते हुए इस फैसले की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई।

चोपड़ा को उम्मीद है कि शुभमन गिल और शिखर धवन शीर्ष क्रम में अपना अच्छा काम जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि शुभमन गिल बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं और शिखर धवन वैसे भी अच्छा खेलते हैं, उन्होंने पहले मैच में अच्छा खेला था और उनसे तीसरे मैच में भी अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी। साथ ही उनको उम्मीद है कि ऋषभ पंत बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि ऋषभ पंत को रन बनाने चाहिए नहीं तो काफी हंगामा होगा, क्योंकि जब वह रन नहीं बनाते हैं तो काफी हंगामा होता है। जब वह रन बनाते हैं तो काफी जश्न भी होता है। वह हंगामे और हंगामा के बीच के सफर को कवर करते हैं। चोपड़ा चाहते हैं कि भारत अंतिम वनडे मैच में टॉस जीतने पर लक्ष्य का पीछा करने का विकल्प चुनकर खुद पर थोड़ा दबाव बनाये। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज को लगता है कि केन विलियमसन एंड कंपनी के पास सीरीज जीतने का मौका है।

### बीसीसीआई के निशाने पर रोहित

# रिटायर होने के लिए नहीं कहेंगे, लेकिन हार्दिक को बनाया जा सकता है कप्तान



**मुंबई (एजेंसी)।** इसमें कोई शक नहीं कि 2024 में होनेवाले आईसीसी टी-20 विश्व कप टूर्नामेंट में हमें कुछ वो दिग्गज टीम में नजर नहीं आएंगे जो इस बार ऑस्ट्रेलिया में हुए टूर्नामेंट में दिखाई दिए। रोहित शर्मा फिलहाल तीनों फॉर्मेट के कप्तान हैं, लेकिन आगामी समय में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) कप्तान बदलने के इरादे में है। साथ ही सीमित ओवरों व टेस्ट का कप्तान अलग-अलग करने की मांग भी कई देर से उठ रही है। अब इस बीच रोहित निशाने पर हैं, जिसका कारण उनकी ना सिर्फ बढ़ती उम्र है बल्कि भविष्य में टीम के लिए नए कप्तान को तैयार करना भी है।

**रिटायर होने के लिए नहीं कहेंगे :** सूत्रों के अनुसार, टी-20 विश्व कप के अभियान में जबर्दस्त ठहराव के बाद बीसीसीआई विशेष रूप से सबसे छोटे प्रारूप में टीम के भीतर बदलाव करने के लिए प्रबंधन के साथ बातचीत कर रहा है। बीसीसीआई के एक करीबी सूत्र ने बताया कि बीसीसीआई कभी किसी को रिटायर होने के लिए नहीं कहता। यह किसी भी खिलाड़ी का व्यक्तिगत निर्णय है। लेकिन हां, 2023 में कुछ ही टी-20 मैच होने हैं, ऐसे में ज्यादातर सीनियर्स वनडे और टेस्ट मैचों पर ध्यान देंगे। अगर आप नहीं चाहते हैं तो आपको रिटायर की घोषणा करने की जरूरत नहीं है। आप अगले साल ज्यादातर सीनियर्स को टी-20 खेलते हुए नहीं देख पाएंगे।

**इसे बनाया जा सकता है कप्तान :** हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 1-0 से टी-20 सीरीज जीती। कई रिपोर्टों के अनुसार, बीसीसीआई सभी प्रारूपों में अलग-अलग कप्तान रखने के अंग्रेजी क्रिकेट टेम्पलेट का पालन करने के विचार पर विचार कर रहा है। प्रबंधन का मानना है कि टीम को क्रिकेट की आक्रामक शैली को विकसित करना चाहिए, जिसे हार्दिक समझते हैं। हार्दिक को टीम के कप्तान के रूप में जिम्मेदारी मिल सकती है, बीसीसीआई भी वरिष्ठ खिलाड़ियों को टीम से बाहर करने का इरादा कर रहा है।

### उज्बेकिस्तान को हराकर चीन बना विश्व शतरंज चैम्पियन

**येरूशलम/इजराइल (एजेंसी)।** 2018 के फीडे विश्व शतरंज ओलंपियाड विजेता चीन नें एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय शतरंज में धमाकेदार वापसी करते हुए विश्व टीम शतरंज चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है । बड़ी बात यह रही की चीन अपने सभी प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भी यह खिताब जीतने में कामयाब रहा। चीन की टीम नें फाइनल में उज्बेकिस्तान को लगातार दो मुकाबलों में 2.5-1.5 से पराजित करते हुए खियात्ब अपने नाम किया, चीन के फाइनल मुकाबले जीतने में जिंसी बाई और ली डी नें मुख्य भूमिका निभाई, इस प्रकार चीन स्वर्ण पदक तो उज्बेकिस्तान रजत पदक जीतने में कामयाब रहा। वहीं भारत कांस्य पदक का मुकाबला स्पेन से हार गया , दोनों के बीच हुए बेस्ट ऑफ 2 के मुकाबले 2-2 से बेनतीजा रहे और ऐसे में परिणाम टाईब्रेक से तय किया गया,जिसमें पहले बोर्ड पर विदित गुजराती को संटोस लताशा नें तो दूसरे बोर्ड पर निहाल सरीन को अंटोन डेविड नें पराजित करते हुए स्पेन को 3-1 से जीत दिला दी।

# न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डोल ने बताया पंत और सैमसन में कौन है बेहतर

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट में



बहुचर्चित बहसों में से एक सीमित ओवरों के प्रारूप में विकेटकीपर बल्लेबाज स्लॉट के बारे में रही है। टी-20 विश्व कप 2022 में भारत ने टूर्नामेंट के पहले भाग के लिए अनुभवी दिनेश कार्तिक को आजमाया और फिर अंतिम दो मैचों में ऋषभ पंत को प्लेइंग-11 में जगह दी। दोनों महत्वपूर्ण चरणों में प्रभाव छोड़ने में विफल रहे, हालांकि चयनकर्ताओं ने न्यूजीलैंड श्रृंखला के लिए पंत को जारी रखा जो अभी तक फलदायी नहीं रहा है। हालांकि, लोग लगातार संजू सैमसन को मौका देने की बात कर रहे हैं जिन्हें बार-बार अंदेखा किया जा रहा है। वहीं, इस पर बोलते हुए न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डोल ने महसूस किया कि जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ अपने धमाकेदार शतक को छोड़कर एक दिवसीय प्रारूप में पंत प्रभावशाली नहीं रहे हैं। डोल ने कहा, 'ऋषभ पंत का रिकॉर्ड एक अच्छा नमूना आकार है। उन्होंने सिर्फ 30 गेम खेले हैं और केवल 35 का औसत है, स्ट्राइक रेट अच्छा है। लेकिन 11 मैचों में संजू का औसत 60 का है और मुझे नहीं लगता कि वह किसी से कम नहीं है। मुझे लगता है कि वह भी एक अवसर का हकदार है।

उन्होंने कहा, 'ऋषभ पंत बनाम संजू सैमसन की बहस मेरे लिए एक दिलचस्प है। ऋषभ पंत के बारे में बहुत सारी बातें हैं और वह भविष्य में कैसे होगा। लेकिन सीमित ओवरों के प्रारूप में, उन्होंने ऐसा नहीं किया है। अविश्वसनीय टेस्ट खिलाड़ी और वह टेस्ट में विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में अच्छा है, इससे कोई समस्या नहीं है? लेकिन क्या वह सबसे अच्छा सफेद गेंद कीपर बल्लेबाज है? मैं आश्वस्त नहीं हूं। गौर हो कि न्यूजीलैंड दौरे के दौरान भी संजू सैमसन को मौका नहीं मिला है। उन्होंने सिर्फ पहला मैच खेला जिसमें उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन उन्हें बारिश के कारण रद्द हुए दूसरे मैच में मौका नहीं मिला। अब देखना होगा कि वह तीसरे मैच में जगह बना पाते हैं या नहीं जो बुधवार 30 नवम्बर को खेला जायेगा। भारतीय टीम सीनियर खिलाड़ियों के बिना इस समय न्यूजीलैंड में है। भारत ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी में टी-20 सीरीज 1-0 से अपने नाम की जबकि वनडे की कप्तानी कर रहे शिखर धवन तीसरे मैच में जीत दर्ज करने के साथ सीरीज को 1-1 से ड्रॉ करना चाहेंगे।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम की घोषणा

### ○ अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां होनेवाले पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 की घोषणा की है। कमिंस ने टेस्ट टीम में एक बदलाव की पुष्टि की है। जुलाई में गाले में श्रीलंका के हाथों ऑस्ट्रेलिया की निराशाजनक हार के बाद अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया के लाइन-अप में वापस आ गए हैं। मिचेल स्वेपसन को वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंख्ला के लिए नहीं चुना गया जिन्होंने तीन विकेट के लिए 103 रन दिए थे। अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और उस्मान ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा है, बाएं हाथ के



मार्कस हैरिस श्रृंखला के लिए टीम में वापस बुलाए जाने के बावजूद चयन से चूक गए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला अगले साल के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों के लिए महत्वपूर्ण है। कमिंस की टीम वर्तमान में व्यस्त आगामी कार्यक्रम से पहले स्टैंडिंग में शीर्ष पर है। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के बाद ऑस्ट्रेलिया ने भारत में चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला शुरू करने से पहले वर्ष के अंत में तीन टेस्ट के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करनी है जो उनकी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप भाग्य का फैसला कर सकती है।

#### वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई प्लेइंग-11

**डेविड** वार्नर, उस्मान ख्वाजा, मारनस लेबुस्चगने, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, कैमरन ग्रीन, एलेक्स केरी, पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन।

### टिम साउदी ने केंद्रीय अनुबंध से हटने को लेकर दिया जवाब, कहा- बहुत आगे का नहीं सोचा

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउथी ने संकेत दिया है कि वह निकट भविष्य में केंद्रीय अनुबंध से हटने पर विचार कर सकते हैं। इस बहस ने मार्टिन गप्टिल के बाद बहुत ध्यान आकर्षित किया है जिन्हें काफी समय से किनारे पर रखा गया था और अंततः 23 नवंबर को ब्लैक कैप्स द्वारा उन्हें रिलीज पर दिया गया था। गुप्टिल ही नहीं बल्कि ट्रेंट बोल्ट और कॉलिन डी ग्रैंडहोम भी हाल ही में न्यूजीलैंड के केंद्रीय अनुबंध से मुक्त हुए थे। इसने इन खिलाड़ियों के लिए विदेशी घरेलू टी-20 लीग में खेलने के अवसर तलाशने के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। साउथी एक क्रिकेटर के रूप में अपने भविष्य को लेकर अनिश्चित हैं और उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया है कि वह न्यूजीलैंड के लिए खेलना जारी रखना चाहते हैं या अपने अंतरराष्ट्रीय करियर पर विराम लगाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मैंने बहुत आगे का नहीं सोचा है। साउथी ने कहा, 'आने वाले महीनों में बहुत आगे देखने से पहले चिंता करने के लिए पर्याप्त क्रिकेट है, लेकिन यह कुछ ऐसा है जिसके साथ सभी खिलाड़ी बने रहने और खेल के बदलते परिदृश्य के बारे में सोचने की कोशिश कर रहे हैं।'

